सूर्योदय प्रातः 5:02 सूर्यास्त संध्या 6:30 पखवाड़ा ज्येष्ठ कृ . द्वितीया, संवत 2083 तापमान अधिकतम 33° न्यूनतम 23°



# फ्रीडम फाइटर



राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, मंगलवार, 02 जून 2026, वर्ष : 17, अंक : 108, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,267.34 | -508.40 (-0.68%) |
| निफ्टी | 23,382.60 | -165.15 (-0.70%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,51,940.00 |
| चांदी | 2900.00 |

## एक झलक

### राष्ट्रपति 200 आदिवासी छात्रवृत्ति लाभार्थियों से करेंगी संवाद

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रव्यापी समारोह 'जनजातीय गरिमा उत्सव' के हिस्से के रूप में, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में जनजातीय मामलों के मंत्रालय की प्रमुख केंद्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति योजनाओं के लगभग 200 आदिवासी छात्र से जल्द ही एक विशेष संवादात्मक बैठक में संवाद करेंगी। जनजातीय मामलों के मंत्रालय के अनुसार यह संवाद 'बिरसा लाइव्स इन न्यू भारत वीक' के दौरान आयोजित किया गया है, जो 25 मई से 02 जून 2026 तक भगवान बिरसा मुंडा की प्रेरणादायक विरासत की स्मृति में मनाया जा रहा है। जबकि, राष्ट्रव्यापी 'जनजातीय गरिमा उत्सव' 10 मई से 9 जून 2026 तक जारी रहेगा।, यह संवाद शिक्षा सशक्तीकरण, सामाजिक समावेशन और राष्ट्र निर्माण के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगा।

### गैस लीक से तीन की मौत व दो की हालत गम्भीर

**चंडीगढ़** : पंजाब के लुधियाना में रविवार की रात एक फैक्टरी में गैस लीक होने से पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो अन्यों की हालत गम्भीर बनी हुई है। इस घटना के बारे में पुलिस तथा सिविल प्रशासन को सोमवार की सुबह करीब 10 बजे सूचित किया गया। इसके बाद पुलिस तथा सिविल प्रशासन के अधिकारी फायर ब्रिगेड व एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंच गये। एफएसएल टीमों की रिपोर्ट के आधार पर गैस रिसाव का कारण पता लगाया जा रहा है।

### बंगाल में महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा लागू

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार से राज्यभर में महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा लागू कर दी । सरकार की घोषणा के अनुसार अब महिला यात्रियों को सरकारी बसों में सफर के लिए कोई किराया नहीं देना होगा। बस में चढ़ने पर उन्हें 'शून्य किराया' का टिकट जारी किया जा रहा है। यह सुविधा राज्य के सभी क्षेत्रों में उपलब्ध है और सामान्य मार्गों के साथ-साथ लंबी दूरी की बसों में भी लागू की गयी है।

## अंदर के पन्नों पर

3 जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ...

5 रेड डॉट चैलेंज के जरिये मासिक धर्म स्वच्छता...

7 लम्बित मामलों के शीघ्र निष्पादन के दिये निर्देश...

9 भारत ने श्रमिकों, किसानों, एमएसएमई के लिए...

10 इन पांच कारणों से हमेशा याद रखा जायेगा आईपीएल...

## कार्टून कोना




### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की हुई समीक्षात्मक बैठक

# कौशल विकास कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनायें : हेमन्त

- विभाग की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं पहलों की अद्यतन प्रगति की हुई विस्तृत समीक्षा



- मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लाभुकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद कर योजना से प्राप्त ऋण, व्यवसाय संचालन, आय एवं बैंकिंग सहयोग की स्थिति की ली जानकारी
- मुख्यमंत्री ने आवासीय एवं एकलव्य विद्यालयों की समीक्षा कर बेहतर शैक्षणिक माहौल व सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड मंत्रालय, रांची में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं पहलों की अद्यतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयी। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति, प्रमुख उपलब्धियों, चुनौतियों तथा भावी कार्ययोजना से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने योजनाओं के प्रभावी एवं परिणामोन्मुख संचालन पर विशेष बल देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी, समयबद्ध एवं लक्ष्य-आधारित ढंग से सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता यह है कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर रहे व्यक्ति तक पहुंचे तथा कोई भी पात्र लाभुक इन योजनाओं से वंचित न रहे। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु उन्होंने विभागीय स्तर पर आपसी समन्वय को और सुदृढ़ करने, योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चत करने तथा जमीनी स्तर पर गुणवत्ता बनाये रखने के निर्देश दिये।

उक्त बैठक के दौरान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न प्रमुख योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में ई-कल्याण पोर्टल के संचालन एवं उसकी प्रभावशीलता, प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत लाभुकों को दी जा रही सहायता, मरांग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा हेतु प्रदान की जा रहीं सुविधाओं, साइकिल वितरण योजना की प्रगति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत स्वरोजगार को बढ़ावा देने के प्रयासों तथा परीक्षा शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के क्रियान्वयन की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस दौरान योजनाओं की वर्तमान प्रगति, लाभुकों की संख्या, क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों तथा उनके समाधान के उपायों पर भी विस्तार से समीक्षा की गयी।

**मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना पर विशेष जोर**

**मुख्यमंत्री** हेमन्त सोरेन ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभान्वित लाभुकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने लाभुकों से योजना के अंतर्गत प्राप्त ऋण, संचालित व्यवसाय, उससे हो रही आय, रोजगार सृजन की स्थिति तथा बैंकिंग प्रक्रियाओं से सम्बन्धित अनुभवों की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से यह जानने का प्रयास किया कि लाभुकों को व्यवसाय संचालन में किसी प्रकार की कठिनाई तो नहीं हो रही है तथा बैंकिंग संस्थानों द्वारा उन्हें समुचित सहयोग मिल रहा है या नहीं।

संवाद के दौरान लाभुकों ने योजना के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना उनके लिए आत्मनिर्भर बनने का एक सशक्त माध्यम साबित हुई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्वरोजगार स्थापित कर न केवल अपनी आजीविका सुदृढ़ कर रहे हैं, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि योजना के अंतर्गत प्राप्त लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाये, ताकि पात्र लाभुकों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। साथ ही, उन्होंने लाभुकों के लिए नियमित प्रशिक्षण की व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर दिया, जिससे वे अपने व्यवसाय को बेहतर ढंग से संचालित कर सकें।

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने लाभुकों से निरन्तर संवाद एवं फीडबैक प्राप्त करने के उद्देश्य से कॉल सेंटर स्थापित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के माध्यम से लाभुकों की समस्याओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा सकेगी तथा आवश्यकतानुसार उन्हें मार्गदर्शन एवं सहायता भी उपलब्ध कराया जा सकेगा, जिससे योजना का क्रियान्वयन और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख हो सके। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## विभागीय कार्यप्रणाली, योजनाओं की अद्यतन प्रगति एवं लम्बित मामलों की हुई विस्तृत समीक्षा

- राज्य में भूमि अभिलेखों के व्यापक डिजिटलीकरण के निर्देश, नागरिकों को भूमि क्रय से पूर्व पूरी जानकारी उपलब्ध कराने की पहल



**रांची** : झारखंड मंत्रालय, रांची में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में परिवहन विभाग तथा राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में विभागीय कार्यप्रणाली, योजनाओं की अद्यतन प्रगति एवं लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गयी। मुख्यमंत्री ने आमजन को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवाएं सुनिश्चित करने पर विशेष बल देते हुए कहा कि सभी विभाग अपनी सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने हेतु तकनीक का व्यापक उपयोग करें। उन्होंने परिवहन सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा भूमि सम्बन्धी मामलों के त्वरित निष्पादन को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये। ● शेष पृष्ठ 11 पर

- मुख्यमंत्री ने खासमहल भूमि से सम्बन्धित लीज नवीनीकरण, हस्तांतरण एवं उपयोग परिवर्तन की प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाने के साथ-साथ सभी लीजधारकों की मैपिंग एवं दस्तावेजों के पुनः सत्यापन के दिये निर्देश
- पंचायत स्तर पर कैम्प लगा कर ड्राइविंग लाइसेंस निर्गत करने की व्यवस्था, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत बेहतर रोड नेटवर्क और रूट चार्ट तैयार करने पर जोर
- सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु आईडीटीआर, निरीक्षण केन्द्र, गुड सेमेरिटन एवं हिट एंड रन योजनाओं की समीक्षा, 'गुरुजी आपातकालीन सेवा-1944' को शीघ्र लागू करने के निर्देश

## जेईई एडवांस्ड-2026 की परीक्षा में 56,880 अभ्यर्थी सफल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की ने आज संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड-2026 का परिणाम घोषित कर दिया। इस वर्ष परीक्षा में दिल्ली जोन के शुभम कुमार ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर दिल्ली जोन के कबीर छिल्लर रहे, जिन्होंने 329 अंक प्राप्त किये, जबकि जतिन चाहर 319 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इस तरह शीर्ष तीनों स्थानों पर दिल्ली जोन के अभ्यर्थियों का कब्जा रहा।

**टॉप थ्री पर दिल्ली जोन के शुभम, कबीर व जतिन**

### रांची के शौर्य शेखर बने स्टेट टॉपर



**रांची** के छात्र शौर्य शेखर ने (जेईई) एडवांस्ड-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया रैंक 414 हासिल की है और झारखंड के स्टेट टॉपर बने हैं। वहीं स्नेहल राज सिंह ने 635 प्राप्त कर राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया है।

## टीएमसी ने ऋतब्रत और संदीपन को पार्टी से निकाला

**कोलकाता** : तृणमूल कांग्रेस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अपने दो विधायकों को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। इन विधायकों के नाम संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी हैं। तृणमूल ने दोनों पर पार्टी-विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाते हुए यह कार्रवाई की है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, निष्कासन की जानकारी दोनों नेताओं को ईमेल और व्हाट्सऐप के माध्यम से सूचित कर दी गयी है। साथ ह,ी इस सम्बन्ध में विधानसभा अध्यक्ष रथींद्र बसु को भी जानकारी दे दी गयी है।

## 61 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन से 61 किलो गांजा बरामद किया है। मामले में तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। आरपीएफ से सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार, ऑपरेशन नारकोस के तहत रांची आरपीएफ फ्लाइंग टीम, आरपीएफ पोस्ट एवं आरपीएफ की अपराध शाखा ने यह कार्रवाई की है। आरपीएफ के अधिकारियों ने बताया कि रांची रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान ट्रेन संख्या 18309 संबलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस के कोच संख्या बी-3 में तीन संदिग्ध व्यक्तियों को चार ट्रॉली बैग एवं तीन पिट्ठू बैग के साथ पाया गया। पूछताछ के दौरान उन्होंने बैगों में गांजा होने की बात स्वीकार की। ट्रेन के रवाना होने पर सभी संदिग्धों को उनके सामान सहित नामकुम रेलवे स्टेशन पर उतारकर विधिसम्मत जांच की गयी। इस कार्रवाई में इंस्पेक्टर शिशुपाल कुमार, इंस्पेक्टर लालबहादुर, एएसआई योगेंद्र कुमार, एएसआई अनिल कुमार, एएसआई अभिषेक कुमार, स्टाफ ए.जे. अंसारी, आर.के. सिंह, हेमंत तथा छोटे कुमार सिंह शामिल थे।



## गुजरात में 05 लाख की रिश्वत मामले में क्लास-1 अधिकारी गिरफ्तार

**एजेंसी**



**गांधीनगर** : गुजरात के गांधीनगर में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने ऊर्जा विभाग के विद्युत निरीक्षण कार्यालय के क्लास-1 अधिकारी अश्विन बी. चौधरी को पांच लाख रुपये की रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद उनके विभिन्न ठिकानों पर हुई छापेमारी में 2.64 करोड़ से अधिक की बेहिसाबी सम्पत्ति बरामद हुई है। एसीबी की निदेशक भारती पंड्या ने बताया कि एसीबी फील्ड-3 के पीआई पी.एन. खोखरा को सूचना मिली थी कि गांधीनगर स्थित उद्योग भवन कार्यालय में कार्यरत मुख्य विद्युत निरीक्षक अश्विन बी. चौधरी सोलर प्रोजेक्ट से जुड़े मामलों में स्थल निरीक्षण किए बिना ही एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) जारी करते हैं और इसके बदले बड़े पैमाने पर रिश्वत लेते हैं। सूचना में यह भी बताया गया था कि चौधरी रिश्वत के रूप में प्राप्त रकम प्रतिदिन अपनी सरकारी स्विफ्ट डिजायर कार में लेकर घर जाते हैं।

## भारत में 'दिव्यास्त्र' ड्रोन बनाने का रास्ता साफ, दिव्यास्त्र मार्क-1 का भरोसेमंद प्रदर्शन

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : अब भारत में 'दिव्यास्त्र' ड्रोन बनाने का रास्ता साफ हो गया है, क्योंकि ऑपरेशन सिन्दूर के बाद जरूरतों को देखते हुए लॉन्ग रेंज ड्रोन विकसित करने की कोशिशों में भारत को बड़ी सफलता मिली है। भारत के स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम को बढ़ावा देते हुए उत्तर प्रदेश के लखनऊ की डिफेंस स्टार्टअप कम्पनी होवरइट ने दिव्यास्त्र मार्क-1 विकसित करके सफल परीक्षण भी कर लिया है। राजस्थान के जोधपुर में 50 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रेगिस्तानी तापमान और तेज हवाओं में टेस्ट किए जाने पर इस प्लेटफॉर्म ने मुश्किल फील्ड स्थितियों में भी भरोसेमंद प्रदर्शन दिखाया। कम्पनी के अनुसार दिव्यास्त्र मार्क-1 ने अपने ऑपरेशनल प्रदर्शन सफलतापूर्वक पूरे किये, जिसमें वाहन पर लगे मोबाइल लॉन्चर से कई लॉन्च, लाइव आईएसआर मिशन और टर्मिनल अटैक प्रोफाइल शामिल थे। इस प्रदर्शन के हिस्से के तौर पर दिव्यास्त्र मार्क-1 यूएवी को एक वाहन पर लगे मोबाइल लॉन्चर से कई बार सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया।



- जोधपुर में 50 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रेगिस्तानी तापमान में मोबाइल लॉन्चर से किया गया परीक्षण

## पश्चिम बंगाल में मंत्रिमंडल विस्तार, 35 मंत्रियों ने ली शपथ

**एजेंसी**

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल की नवनिर्वाचित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के मंत्रिमंडल का सोमवार को पहला बड़ा विस्तार हुआ। लोक भवन में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल आर.एन. रवि ने 35 नये मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। मंत्रिमंडल विस्तार में 13 नेताओं को कैबिनेट मंत्री, तीन नेताओं को स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्य मंत्री तथा 19 नेताओं को राज्य मंत्री बनाया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्रियों की कुल संख्या बढ़कर 41 हो गयी है। समारोह की शुरुआत वंदे मातरम् और राष्ट्रीय गान के साथ हुई थी।

**ये बने कैबिनेट मंत्री**

दीपक बर्मन, तापस राय, डॉ. शंकर घोष, मनोज कुमार उरांव, अर्जुन सिंह, गौरी शंकर घोष, स्वपन दासगुप्ता, जगन्नाथ चट्टोपाध्याय, कल्याण चक्रवर्ती, अजय पोद्दार, शारद्वत मुखर्जी, दुध कुमार मंडल, अनूप कुमार दास आदि के नाम शामिल हैं।

### अनदेखी के कारण आदिवासी कल्याण अस्पताल के औचित्य पर उठ रहे सवाल

# ...तो फिर अपना इलाज कराने कहां जायें गरीब आदिवासी?

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची के टिगरा और दुमका के गांदो में विगत छह वर्षों से संचालित आदिवासी कल्याण अस्पताल में आज ताला लटका हुआ है। यह अस्पताल जनजातीय समुदाय को ध्यान में रख कर आदिवासी कल्याण की दिशा एक जीवन रक्षक योजना का हिस्सा है। कल्याण अस्पताल में इलाज, भर्ती, सभी टेस्ट, सभी दवाएं निःशुल्क होते हैं। सभी 16 कल्याण अस्पताल शहर से दूर सुदूर क्षेत्रों के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में मेसो योजना के अंतर्गत पीपीपी स्वरूप में चलते हैं।

ज्ञातव्य है कि TRY नाम की संस्था उक्त दोनों अस्पताल का संचालन करती थी। उसका विभाग में जमा बैंक गारंटी फर्जी पाया गया और उसको अस्पताल संचालन से रोक कर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी।

लेकिन, अस्पताल संचालन के लिए किसी भी संस्था को निर्देशित नहीं किया गया और बाबू लोग इसको फाइल-फाइल खेलाते रह गये हैं। अस्पताल संचालन के सिविल सर्जन (रांची एवं दुमका) को आदिवासी कल्याण आयुक्त ने पत्र के माध्यम से चलाने का आग्रह किया। यह पत्र अपने आप में अधूरा है, जिसमें भुगतान मद तथा और कई और तकनीकी बिन्दु नदारद हैं। ऐसे में अस्पताल का संचालन मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के मार्फत होना सम्भव नहीं है।




- अधिकारियों की अनदेखी का कोपभाजन बना आदिवासी कल्याण अस्पताल

कल्याण अस्पताल का संचालन कर रहीं संस्थाओं ने जन हित में इन अस्पतालों को अगली निविदा तक पूर्ववर्ती संस्था की दर पर चलाने का प्रस्ताव भी विभाग को समर्पित किया था। लेकिन, अधिकारियों की लालफीताशाही और जनजातीय समुदाय के साथ निष्ठुरतापूर्ण व्यवहार ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया।

सर्वविदित है कि सबसे ज्यादा लोग गर्मी और बरसात में बीमार पड़ते हैं और इस समय में आदिवासी कल्याण अस्पताल का बंद होना अति सोचनीय बात है।

प्रसंगवश, उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आदिवासी छात्रावास में निःशुल्क भोजन के लिए कैबिनेट में प्रस्ताव पास किया था। मुख्यमंत्री के बार-बार निर्देश देने के बावजूद सम्बन्धित अधिकारियों के कान पर जू तक नहीं रेंग रही। बार-बार निविदा निकाली जाती है, चयन भी किया जाता है, लेकिन उसके बाद पता नहीं ऐसा क्या हो जाता है कि निविदा ही रद्द हो जाती है। यह गम्भीर स्थिति है। सीएम के निर्देश के बाद भी यदि किसी योजना की अनदेखी होती है, तो यह चिन्ताजनक बात है।

## एक झलक

### महेशपुर प्रीमियर कैनवास बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 04 से

**अनगड़ा :** खान सपोर्टिंग महेशपुर द्वारा आयोजित महेशपुर प्रीमियर लीग कैनवास बाल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 4 जून से 7 जून तक महेशपुर मैदान में किया जा रहा है। फाइनल मुकाबला 7 जून को खेला जाएगा। प्रतिदिन शाम सात बजे से फलड लाइट में 4 मैच खेला जाएगा। आयोजन समिति आयोजनकर्ताओं ने बताया कि उद्घाटन मैच 4 जून की शाम 7 बजे से अनगड़ा और सिमलिया के बीच खेला जाएगा। चैंपियन टीम को 41 हजार नकद, उपविजेता को 31 हजार नकद व दोनों सेमीफाइनलिस्ट टीम को 11-11 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें शामिल है। प्रत्येक मैच 8-8 ओवरों का होगा।

### मयुख फैमिली रेस्टोरेंट का धनंजय कुमार पुटुस ने किया उद्घाटन



**रामगढ़ :** विधानसभा क्षेत्र के गोला रोड स्थित जीडी मार्बल्स के ऊपर नव स्थापित ¤मयुख फैमिली रेस्टोरेंट¤ का उद्घाटन सोमवार को भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस ने फीता काटकर किया। अवसर पर धनंजय कुमार पुटूस ने रेस्टोरेंट के संचालक मनोज माही को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रामगढ़ में आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का खुलना क्षेत्र के विकास और रोजगार सृजन की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं द्वारा किए जा रहे ऐसे प्रयास न केवल आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं, बल्कि लोगों को बेहतर सेवाएं भी उपलब्ध कराते हैं। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, व्यवसायी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने रेस्टोरेंट के संचालकों को बधाई देते हुए उनके सफल संचालन की शुभकामनाएं दीं। उद्घाटन समारोह में रामगढ़ के कई समाजसेवी और सामाजिक संगठन रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### जंगली हाथियों ने वार्ड सदस्य के घर को किया ध्वस्त, दूसरे के घर में काटी रात

**खूंटी :** जिले के ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। विशेषकर रनिया, मुरहू, कर्रा, तोरपा और अड़की प्रखंड के कई गांवों में लोग हर रात भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को विवश हैं। ताजा मामला रनिया प्रखंड के खटखुरा पंचायत अंतर्गत नरसिंह गांव का है, जहां रविवार रात दो जंगली हाथियों ने एक घर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। हालांकि ग्रामीणों की सतर्कता और सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया और परिवार के सभी सदस्य सुरक्षित बचा लिए गए। जानकारी के अनुसार, रविवार शाम से ही ग्रामीणों को गांव के समीप जंगल में दो जंगली हाथियों के विचरण की सूचना मिल गई थी। इसके बाद वार्ड सदस्य ममता केरकेट्टा और उनके पति नरेश केरकेट्टा के नेतृत्व में ग्रामीण गांव की सुरक्षा के लिए पहरा दे रहे थे। देर रात में हाथी गांव की ओर बढ़ने लगे। अंधेरा गहराने और हाथियों की चिंघाड़ से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। स्थिति बिगड़ती देख लोग अपने-अपने घरों की ओर भागे। इसी दौरान दोनों हाथी वार्ड सदस्य ममता केरकेट्टा के घर के पास पहुंच गए और घर को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया। घर के भीतर बच्चे, परिजन और मेहमान सहित सात लोग सो रहे थे। ममता केरकेट्टा और नरेश केरकेट्टा ने जान जोखिम में डालकर सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। परिवार के बाहर निकलते ही हाथियों ने घर की दीवारें तोड़ दीं और देखते ही देखते पूरा मकान धराशायी हो गया। ग्रामीणों ने रातभर मशाल और शोर-शराबे के सहारे हाथियों को गांव से खदेड़ने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद हाथी जंगल की ओर लौटे, लेकिन तब तक वार्ड सदस्य का आशियाना पूरी तरह उजड़ चुका था।

## कनेक्टिंग फ्लावर निर्माण के सम्बन्ध में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने की महत्त्वपूर्ण बैठक

# यातायात प्रबंधन को सुव्यवस्थित रखने पर जोर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने रांची में बन रहें कनेक्टिंग फ्लावर निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक किया। बैठक में निर्माण कार्य के दौरान यातायात प्रबंधन को सुव्यवस्थित रखने पर जोर दिया गया। बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए तथा आम जनता को न्यूनतम परेशानी हो, इसके लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाए। निर्माण स्थल पर पर्याप्त साइनेज, बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में, पुलिस अधीक्षक (ट्रैफिक) रांची, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण रांची, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### पेंशन दरबार-सह-सेवानिवृत्ति विदाई सम्मान समारोह का आयोजन



**रांची :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में आज समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में 17वें पेंशन दरबार-सह-सेवानिवृत्ति विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा,ह्वआप सभी शिक्षकों ने शिक्षा के पवित्र क्षेत्र में निष्ठा, धैर्य और समर्पण के साथ सेवा की है। आपने न सिर्फ ज्ञान दिया, बल्कि हजारों बच्चों के भविष्य को आकार दिया, उनके सपनों को पंख दिए और समाज को बेहतर नागरिक दिए। आपका यह योगदान अमूल्य है। सेवानिवृत्ति के बाद भी आप अपने अनुभव और ज्ञान का उपयोग समाज के लिए जारी रखें। स्वस्थ रहें, सक्रिय रहें, नई पीढ़ी को मार्गदर्शन देते रहें और सुखमय जीवन व्यतीत करें। जिला प्रशासन आपके सेवा भाव और योगदान के लिए हमेशा आभारी रहेगा।

### पूर्व चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में पूर्व में पदस्थापित चिकित्सक डा सनल सानू बरवार की असामयिक निधन के बाद सोमवार को सामुदायिक केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा सुनील जॉर्ज कंडुलना की अध्यक्षता में चिकित्साकर्मियों के द्वारा सीएचसी सभागार में शोकसभा का आयोजन किया गया। वहीं कर्मियों ने बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पूर्व में पदस्थापित अन्य चार कर्मियों जिनमें सीएचओ प्रतिमा कुमारी, बिरेन्द्र प्रसाद एमटीएस, हिमांशु टीबी लैब सुपरवाइजर, डॉक्टर अलख निरंजन मिश्रा के असामयिक निधन पर भी शोक संवेदना प्रकट करते हुए दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दिया। जहां चिकित्सा प्रभारी डा सुनील जॉर्ज कुंडुलना ने डा बरवार को यादकर कहा हमने एक एक होनहार साथी को खो दिया। वे काफी मिलनसार व मृदुभाषी के साथ एक अच्छे चिकित्सक रूप में जाने जाते थे। शोक सभा में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा सुनील जॉर्ज कंडुलना, अमिता लाल, पंकज शर्मा, नीतू टोप्पो, विवेक, मंजू सरिता विवियाना केरकेट्टा, सुबन्ति एक्का, स्नेहलता मिंज, नवीन कुमार, मुरारी सेन गुप्ता, सुमंती किस्पोट्टा, अमित मिंज, शैलेश टोप्पो, प्रभात टोप्पो, सुशीला किंडो, राजेश ठाकुर, नीलम कुमारी, नीतीश कुमार, वेद प्रकाश कुमार, प्रीति कुमारी समेत सभी कर्मी मौजूद थे।

## पर्यावरण दिवस पर 'जनकल्याण समर्पण संस्थान' पांच हजार पौधे लगवायेगा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** जनकल्याण समर्पण संस्थान ने इस वर्ष पर्यावरण संरक्षण के तहत 5 हजार पौधरोपण एवं पौधा वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस अभियान की शुरूआत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर की जाएगी। संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन पिछले 16 वर्षों से लगातार वृक्षारोपण अभियान चला रहा है और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अभियान को और व्यापक बनाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों, स्कूलों और पंचायत स्तर तक पहुंचाया जाएगा। संस्थान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना और फलदार पौधों का वितरण कर ग्रामीणों को आर्थिक रूप से भी सशक्त बनाना है। इस वर्ष विशेष रूप से सरना स्थलों पर सखुआ जैसे पौधों के रोपण पर जोर दिया जाएगा। साथ ही, लगाए गए पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी सरना पूजा समिति के सदस्यों को दी जाएगी। संस्थान ने बताया कि 5 हजार पौधरोपण का लक्ष्य विभिन्न चरणों में पूरा किया जाएगा, जिसके लिए स्थानीय स्वयंसेवकों और सामाजिक कार्यकताओं को भी जोड़ा जा रहा है। इससे अभियान को व्यापक स्वरूप मिलने की उम्मीद है। संस्थान के पदाधिकारियों ने कहा कि आने वाले समय में इस पहल का और विस्तार किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी और पर्यावरण संतुलन के साथ-साथ किसानों की आय में भी सुधार संभव होगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष बिरसा करमाली, महासचिव सत्यपाल राउत, कोषाध्यक्ष रमन कुमार, सोशल मीडिया एवं आईटी प्रभारी संदीप कुमार वर्मा, प्रवक्ता बृजकिशोर प्रसाद सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। सक्रिय सदस्यों में विजय कुमार सिंह, अजीत कुमार, शिवनारायण मुंडा, विवेक बेदिया और कुंती देवी भी शामिल थे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के प्रखंड समन्वयक को मिला नियुक्ति पत्र

**खूंटी :** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के लिए चयनित अभ्यर्थी प्रियंका तोपनो को सोमवार को प्रखंड समन्वयक पद का नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। नियुक्ति पत्र उप विकास आयुक्त (डीडीसी) प्रवीण कुमार प्रकाश ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में सौंपा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने प्रियंका तोपनो को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य पात्र लाभुकों को आवास उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और लाभुकों तक समयबद्ध लाभ पहुंचाने में प्रखंड समन्वयक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## बलकुदरा ऐश ट्रांसपोर्टिंग के लिए सड़क निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** बलकुदरा ऐश डैम से ऐश ट्रांसपोर्टिंग के लिए सड़क निर्माण पर स्थानीय ग्रामीणों ने सोमवार को पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। बताया गया कि पीवीयूएनएल ऐश डैम से भारी वाहनों का आगमन हेतु सड़क निर्माण किया जाना है। जिसे लेकर बीते 30 मई को बिना ग्रामीणों के सूचना दिये बासल थाना के समीप जमीन सर्वे का कार्य अंचल निरीक्षक पतरातु द्वारा किया जा रहा था। इस पर ग्रामीण एकजुट हुए और विरोध करने लगे। पूछने पर उपायुक्त महोदय के हवाला देते हुए कहा गया की पीवीयूएनएल कंपनी के ऐश डैम से ऐश निकालने के लिए सड़क निर्माण किया जाना है। सड़क बनने से कितने घर टूटेंगे और कितने जमीन की आवश्यकता है सारा रिपोर्ट बना कर देना है। ग्रामीण सुनते ही भड़क गए और विरोध कर मापी कार्य को रोकवाया गया। इधर, सोमवार को पूर्व विधायक अंबा प्रसाद और बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा के नेतृत्व में विरोध जताया गया। कहा गया कि सड़क बन जाने से कितने घर उजड़ेंगे आम जनता और सरकारी स्कूल में खतरा बढ़ेगा क्योंकि सामने तीखा मोड़ है। जिससे आए दिन दुर्घटना होते रहती है। सड़क बनने से दुर्घटना की संभावना बढ़ जाएगी। कहा गया कि यहां किसी भी हाल में यहां पर सड़क बनने नहीं दिया जाएगा। सड़क निर्माण के कार्य विरोध करने में राजाराम प्रसाद, आदित्य नारायण साहू, महेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह, रतन प्रसाद, सुरेश साहू, विनय प्रसाद, मनोज प्रसाद, ललित प्रसाद, गणेश, चरण उरांव, राजू प्रसाद, ब्रजकिशोर प्रसाद, इकबाल हुसैन, गणेश मुंडा, राजेश सिंह, पिंटू सिंह, राजू उरांव, प्रवीण प्रसाद, विकास प्रसाद सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे।

### पोचरा में सात दिवसीय वॉलीबॉल समर कैम्प का हुआ शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** केयर ग्रामीण विकास केंद्र के सौजन्य से सरना पार पोचरा में सोमवार को सात दिवसीय वॉलीबॉल समर कैंप की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. सांत्वना शरण, रामगढ़ वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल राम, केयर ग्रामीण के सचिव कुंदन गोप और कोच बसंत नायक के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। केयर ग्रामीण विकास केंद्र के सचिव कुंदन गोप ने बताया कि सात दिवसीय समर कैंप में 20 लड़कियां भाग ले रही है। अन्य इच्छुक लड़कियां भी निशुल्क रजिस्ट्रेशन करा सकती हैं। वहीं डॉ. सांत्वना शरण ने कहा कि इस कैंप के आयोजन से गांव के लड़कियां जो वॉलीबॉल में रुचि रखती है उनकी प्रतिमा को और निखारा जाएगा। जिससे उन्हें जिला, स्टेट और नेशनल लेवल पर प्रदर्शन का मौका मिले। समर कैंप में वॉलीबॉल कोच बसंत नायक द्वारा वॉलीबॉल के गुर सिखाए जाएंगे। मौके पर अख्तर, सुदर्शन, आशीष, संतोष, राजेंद्र नायक, विक्रम नायक, मनिंद्र करमाली, रिया कुमारी, नैना कुमारी, निशि कुमारी, अर्पिता कुमारी, सीमा कुमारी, भावना कुमारी, तनीषा कुमारी, रोशनी कुमारी, माही कुमारी, निधि कुमारी, पूर्वी कुमारी, स्नेहा कुमारी, चांदनी कुमारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बेड़ो फन स्पॉट वाटर पार्क में सफाई कर्मी महिला की फर्श पर गिरने से मौत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के महरु स्थित फन स्पॉट वाटर पार्क में सोमवार की अपराह्न लगभग साढ़े नौ बजे एक सफाई कर्मी महिला महरु गांव निवासी 45 वर्षीया शांता देवी पति स्व काली दास की फिसलकर गिरने से मौत हो गई। वहीं इस हादसे से पार्क में सुरक्षा मानकों और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। स्वजनों के अनुसार महिला पार्क में सफाई का काम कर रही थी। इसी दौरान गीले फर्श पर फिसलकर गिर पड़ी। वहीं घटना के बाद पार्क में अफरा-तफरी मच गई। इधर ग्रामीणों का कहना है कि वाटर पार्क में एम्बुलेंस या प्राथमिक उपचार की कोई व्यवस्था नहीं थी। गंभीर रूप से घायल महिला को आनन-फानन में ऑटो से बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही मृतका की छोटी पुत्री छोटी कुमारी व पुत्र छोटू कुमार व स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल था। इधर घटना की जानकारी मिलने पर बेड़ो थाने के एस आई सौकत अली बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य पहुंचे और स्वजनों से घटना की जानकारी लिया। वहीं मृतका के भाई सचिन कुमार ने पुलिस प्रशासन से मृत्यु के कारणों की जांच कराए जाने बात कही है। इधर गांव के लोगों का आरोप है कि वाटर पार्क में सुरक्षा के मानकों की घोर अनदेखी की जाती रही है। यहां न तो फिसलन रोकने के लिए मैट बिछाए गए हैं, न ही फर्स्ट एड की सुविधा है। हर दिन सैकड़ों लोग यहां पहुंचते हैं, लेकिन प्रबंधन की लापरवाही से हादसे का खतरा बना रहता है। घटना के बाद ग्रामीणों और मृतका के स्वजनों ने प्रशासन से वाटर पार्क की जांच कर दोषी प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग की है। लोगों ने कहा कि बिना सुरक्षा मानकों के पार्क चलाने की अनुमति कैसे दी गई, इसकी भी जांच होनी चाहिए। वहीं बेड़ो पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

## खूंटी में तोरपा क्रिकेट अकादमी के समर कैम्प का शुभारम्भ, बच्चों में दिखा उत्साह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** तोरपा क्रिकेट अकादमी की ओर से आयोजित समर कैंप 2026 का शुभारंभ सोमवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। कैंप के पहले दिन बच्चों और उनके अभिभावकों में क्रिकेट प्रशिक्षण को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण सत्र में हिस्सा लिया और खेल की बारीकियों को सीखने की शुरूआत की। कैंप के उद्घाटन सत्र में प्रशिक्षकों ने बच्चों को क्रिकेट की प्रारंभिक तकनीकी जानकारियां दीं। खिलाड़ियों को खेल के मूलभूत नियमों, तकनीकों, अभ्यास की सही पद्धति तथा अनुशासन के महत्व के बारे में बताया गया। प्रशिक्षकों ने बच्चों को नियमित अभ्यास, फिटनेस और खेल भावना के महत्व से भी अवगत कराया। प्रशिक्षक देवा हस्सा, उमाकांत मुंडा, विनायक विक्रम, करमवीर महतो, सौरव शर्मा, गौरव शर्मा, अनीश होरो, राजेश नायक, विशाल कुमार एवं ऋषभ षड़ंगी ने खिलाड़ियों को क्रिकेट की बुनियादी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण की प्रारंभिक जानकारी देते हुए बच्चों को खेल में निरंतर मेहनत और अनुशासन बनाए रखने की सलाह दी। इस अवसर पर अकादमी के अध्यक्ष दीपक तिग्गा सहित अजीत जायसवाल, सुबोध जायसवाल, नीरज जायसवाल, आशुतोष सिंह, पवन गुप्ता और राजेश प्रसाद भी उपस्थित रहे।

### मंडा पूजा महापर्व को लेकर नगड़ी में हुई विशेष पूजा-अर्चना

# क्षेत्र की सुख-समृद्धि व सफल आयोजन की कामना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पिस्का नगड़ी :** झारखंड की लोक आस्था, परंपरा एवं संस्कृति के प्रतीक मंडा पूजा महापर्व के आयोजन को लेकर सोमवार को नगड़ी स्थित प्राचीन राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ के समक्ष विधि-विधान के साथ पूजा संपन्न कर मंडा पूजा आयोजन समिति एवं श्रद्धालुओं द्वारा प्रार्थना पत्र समर्पित किया गया। पूजा के दौरान क्षेत्र की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा, बेहतर फसल, जनकल्याण एवं मंडा पूजा महापर्व के सफल एवं भव्य आयोजन की कामना की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना करते हुए कहा कि आने वाला मंडा पूजा महापर्व पूरे क्षेत्र में शांति, समृद्धि और सामाजिक सौहार्द का संदेश लेकर आए। साथ ही किसानों की अच्छी फसल, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य तथा परिवारों के सुखद जीवन के लिए भी मंगलकामनाएं की गईं। मंडा पूजा झारखंड के सबसे महत्वपूर्ण पारंपरिक लोकपर्वों में से एक है, जो भगवान शिव की आराधना और कठोर तपस्या का प्रतीक माना जाता है। यह पर्व अक्षय तृतीया के बाद आरंभ होता है और लगभग 14 दिनों तक चलता है। इस दौरान भोक्ता (श्रद्धालु) नियम, संयम एवं उपवास का पालन करते हुए भगवान शिव की आराधना करते हैं। पर्व के अंतिम चरण में दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलने की परंपरा (फुलकुंदी) विशेष आकर्षण का केंद्र होती है, जो श्रद्धालुओं की अटूट आस्था एवं समर्पण का प्रतीक मानी जाती है। इसके अतिरिक्त मंडा पूजा के दौरान लोटन सेवा, कांटा सेवा, दंडवत प्रार्थना एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाता है। ग्रामीण मान्यता के अनुसार इन अनुष्ठानों के माध्यम से भगवान शिव से अच्छी वर्षा, भरपूर फसल, रोग-मुक्त जीवन एवं क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की जाती है। यह पर्व केवल धार्मिक महत्व ही नहीं रखता, बल्कि सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक संरक्षण का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष मंडा पूजा को पारंपरिक एवं भव्य स्वरूप में आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। पूजा अवधि के दौरान धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ नागपुरी लोकगीत, छऊ नृत्य, झूलन एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का अवसर मिलेगा।

### जंगली हाथी ने आम बागान को किया तहस-नहस, डेढ़ लाख का नुकसान

**खूंटी :** कर्रा प्रखंड की जरियागढ़ पंचायत अंतर्गत मुरचकेल गांव में जंगली हाथी के उत्पात से एक किसान को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी नन्दलाल सिंह के लगभग एक एकड़ 54 डिसमिल क्षेत्र में लगे आम के बागान को जंगली हाथी ने शुक्रवार और रविवार की रात को रौंदकर तहस-नहस कर दिया। बताया गया कि हाथी बगान में घुस गया और कई आम के पेड़ों की डालियां तोड़ दीं और फलों को नष्ट कर दिया। हाथी के उत्पात से बड़ी मात्रा में तैयार आम जमीन पर गिरकर खराब हो गए। इससे किसान को आर्थिक रूप से भारी क्षति पहुंची है। प्रभावित किसान ने बताया कि बागान से इस वर्ष अच्छी उपज की उम्मीद थी, लेकिन हाथी के हमले से सारी मेहनत पर पानी फिर गया।

### उपायुक्त के निर्देश पर नगड़ी प्रखंड कार्यालय परिसर में चला स्वच्छता अभियान

# जनप्रतिनिधियों और कर्मियों ने किया श्रमदान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पिस्का नगड़ी :** उपायुक्त महोदय के निदेर्शानुसार नगड़ी प्रखंड कार्यालय परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के सभी कर्मियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। परिसर की साफ-सफाई, कचरा निष्पादन, झाड़ियों की कटाई तथा कार्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से सामूहिक श्रमदान किया गया। स्वच्छता अभियान के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने परिसर के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया तथा स्वच्छता को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। अभियान में प्रखंड प्रमुख मधुवा कच्छप, प्रखंड विकास पदाधिकारी दिपाली भगत, अंचल अधिकारी राजेश कुमार, उप प्रमुख अफसाना प्रवीण, गुलरेज अंसारी सहित प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छ वातावरण न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि सरकारी कार्यालयों में आने वाले आम नागरिकों को भी बेहतर वातावरण उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि इसे दैनिक जीवन की आदत बनाना जरूरी है। सभी कर्मियों से नियमित रूप से कार्यालय परिसर की साफ-सफाई बनाए रखने और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की अपील की गई। प्रमुख मधुवा कच्छप ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की भावना को साकार करने के लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। सरकारी कार्यालयों से शुरू होने वाली यह पहल समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाती है और लोगों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करती है।

### मांडू के आदिवासी बहुल क्षेत्र में 'खेत बचाओ' अभियान का हुआ शुभारम्भ

# जैविक और प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक हों किसान : डॉ. सुधांशु




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मांडू :** कृषि विज्ञान केन्द्र मांडू रामगढ़ के तत्वावधान में सोमवार को आदिवासी बहुल ग्राम रंगूबेरा में 'खेत बचाओ' अभियान का शुभारम्भ किया गया। जिसमें 50 से अधिक किसानों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विज्ञान केंद्र मांडू के प्रधान वैज्ञानिक सह अध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने की। अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनिता सिंह, विशेषज्ञ डॉ.इन्द्रजीत, शाहिद सिद्दीकी, कैलाश करमाली, अनिला टुडू, राजा हांसदा, धनेश्वर हांसदा और मेनका मांझी उपस्थित रहे। अवसर पर किसानों को बताया गया कि अभियान के अंतर्गत किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जल संरक्षण, हरी खाद, संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक - प्राकृतिक खेती औल जलवायु-अनुकूल कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक किया जाएगा। किसानों को टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने, लागत कम करने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अपने संबोधन में डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि वर्तमान समय में मृदा की उर्वरता में कमी, जल संसाधनों का क्षरण और जलवायु परिवर्तन कृषि के समक्ष बड़ी चुनौतियां हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए किसानों को मृदा परीक्षण आधारित पोषक तत्व प्रबंधन, फसल विविधीकरण, जैविक खादों के उपयोग तथा वर्षा जल संरक्षण को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेती को बचाने के लिए मिट्टी, पानी और जैव विविधता का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। वहीं विनिता सिंह ने किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं अनुदान कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए वैज्ञानिक खेती को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सतत कृषि पद्धतियों के माध्यम से किसान अपनी आय बढ़ाने के साथ-साथ कृषि संसाधनों का संरक्षण भी कर सकते हैं। डॉ. इन्द्रजीत ने किसानों को फसल चक्र, हरी खाद,जैव उर्वरकों तथा एकीकृत कृषि प्रणाली के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कृषि में नवाचारों एवं वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान किसानों के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें कृषि उत्पादन, कीट एवं रोग प्रबंधन,जल संरक्षण तथा प्राकृतिक खेती से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। वहीं किसानों ने अपने अनुभवों के साथ-साथ अपनी समस्याओं को साझा किया। जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया।

### सौंदा डी में पंचायत बचाओ संघर्ष समिति ने की ग्राम सभा

# एकजुट होकर संघर्ष करने का लिया निर्णय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** सौन्दा 'डी' पंचायत में पंचायत बचाओ संघर्ष समिति ने सोमवार विभिन्न वार्डों में ग्राम सभा कर लोगों को जागरूक किया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया उपेन्द्र शर्मा और संचालन संजय यादव ने किया। समिति ने सदस्यों ने जयनगर, अजाद नगर, कालीबस्ती, हुसैनी नगर में घूम-घूम कर सौन्दा 'डी' पंचायत के ग्रामीण के महिला-पुरुष और युवाओं को एकजुट होकर हक अधिकार के संघर्ष करने का आव्हान किया। कहा गया कि किसी भी कीमत पर हमलोग सौन्दा 'डी' पंचायत को उजड़ने नहीं देंगे। वहीं आम जनता से किसी के बहकावे और प्रलोभन से बचने की अपील की गई। ग्राम सभा को सफल बनाने मे सुशील सिंह, उप मुखिया संजय भारती, उमेश साव, दीपक कुमार, वार्ड सदस्य सुबोध रजक, स्वयं सेवक संतोष रजक, रविन्द्र कुमार, डब्लु खान, राजकुमार राम, कमले गुप्ता, सिकेन्दर भुईयां, राजेश भुईयां, मनोज भुईयां, साहिल समेत सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

## एक झलक

### झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल, जनता को नहीं मिल रहीं बुनियादी सुविधाएं : राफिया नाज

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर हेमंत सोरन की सरकार और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राज्य के सरकारी अस्पतालों की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है और मरीजों को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। सोमवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में राफिया नाज ने कहा कि करोड़ों रुपये के बजट, बड़े-बड़े दावों और सरकारी विज्ञापनों के बावजूद राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं दम तोड़ती नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता को बेहतर और सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता है, लेकिन सरकार समस्याओं के समाधान के बजाय बहाने बनाने में व्यस्त है। उन्होंने हाल ही में जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में हुई एक घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि 13 वर्षीय बच्चे की मौत के बाद उसके पिता को अपने बेटे का शव गोद में उठाकर अस्पताल से बाहर ले जाना पड़ा। अस्पताल प्रशासन न तो स्ट्रेचर उपलब्ध करा सका और न ही शव वाहन। उन्होंने इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और पूरे राज्य को शर्मसार करने वाली घटना बताया।

### झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने पश्चिम बंगाल में मंत्री बनने पर डॉ. अजय पोद्दार को दी बधाई

**रांची :** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने कुल्टी विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अजय पोद्दार को पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सम्मेलन के पदाधिकारियों ने इसे पश्चिम बंगाल के साथ-साथ संपूर्ण मारवाड़ी समाज और झारखंड के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, वरीय उपाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन तथा संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से डॉ. पोद्दार को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल एवं सफल मंत्री कार्यकाल की कामना की। प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि डॉ. अजय पोद्दार का रांची से वर्षों पुराना और आत्मीय संबंध रहा है। उन्होंने 1970 के दशक में रांची स्थित राजस्थान छात्रावास में रहकर चिकित्सा शिक्षा प्राप्त की थी। यही कारण है कि उनके मंत्री बनने की खबर से रांची और झारखंड के लोगों में भी खुशी और गर्व का वातावरण है। उन्होंने कहा कि डॉ. पोद्दार ने अपने चिकित्सा, सामाजिक और राजनीतिक जीवन में सदैव जनसेवा को प्राथमिकता दी है। जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, सरल कार्यशैली और समाज के प्रति समर्पण ने उन्हें व्यापक सम्मान और विश्वास दिलाया है। सम्मेलन को विश्वास है कि वे मंत्री के रूप में भी जनहित के कार्यों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

### झारखंड में फिर दिखने लगा गर्मी का असर

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में सोमवार को एक बार फिर गर्मी का असर देखने को मिला। सुबह से ही आसमान साफ रहने के कारण लोगों को उमस और तेज गर्मी का सामना करना पड़ा। पिछले कुछ दिनों से हुई बारिश के कारण मौसम में आई ठंडक अब धीरे-धीरे समाप्त होती नजर आ रही है। हालांकि, मौसम विभाग ने राज्यवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग के अनुसार झारखंड में 7 जून तक कई जिलों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। इसको लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, आगामी दिनों में मौसम का मिजाज बदलता रहेगा। कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश भी हो सकती है, लेकिन इसके बावजूद दिन के समय गर्मी और उमस लोगों को परेशान कर सकती है।

## उपायुक्त ने रांची समाहरणालय में जनता दरबार का किया आयोजन

# जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ करें कार्य : डीसी

- दिव्यांगों के चेहरे पर खिली मुस्कान
- डीसी ने प्रदान की दिव्यांगों को इलेक्ट्रिक ट्राईसाइकिल
- कार्य में लापरवाही पर बेड़ो अंचल निरीक्षक एवं कर्मचारी को शोकॉज
- सरेंडर करनेवाले नक्सली की पत्नी को 04 डिसिमल भूमि आवंटित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री का जनता दरबार एक बार फिर आमजनों के लिए राहत, भरोसे और त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई का मंच साबित हुआ। जनता दरबार में जहां जरूरतमंदों को तत्काल सहायता उपलब्ध करायी गयी, वहीं सरकारी कार्यों में लापरवाही और अनावश्यक विलंब पर प्रशासन का सख्त रुख भी देखने को मिला। विभिन्न प्रखंडों और अंचलों से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिये तथा कई मामलों में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करायी। बेड़ो प्रखंड निवासी 25 वर्षीय आकाश उरांव, जो 80 प्रतिशत दिव्यांग हैं और चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ हैं, अपने भाई की गोद में बैठकर जनता दरबार पहुंचे थे। स्नातक शिक्षित आकाश की समस्या सुनते ही जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें राज्य सरकार की इलेक्ट्रिक ट्राईसाईकिल उपलब्ध करायी। जनता दरबार से लौटते समय आकाश स्वयं इलेक्ट्रिक ट्राईसाईकिल पर सवार होकर निकले। इस सहायता से भावुक हुए उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। बेड़ो के ही 67 वर्षीय दिव्यांग बालकिशुन साहू को भी जनता दरबार में राज्य सरकार की इलेक्ट्रिक ट्राईसाईकिल प्रदान की गयी। अपनी बेटी और नाती के साथ पहुंचे बालकिशुन साहू ने कहा कि यह सहायता उनके दैनिक जीवन को काफी आसान बनाएगी। उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। जनता दरबार में बेड़ो निवासी माधुरी तिर्की ने म्यूटेशन से जुड़ी समस्या रखते हुए बताया कि एलआरडीसी कोर्ट के आदेश के बावजूद उनका नामांतरण नहीं किया जा रहा है और उन्हें लगातार अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने तत्काल अंचल अधिकारी, बेड़ो से दूरभाष पर बात कर नाराजगी व्यक्त की।

## हेमन्त सोरेन से मिलीं अन्नपूर्णा देवी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मंत्रालय में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

## 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# विधिक जागरूकता के माध्यम से लोगों को योजनाओं के बारे में बताना ही उद्देश्य : डालसा

- पेसा कानून-2025 पर किया गया फोकस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव राकेश रौशन की मौजुदगी में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। इसी आलोक में नामकूम प्रखण्ड के कुतियातू पंचायत भवन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, पीएलवी लता कुमारी, दीपेन्द्र कुमार, युधिष्ठिर महतो, जसिंता टोप्पो, सीमा कुमारी, तारा मिंज, अमित बड़ाईक, विधि के छात्र-छात्राएं समेत अन्य लोग उपस्थित थे। विधिक जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने पेसा कानून-2025 पर फोकस किये। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। नालसा एवं झालसा द्वारा संचालित योजनाओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि नालसा एवं झालसा योजनाओं का लाभ दिलाना ही हमारा उद्देश्य है। उन्होंने योजना साथी, डॉन, आशा, जागृति आदि पर भी चर्चा किये। टॉल फ्री नम्बर-15100 पर भी उन्होंने फोकस किये। यह भी ज्ञात हो कि पीएलवी के द्वारा मौके पर डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम कर लोगों को जागरूक भी किया गया। पीएलवी लता कुमार ने उपस्थित लोगों को राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन एवं मईया सम्मान योजाना के बारे में बाते कहीं। दिपेन्द्र कुमार और युधिष्ठिर महतो ने पीड़िता मुआवजा के बारे में बताया, वहीं जसिंता टोप्पो और सीमा कुमारी ने लोगों को लोक अदालत और मध्यस्थता के बारे में जानकारी दी। तारा मिंज और अमित बड़ाईक ने प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना के बारे में लोगों को बताया। इसके अलावा पीएलवी ने बाल विवाह, बाल श्रम, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन एवं राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे लाभकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी।

# स्वास्थ्य व्यवस्था पर राजनीति करने से पहले भाजपा अपने 20 वर्षों का हिसाब दे : कांग्रेस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मिडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने भाजपा प्रवक्ता के बयान को तथ्यहीन, भ्रामक और राजनीतिक निराशा का परिचायक बताते हुए कहा कि भाजपा को स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाने से पहले यह बताना चाहिए कि राज्य में स्वास्थ्य ढांचे की जर्जर स्थिति की नींव किसने रखी थी। सिन्हा ने कहा कि आज जिन अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और स्वास्थ्य संस्थानों की बात भाजपा कर रही है, उनमें से अधिकांश की दुर्दशा भाजपा शासनकाल की देन है। सरकार ने सीमित संसाधनों के बावजूद स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, नए डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्ति करने, मेडिकल कॉलेजों का विस्तार करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का लगातार प्रयास किया है। उन्होंने ने कहा कि किसी भी दुखद घटना पर राजनीति करना भाजपा की पुरानी आदत रही है। यदि कहीं कोई कमी या लापरवाही सामने आती है तो सरकार उसे गंभीरता से लेकर सुधार की दिशा में कार्रवाई करती है, लेकिन भाजपा का उद्देश्य समाधान नहीं बल्कि संवेदनशील मुद्दों पर सस्ती राजनीति करना है। सिन्हा ने भाजपा को याद दिलाया कि केंद्र में पिछले 12 वर्षों से उनकी सरकार है। देशभर में स्वास्थ्य बजट का जीडीपी के अनुपात में हिस्सा अब भी बेहद कम है। दवाओं, जांच और इलाज की बढ़ती लागत ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। झारखंड सहित पूरे देश में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की कमी का बड़ा कारण केंद्र सरकार की नीतिगत विफलताएं भी हैं। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा नेताओं को स्वास्थ्य मंत्री पर अनर्गल टिप्पणी करने के बजाय यह बताना चाहिए कि आयुष्मान भारत योजना के तहत अस्पतालों को समय पर भुगतान क्यों नहीं हो रहा है, दवाइयों और चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी का बोझ क्यों है और स्वास्थ्य क्षेत्र में केंद्र का निवेश अपेक्षित स्तर तक क्यों नहीं बढ़ाया गया।

## ग्रीष्मकालीन वुशु प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची जिला वुशु एसोसिएशन एवं झारखंड वुशु एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में बिरसा मुंडा स्टेडियम स्थित वुशु हॉल में आयोजित 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन वुशु प्रशिक्षण शिविर का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन झारखंड सेपक टकरा एसोसिएशन के अध्यक्ष उदय साहु ने किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, अनुशासन एवं समर्पण के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में झारखंड वुशु एसोसिएशन के सचिव शैलेन्द्र दुबे, वुशु कोच दीपक गोप सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे। शिविर में रांची जिले के खिलाड़ियों के साथ-साथ राज्य के अन्य जिलों के खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को वुशु खेल की विभिन्न तकनीकों, कौशल एवं प्रतियोगितात्मक तैयारियों का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# द पाठशाला रांची के विद्यार्थियों का जेईई एडवांस्ड 2026 में शानदार प्रदर्शन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड 2026 के घोषित परिणामों में द पाठशाला रांची के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल कर संस्थान तथा शहर का नाम रोशन किया है। संस्थान के छात्र धैर्य सिंह ने ऑल इंडिया रैंक (AIR) 4843 प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उनकी सफलता ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे द पाठशाला परिवार को गौरवान्वित किया है। अन्य सफल विद्यार्थियों में अखिल गुप्ता ने सामान्य वर्ग में AIR 4345, गगन जेराई ने एसटी वर्ग में AIR 177, अवनीश सिंकू ने एसटी वर्ग में AIR 1610, वैष्णवी ने सामान्य वर्ग में अक्क्ष20489 तथा आरव ने सामान्य वर्ग में AIR 25389 प्राप्त की है। संस्थान के निदेशक ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और संस्थान द्वारा प्रदान किए गए गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये विद्यार्थी भविष्य में देश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों में प्रवेश लेकर अपने करियर में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे। द पाठशाला रांची पिछले कई वर्षों से जेईई एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में विद्यार्थियों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। इस वर्ष के परिणाम एक बार फिर संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता और विद्यार्थियों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को प्रमाणित करते हैं।

## झामुमो संयोजक मंडल सदस्य पदाधिकारियों को प्रखंडवार मिली जिम्मेवारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची जिला संयोजक मंडल की ओर से सोमवार को कांके स्थित एक बैंक्विट हॉल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से रांची जिला अंतर्गत आठ प्रखंडों के हर बूथों के लिए बीएलए-2 और 10 सदस्यीय बूथ कमेटी गठन करने के लिए केंद्रीय सदस्य और जिला संयोजक मंडली के सदस्यों को अहम जिम्मेवारी दी गई। बैठक की अध्यक्षता रांची जिला संयोजक मंडली प्रमुख मुश्ताक आलम ने की। उन्होंने बताया कि प्रखंडवार बुढमू और कांके प्रखंड के लिए पवन जेड़िया और सोनू मुंडा को, इटकी प्रखंड के लिए समनुर मंसूरी को, सिल्ली, सोनाहातू और राहे प्रखंड के लिए अश्विनी शर्मा और झब्बू लाल महतो को, ओरमांझी और नगड़ी प्रखंड के लिए अंतू तिर्की को, अनगड़ा और नामकुम प्रखंड के लिए हेमलाल मेहता को, मांडर और चान्हो प्रखंड के लिए जयवंत तिग्गा को, खलारी और रातू प्रखंड के लिए धर्मेंद्र सिंह को, लापुंग, बेड़ो, बुंडू और तमाड़ प्रखंड के लिए मुश्ताक आलम और वीरू तिर्की को अहम जिम्मेवारी दी गई है। मुश्ताक आलम ने बताया कि बैठक में निदेर्शानुसार सभी केंद्रीय सदस्यों एवं जिला संयोजक मंडली के सदस्यों को निर्देश दिया गया है कि प्रखंडों के पदाधिकारी और वरिष्ठ सदस्यों से समन्वय स्थापित करें।

## आश्रम में दिव्यांग, मंदबुद्धि निराश्रितों को कराया गया भोजन

# जरूरतमन्दों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची आराधना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** परमहंस डॉ. संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य मे एम.आर.एस.श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची के द्वारा संचालित विगत 2 वर्षों से चल रहे पीड़ित मानव सेवा के पावन तीर्थ स्थल श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम पुंदाग के प्रांगण में सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) राँची में आश्रम में रह रहे 48 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभु जी एवं आश्रम में रहकर उनकी सेवा करने वाले सेवादार साथियों के बीच विभिन्न व्यंजनों के साथ अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसादी का विधिवत आश्रम के किचन में स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन बनवाकर भोजन खिलाया जा रहा है।सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि 16 मई से 31मई तक 16 दिनों मे 3560 निराश्रित प्रभुजी एवं उनकी देखभाल करने वाले सेवादार साथियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि कई लोगों ने सहयोग देते हुए स्वयं भोजन सेवा का दायित्व निभाया, इसके अलावे कई लोगों द्वारा आश्रम में रह रहे निराश्रितो, मंदबुद्धि, दीनबंधुओं के लिए खाद्य सामग्री एवं जरूरत के समान प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि सेवा कार्यों को समाज के हर वर्ग का सहयोग और प्रोत्साहन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव प्रभु सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। जरूरतमंदों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची अराधना है। अन्नपूर्णा सेवा के पुनीत कार्य में ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, मनोज कुमार चौधरी,निर्मल छावनिका, सज्जन पाड़िया, पुजारी अरविंद पांडे, पुरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल,सुरेश अग्रवाल,नन्द किशोर चौधरी, संजय सर्राफ, विशाल जालान, सुनील पोद्दार, मधुसूदन जाजोदिया, विष्णु सोनी, सुरेश चौधरी, अरविंद अग्रवाल, सुरेश भगत,पवन पोद्दार सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

### झारखंड आम महोत्सव 2026 का सफल आयोजन

## स्थानीय उद्यमिता, महिला सशक्तीकरण व कृषि आधारित आजीविका को मिला नया मंच



**रांची :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ट्राइबल बिजनेस डेवलपमेंट उप समिति द्वारा आज चैंबर भवन में झारखंड आम महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व उप समिति की चेयरपर्सन माला कुजूर ने किया। महोत्सव का उद्देश्य झारखंड की समृद्ध आम संस्कृति, स्थानीय किसानों, महिला स्वयं सहायता समूहों, ग्रामीण उद्यमियों तथा आम आधारित उत्पाद निमार्ताओं को एक साझा मंच उपलब्ध कराना था, जहां वे अपने उत्पादों, नवाचारों एवं पारंपरिक कौशल का प्रदर्शन कर सकें। कार्यक्रम में आम की विभिन्न किस्मों के साथ-साथ आम से निर्मित पारंपरिक एवं नवाचारपूर्ण उत्पादों जैसे अचार, चटनी, आम पापड़, जूस, स्क्वैश तथा अन्य खाद्य उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता आयोजित की गई।

# पर्यावरण बचाने को लेकर 03 जून को साइक्लोथॉन-वॉकाथॉन में दौड़ेगी रांची

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर झारखंड वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से एक से 5 जून तक राज्यभर में पर्यावरण सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान स्वच्छता अभियान, मानव श्रृंखला, ट्रेकिंग, बर्ड वॉचिंग, वॉकाथान, साइक्लोथान, चित्रकला प्रतियोगिता और पर्यावरण संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन होगा। कार्यक्रम की शुरूआत एक जून को जैव विविधता पार्क में स्वच्छता अभियान और 'सेव अर्थ' मानव श्रृंखला के साथ होगी। 2 जून को होरहाप इको-टूरिज्म साइट पर स्वच्छता अभियान, ट्रेकिंग और पक्षी अवलोकन कार्यक्रम होगा। 3 जून को सुबह 6 बजे से वन भवन डोरंडा से ऑक्सीजन पार्क तक साइक्लोथोन और पलाश हॉल से हिनू चौक तक वॉकाथॉन का आयोजन होगा, जिसमें आम नागरिकों, विद्यार्थियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हो सकेंगे। 4 जून को पलाश हॉल में स्कूली बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता होगी। वहीं 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर मुख्य समारोह के साथ पर्यावरण सप्ताह का समापन किया जाएगा। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारीयों और कर्मचारियों ने स्वयं मैदान में उतरकर यह दिखाया कि दिखाया कि पर्यावरण सरंक्षण केवल एक विचार नहीं, बल्कि जीवनशैली और सामूहिक जिम्मेदारी है। 1 जून को लालगुटवा स्थित जैव विवधता उद्द्यानमें विशाल स्वच्छता अभियान चलाया गया साथ ही "SAVE EARTH" मानव श्रंखला बनाकर चरति संरक्षण के सामूहिक सन्देश दिया गया।

# जेईई (एडवांस्ड) 2026 में रांची के बच्चों का रहा शानदार प्रदर्शन

## जेईई (एडवांस्ड) 2026 में न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रा. लि. का शानदार प्रदर्शन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची स्थित न्यूटन ट्यूटोरियल्स प्रा. लि. के छात्रों ने जेईई (एडवांस्ड)2026 में उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। संस्थान के छात्र पार्थ (एआईआर 988) ने ऑल इंडिया रैंक 988 प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। संस्थान के निदेशक प्रवीण कुमार ने बताया कि छात्रों की सफलता का श्रेय अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन, नियमित टेस्ट, स्टडी मैटेरियल और ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज को जाता है। इस वर्ष संस्थान के कई छात्रों ने बेहतर रैंक हासिल की, जिनमें हिमांशु कुमार (एआईआर 12004), स्वीटी कुमारी (एआईआर 816) और सिमरन कुमारी (एआईआर 2921) शामिल हैं। संस्थान ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## ब्रदर्स ऐकेडमी के 112 छात्रों ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** ब्रदर्स ऐकेडमी के 112 छात्रों ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। ब्रदर्स ऐकेडमी के छात्र, जिन्होंने उक्त परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है, उनके नाम निम्नांकित हैं : सौरभ, उत्कर्ष, शिवम, रक्षा, निश्चय, राजयोग, अनमोल, आदित्य, तनिष्क, रोहित एवं अन्य ..। छात्रों के झूमते समूह ने एक स्वर में अपनी सफलता का श्रेय ऐकेडमी के अनुशासित शैक्षणिक परिवेश और शिक्षकों के छात्रों के प्रति समर्पण को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही हमें सफलता की राह पर ला खड़ा किया है। सारगर्भित शिक्षण, शिक्षकों का दिशा-निर्देश, उच्चस्तरीय पाठ्यसामग्री, क्विज संचालन और इनका विश्लेषणात्मक मूल्याँकन, संस्थान का उद्देश्य के प्रति समर्पण बहुत उच्च कोटि का है।सिलेबस की समाप्ति के बाद ऐकेडमी द्वारा संचालित टेस्ट सीरिज बैट्स ने हमारे डर को पूरी तरह समाप्त कर दिया और आईआईटी की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में बहुत मददगार रहा है। संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेन्दु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने ऐकेडमी का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि सफलता परीक्षा के दिन नहीं बल्कि तैयारी के दौरान गढ़ी जाती है। निदेशकों ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुऐ उन्हें शुभकामनाएं दीं। सफल छात्रों के अभिभावकों ने भी ब्रदर्स एकेडमी के शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि एकेडमी के शिक्षकों के सतत परिश्रम ने इन बच्चों को ज्ञान और ऊर्जा से भरे मार्ग की दिशा दिखाई और बच्चों के सघन अध्ययन का परिणाम आशा जनक रहा।

## फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने जेईई एडवांस्ड 2026 में रांची के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का मनाया उत्सव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** शिक्षा कंपनी फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने जेईई एडवांस्ड 2026 में अपने विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन का जश्न मनाया। रांची से फिज़िक्सवाला के उच्च प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में मुकुल महातो (एआईआर 840), सागर सिंह (एआईआर 4663) और सक्षम सिंह (एआईआर 4700) सहित कई अन्य छात्र शामिल रहे। परीक्षा आयोजित करने वाले आईआईटी द्वारा जारी ऑफिशियल प्रेस रिलीज के अनुसार, जेईई एडवांस्ड 2026 के पेपर 1 और पेपर 2 में कुल 1,79,694 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिनमें से 56,880 अभ्यर्थी सफल घोषित किये गये। अलख पांडे, शिक्षक, संस्थापक एवं CEO, फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने कहा, मैं उन सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर जेईई एडवांस्ड 2026 परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। जिन विद्यार्थियों को आज अपने मनचाहे परिणाम नहीं मिले हैं, उनसे मैं कहना चाहूँगा कि यह एक परीक्षा आपकी क्षमताओं या आपके भविष्य की सफलता को निर्धारित नहीं करती। सीखने की प्रक्रिया जीवनभर चलती है, और यह उसका केवल एक पड़ाव है। इसलिए आत्मविश्वास बनाए रखें, निरंतर प्रयास करते रहें और आगे आने वाले अवसरों के लिए तैयार रहें।

## एक झलक

### बरकट्ठा में 100 केवीए ट्रांसफार्मर का किया गया उद्घाटन

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के मिडिल स्कूल के समीप बिजली विभाग की ओर से नए ट्रांसफार्मर एवं विद्युत तार लगाने का कार्य किया गया। नए ट्रांसफार्मर का शुभारंभ पूर्व मुखिया बसंत साव ने फीता काटकर किया। यह कार्य एजेंसी सीकेपी द्वारा कराया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व मुखिया बसंत साव ने कहा कि क्षेत्र में लंबे समय से जर्जर तार एवं ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड होने के कारण लोगों को बिजली आपूर्ति में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नए ट्रांसफार्मर की स्थापना और तार बदलने से बिजली व्यवस्था में सुधार होगा तथा उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि बेहतर विद्युत आपूर्ति से क्षेत्र के लोगों को कम वोल्टेज और बार-बार बिजली बाधित होने जैसी समस्याओं से निजात मिलेगी। ग्रामीणों ने भी नये ट्रांसफार्मर लगाये जाने पर खुशी जताई और विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर समाजसेवी दर्शन सोनी, उमेश यादव, सुरेश राम, दिलीप दास, अर्जुन राणा, जीवन यादव, उपेंद्र यादव, विजय यादव, यशवंत यादव, बासो यादव तथा सीकेपी के डायरेक्टर छत्रु पंडित सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के प्रखंड समन्वयक को मिला नियुक्ति पत्र

**खूंटी :** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के लिए चयनित अभ्यर्थी प्रियंका तोपनो को सोमवार को प्रखंड समन्वयक पद का नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। नियुक्ति पत्र उप विकास आयुक्त (डीडीसी) प्रवीण कुमार प्रकाश ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में सौंपा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने प्रियंका तोपनो को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य पात्र लाभुकों को आवास उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और लाभुकों तक समयबद्ध लाभ पहुंचाने में प्रखंड समन्वयक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। डीडीसी ने नियुक्ति प्राप्त अभ्यर्थी को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सक्रिय योगदान देने की अपेक्षा जताई। उल्लेखनीय है कि उपायुक्त मो जावेद हुसैन के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के सुचारू संचालन और निगरानी को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से यह नियुक्ति की गई है।

### चाईबासा चेंबर का रजत जयंती समारोह नवम्बर में, जुलाई में रक्तदान शिविर

**पश्चिमी सिंहभूम :** चाईबासा चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की 155 वीं कार्यसमिति बैठक सोमवार को स्थानीय टिप्सी रेस्टोरेंट में अध्यक्ष संजय चौबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार, व्यापारिक हितों, सामाजिक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। बैठक में सदस्यता विस्तार अभियान की समीक्षा करते हुए बताया गया कि हाल ही में चलाये गये अभियान के तहत 13 महिला और 109 पुरुष व्यवसायियों सहित कुल 122 नये सदस्य संगठन से जुड़े हैं। सामाजिक दायित्वों के तहत बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर में रक्त की कमी की समस्या को देखते हुए जुलाई माह में चाईबासा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान नागरिकों, युवाओं, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों से रक्तदान अभियान में भागीदारी की अपील की गयी।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संगठन के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नवंबर माह में भव्य रजत जयंती समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही संगठन के पिछले 25 वर्षों की व्यापारिक, सामाजिक और जनहितकारी गतिविधियों एवं उपलब्धियों को समाहित करते हुए एक विशेष स्मारिका का प्रकाशन भी किया जायेगा।

# 138 अवैध कफ सिरप के साथ आरोपी गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**कटकमसांडी (हजारीबाग) :** गुप्त सूचना के आधार पर पेलावल ओपी पुलिस ने अवैध कफ सिरप (ओनेरेक्स/Onerex) के कथित परिवहन एवं खरीद-बिक्री के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 138 बोतल कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी को रंगे हाथ पकड़ा गया और विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस जानकारी के मुताबिक, पेलावल ओपी क्षेत्र अंतर्गत थाना कांड संख्या 85/26 दिनांक 31.05.2026 दर्ज किया गया है। मामले में धारा 18(c)/27(b)(ii) Drugs & Cosmetics Act तथा 8(c)/22(b) NDPS Act के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी। पुलिस ने आरोपी नाजिम हुसैन (उम्र लगभग 40 वर्ष), पिता स्व. इन्तेखार हुसैन, निवासी खुटरा (डुकरा), थाना कटकमसांडी पेलावल, जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर जेल भेजने की बात कही है। स्थानीय स्तर पर इस कार्रवाई को पेलावल ओपी प्रभारी बिट्टू कुमार रजक की सक्रिय कार्यशैली से जोड़कर देखा जा रहा है। हाल ही में पदभार संभालने के महज दो दिन के भीतर की गयी इस कार्रवाई ने क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता को लेकर चर्चा तेज कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नये प्रभारी के आने के बाद अवैध गतिविधियों पर सख्ती का संदेश साफ दिख रहा है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में नशीले पदार्थों एवं अवैध दवाओं के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और कानून तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## वारंटी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**चौपारण :** चौपारण थाना क्षेत्र के केंदुआ पाड़ेबारा निवासी प्रभु साव को पुलिस ने न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रभु साव (पिता स्वर्गीय डेगलाल साव) के विरुद्ध न्यायालय में लंबित सी-2452/22, धारा 138 एनआई एक्ट (परक्राम्य लिखत अधिनियम) से संबंधित मामले में गिरफ्तारी की कार्रवाई की गयी। पुलिस ने न्यायालय के आदेश के अनुपालन में आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया गया। थाना पुलिस ने बताया कि लंबित वारंटों के निष्पादन और फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उक्त कार्रवाई की गई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी तथा सभी लंबित वारंटों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में पुलिस की सक्रियता का संदेश गया है।

### खूंटी में तोरपा क्रिकेट अकादमी के समर कैम्प का शुभारम्भ

## बच्चों में दिखा उत्साह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**खूंटी :** तोरपा क्रिकेट अकादमी की ओर से आयोजित समर कैंप 2026 का शुभारंभ सोमवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। कैंप के पहले दिन बच्चों और उनके अभिभावकों में क्रिकेट प्रशिक्षण को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण सत्र में हिस्सा लिया और खेल की बारीकियों को सीखने की शुरूआत की। कैंप के उद्घाटन सत्र में प्रशिक्षकों ने बच्चों को क्रिकेट की प्रारंभिक तकनीकी जानकारियां दीं। खिलाड़ियों को खेल के मूलभूत नियमों, तकनीकों, अभ्यास की सही पद्धति तथा अनुशासन के महत्व के बारे में बताया गया। प्रशिक्षकों ने बच्चों को नियमित अभ्यास, फिटनेस और खेल भावना के महत्व से भी अवगत कराया। प्रशिक्षक देवा हस्सा, उमाकांत मुंडा, विनायक विक्रम, करमवीर महतो, सौरव शर्मा, गौरव शर्मा, अनीश होरो, राजेश नायक, विशाल कुमार एवं ऋषभ षड़ंगी ने खिलाड़ियों को क्रिकेट की बुनियादी तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण की प्रारंभिक जानकारी देते हुए बच्चों को खेल में निरंतर मेहनत और अनुशासन बनाए रखने की सलाह दी। इस अवसर पर अकादमी के अध्यक्ष दीपक तिग्गा सहित अजीत जायसवाल, सुबोध जायसवाल, नीरज जायसवाल, आशुतोष सिंह, पवन गुप्ता और राजेश प्रसाद भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने का भी सशक्त साधन है।

## कोयले का अवैध खनता चला रहे तस्करों के ठिकानों पर की गयी कार्रवाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**चरही :** हजारीबाग सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र की तापिन नॉर्थ उत्खनन परियोजना में सोमवार को अवैध खनन के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नोनियाबेड़ा क्षेत्र में संचालित चार अवैध खनन मुहानों को मिट्टी भरकर बंद कर दिया गया। यह कार्रवाई सीसीएल प्रबंधन दल, खान सुरक्षा पदाधिकारी, सुरक्षा विभाग, क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग, वन विभाग चरही तथा चरही थाना की संयुक्त टीम द्वारा की गई। अभियान के तहत टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण कर अवैध खनन स्थलों की पहचान की और सुरक्षा मानकों के अनुरूप चारों मुहानों को बंद कराया। अधिकारियों ने बताया कि अवैध खनन से राष्ट्रीय संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचता है तथा इससे जान-माल की क्षति की भी आशंका बनी रहती है। इसी को देखते हुए अवैध खनन और कोयला चोरी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। संयुक्त टीम ने कहा कि अवैध खनन में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही आम लोगों से अपील की गई कि वे अवैध गतिविधियों से दूर रहें और ऐसी किसी भी गतिविधि की सूचना प्रशासन एवं संबंधित विभागों को दें। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इसी तरह के अभियान चलाकर अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाया जायेगा।

### गले में फंसी मछली, डॉक्टरों की तत्परता से बची मरीज की जान

**पश्चिमी सिंहभूम :** सदर अस्पताल में सोमवार को चिकित्सकों की त्वरित कार्रवाई और कुशल उपचार का एक प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला। गले में पूरी मछली फंस जाने से गंभीर स्थिति में पहुंचे एक मरीज को डॉक्टरों ने सफलतापूर्वक उपचार देकर नई जिंदगी दी। जानकारी के अनुसार, मछली खाने के दौरान अचानक पूरी मछली मरीज के गले में अटक गई। इसके बाद उसे सांस लेने में कठिनाई होने लगी और भोजन निगलना भी लगभग असंभव हो गया। स्थिति लगातार बिगड़ती देख परिजन उसे तत्काल सदर अस्पताल के आपातकालीन विभाग लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मामले की गंभीरता को समझते हुए बिना देरी उपचार शुरू कर दिया।

## 22-23 जून को होगी 40वीं धनबाद जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता, तैयारी शुरू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**धनबाद :** धनबाद जिला एथलेटिक्स संघ की बैठक स्थानीय कार्यालय में सोमवार को आयोजित की गई, जिसमें संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 40वीं धनबाद जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 22 एवं 23 जून 2026 को स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित बिरसा मुंडा स्टेडियम, ठाकुरकुल्ही में किया जायेगा। संघ के सचिव बंधन टोप्पो ने बताया कि प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के अंडर-14, अंडर-16, अंडर-18 और अंडर-20 आयु वर्ग के अलावा पुरुष एवं महिला वर्ग की विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाएं आयोजित होंगी। प्रतियोगिता में जिले के संबद्ध क्लबों, स्कूलों, कॉलेजों और अन्य खेल इकाइयों के खिलाड़ी भाग लेंगे। बैठक में सभी संबद्ध संस्थानों से 15 जून तक खिलाड़ियों का पंजीकरण कराने की अपील की गई। पंजीकरण के लिए विभिन्न क्षेत्रों के प्रभारी भी निर्धारित किए गए हैं। धनबाद क्षेत्र के लिए सरफराज खान, निरसा के लिए अभिजीत पात्रा, दिगवाडीह-झरिया के लिए जयराम भगत, गोविंदपुर के लिए गौतम कुमार महतो तथा कतरास क्षेत्र के लिए विवेक कुमार सिंह से संपर्क किया जा सकता है। बैठक की अध्यक्षता जिला संघ की अध्यक्षा किरण नायक ने की। इस अवसर पर जुबेर आलम, सुनील मिश्रा, राणा प्रताप सिंह, एस.एन. गुप्ता, पी.एन. बनर्जी, विनोद कुमार रावत, तारक नाथ दास, सुजल ठाकुर, टी.के. पाल समेत कई सदस्य उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों के गठन पर भी चर्चा की गई।

## 13 साल से फरार वारंटी समेत दो आरोपी गिद्दी पुलिस के शिकंजे में



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**हजारीबाग/गिद्दी :** अपराध और फरार आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में गिद्दी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना प्रभारी इकबाल हुसैन के नेतृत्व में गिद्दी थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए एक प्राथमिकी अभियुक्त और एक 13 वर्षों से फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 01.06.2026 को गिद्दी थाना कांड संख्या 33/25 के अप्राथमिकी अभियुक्त बंधन मांझी, पिता बिहारी मांझी, ग्राम बासकुदरा (Baskudra), थाना गिद्दी, जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं गिद्दी पुलिस की दूसरी और सबसे बड़ी उपलब्धि उस समय सामने आई जब ST 108अ/13 से संबंधित स्थायी वारंटी रामप्रसाद गोप, पिता जेठू गोप उर्फ धनी गोप, ग्राम हेसालोंग, थाना गिद्दी, जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पर धारा 147/148/149/323/341/307/353/337/224/225 IPC के तहत मामला दर्ज था और वह पिछले 13 वर्षों से फरार चल रहा था। लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी को गिद्दी पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

### मुनीडीह वाशरी हादसे के मृत श्रमिकों के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग

## कांग्रेस नेताओं ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की



**धनबाद/पुटकी :** मुनीडीह वाशरी में विगत 2 मई को लोडिंग कार्य के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में चार श्रमिकों की मौत के मामले में मृतकों के परिजनों को अब तक निर्धारित लाभ नहीं मिलने पर कांग्रेस नेताओं ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। सोमवार को कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने धनबाद के उपायुक्त आदित्य रंजन को ज्ञापन सौंपकर मृत श्रमिकों के आश्रितों को शीघ्र मुआवजा एवं अन्य लाभ दिलाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि हादसे के बाद जिला प्रशासन, बीसीसीएल प्रबंधन एवं संबंधित पक्षों के बीच हुए समझौते के तहत मृतकों के परिजनों को जो सुविधाएं और आर्थिक सहायता मिलनी थी, उसका अब तक पूर्ण अनुपालन नहीं हुआ है। इससे प्रभावित परिवारों को आर्थिक और सामाजिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से बीसीसीएल प्रबंधन से वार्ता कर समझौते की शर्तों को तत्काल लागू कराने तथा मृत श्रमिकों के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग की। उपायुक्त से राज्य सरकार स्तर पर भी आवश्यक पहल करने का आग्रह किया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में संतोष कुमार सिंह के अलावा बिजेंद्र पासवान, चक्रधर महतो, सुधीर कुमार सिंह, पी. रवानी सहित अन्य लोग शामिल थे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि परिजनों को शीघ्र न्याय नहीं मिला तो आगे आंदोलन पर भी विचार किया जायेगा।

## विभावि में ही रखा जाये कोडरमा के महाविद्यालयों को : नीरा यादव

**कोडरमा :** कोडरमा की विधायक और पूर्व मंत्री डॉ नीरा यादव ने राज्य सरकार से कोडरमा के सभी महाविद्यालयों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय में ही रखने की मांग की है। उन्होंने सोमवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि इस मामले में उन्होंने राज्यपाल, मुख्यमंत्री और शिक्षा सचिव को पत्र भी लिखा है। प्रेस वार्ता में विधायक ने आरोप लगाया कि कोडरमा में विधायक और सांसद भाजपा के हैं इसलिए साजिश कर जानबूझकर कोडरमा जिले को उपेक्षित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में कोडरमा जिले में तीन जगहों सतगावां, मरकच्चो और डोमचांच में डिग्री कॉलेज के भवन बने, लेकिन पिछले 05 साल से पढ़ाई की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। विधायक ने कहा कि कोडरमा जिला मुख्यालय से पॉलिटेक्निक कॉलेज को अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया और यहां कोई विकल्प नहीं दिया गया। वहीं उनके शिक्षा मंत्री रहते कोडरमा में इंजीनियरिंग कॉलेज का शिलान्यास हुआ, भवन बनकर तैयार हो गया लेकिन 05 साल बीत जाने के बाद भी अब तक इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई की व्यवस्था नहीं की जा सकी। यह राज्य सरकार की मंशा को दशार्ता है कि वह जानबूझकर कोडरमा को उपेक्षित रखना चाहती है। विधायक ने कहा कि कोडरमा का सबसे पुराना जगन्नाथ जैन कॉलेज और अन्य महाविद्यालयों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय से हटाकर सर जेसी बोस विश्वविद्यालय गिरिडीह से संबद्धता दी जा रही है जो किसी भी रूप में छात्र हित में नहीं है।

## बालू तस्करी, अवैध शराब व चेकपोस्ट वसूली पर गरजे पूर्व विधायक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**चौपारण :** चौपारण के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने अपने आवास पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं, कथित अनियमितताओं और प्रशासनिक कार्यशैली को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में बालू तस्करी का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है, जबकि भगहर क्षेत्र में महुआ शराब की अवैध चुलाई खुलेआम हो रही है। इसके बावजूद प्रशासन प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रहा है। पूर्व विधायक ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की अवैध निकासी से सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है और स्थानीय लोगों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर लगातार अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने चोरदाहा चेकपोस्ट का मुद्दा भी उठाते हुए वहां कथित अवैध वसूली होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में लगातार शिकायतें मिल रही हैं, जिसकी निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए। साथ ही दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि आम लोगों का प्रशासन पर विश्वास कायम रह सके। प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व विधायक ने चौपारण अस्पताल की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किये। उन्होंने कहा कि एक अधिकारी का स्थानांतरण होने के बावजूद वह अब तक अस्पताल में बने हुए हैं, जो प्रशासनिक प्रक्रियाओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि स्थानांतरण के बाद भी अधिकारी का पदस्थापित स्थान पर कार्यरत रहना नियमों के अनुरूप नहीं माना जा सकता। इस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। उमाशंकर अकेला ने कहा कि जनता की समस्याओं को लगातार नजर अंदाज किया जा रहा है, जबकि प्रशासन का दायित्व है कि वह कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाये। उन्होंने संबंधित विभागों एवं जिला प्रशासन से मांग की कि बालू तस्करी, अवैध शराब निर्माण, चेकपोस्ट पर कथित वसूली और अस्पताल से जुड़े मामलों की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा कि यदि जनहित के मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो जनता के साथ मिलकर व्यापक आंदोलन की रणनीति भी बनाई जाएगी। इस दौरान कई स्थानीय कार्यकर्ता एवं समर्थक भी उपस्थित थे।

### गरीबों के मसीहा ब्रह्मेश्वर मुखिया का शहादत दिवस मनाया गया

## सामाजिक न्याय व गरीबों के अधिकारों की लड़ाई के लिए आज भी याद किये जाते हैं ब्रह्मेश्वर मुखिया



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**चौपारण :** प्रखंड के इंगुनिया गांव में परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में गरीबों के मसीहा बाबा ब्रह्मेश्वर उर्फ ब्रम्हेश्वर नाथ सिंह मुखिया का सहादत दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि ब्रह्मेश्वर मुखिया ने समाज के कमजोर, शोषित और वंचित वर्ग के लोगों की आवाज बुलंद करने का कार्य किया। वे किसानों, मजदूरों और ग्रामीण समाज के हितों को लेकर हमेशा संघर्षरत रहे। अपने प्रभावशाली नेतृत्व और स्पष्ट विचारों के कारण उन्होंने एक बड़े जनसमूह के बीच विशेष पहचान बनायी। समर्थकों के अनुसार वे सामाजिक सम्मान, संगठन और अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर सक्रिय रहे तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने की बात करते थे। कार्यक्रम में उनके संघर्षपूर्ण जीवन, सामाजिक योगदान और समाज के प्रति समर्पण को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनके विचार और कार्य आज भी लोगों को प्रेरित करते हैं। उपस्थित लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने तथा समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिव कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, अरविंद कुमार सिंह, सुबोध सिंह, सिधेश सिंह, नवीन सिंह, मृत्युंजय सिंह, अभिजीत सिंह, जुगनू सिंह, सुजीत सिंह, अभय सिंह, अरबिंद सिंह, धर्मेंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, चंदन सिंह, अभिमन्यु सिंह, सत्यानंद सिंह, श्याम सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# अवैध कोयला लदी ट्रक की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**चरही/हजारीबाग :** चुरचू थाना क्षेत्र के चुरचू-बोदरा मोड़ स्थित बीते रविवार को देर शाम को अवैध कोयला लोड ट्रक और स्कू टी के टक्कर में दो युवकों को मौत हो गई थी। जिसको लेकर परिजनों और ग्रामीणों ने चुरचू-बोदरा मुख्य पथ को घन्टों जाम कर दिया था।लोग मांग कर रहे थे कि दोनों की मृतक के परिजनों मुआवजा तथा सरकारी सहायता तत्काल दिया जाय।साथ ही क्षेत्र में निर्बाध से चल रहे अवैध कोयले की तस्करी को अविलम्ब बंद कराया जाय। ज्ञात हो कि बीते 31 मई को चुरचू के करगी जंगल के अवैध कोल डिपो से ट्रक नबंर बीआर 02 जीए/9310 अवैध रूप से कोयला लोडकर तेज रफ़्तार से आ रहा था। इसी बीच स्कू टी पर सवार दो युवक अपने आवास बगजोबरा के नीम टोला जा रहे थे। ट्रक ने स्कूटी सवार को अपने चपेट में ले लिया। आकाश हंसदा की मौत मौके पर हो गई। जबकि राजेन्द्र बास्के गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल हजारीबाग भेजा गया। जहां पर इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण और परिजन घटना स्थल पर पहुंचकर सड़क को जाम कर दिया।चुरचू और आंगो पुलिस सूचना पाकर स्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों और परिजनों को समझाने में लगे रहे।और लोगों को जाम हटाने की अपील करते रहे। घन्टों मशक्कत करने के बाद जाम को हटाया गया।मृतक के दोनों परिजनों को मुआवजा के तौर पर कोयला तस्कर संदीप सिंह और प्रभात सिंह के द्वारा 2-2 लाख रुपये देने के लिए तैयार हुआ। जिसमें 50-50 हजार रूपया तत्काल दिया गया। बाकि रुपये तीन दोनों के बाद देने की बात कही गयी। उसके बाद दोनों शवों को पुलिस ने सोमवार अहले सुबह 3.30 बजे अपने कब्जे में कर सरकारी प्रक्रिया को पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिये हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया गया।

### मृत महिला का शव हुआ बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत जमनीजारा मोड़ के निकट एक महुआ पेड़ के नीचे एक महिला का शव मृत अवस्था में पाया गया। महिला के शव मिलने की खबर सोशल मीडिया पर जंगल मे लगी आग की तरह चारों तरफ फैल गयी। घटनास्थल पर आस-पास के लोगो की काफी भीड़ इकठ्ठा हो गयी और लोग शव की शिनाख्त करने में जुट गये। मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवार दोपहर लगभग बारह बजे के आसपास की बताई जा रही है, इसके बाद घटना की सूचना विष्णुगढ़ थाना पुलिस को दी गयी। मौके पर विष्णुगढ़ पुलिस शव को कब्जे में लेकर थाने ले आई। जानकारी के मुताबिक प्रखंड अंतर्गत बनासो के ग्राम नावाटाड निवासी थानू महतो की पत्नी केशिया देवी जिसकी उम्र 53 वर्ष बताई जा रही है। मृतक के पति एवं परिजनों के अनुसार बताया गया कि मृतका की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी। परिजनों द्वारा बताया गया कि महिला अपने घर से कई बार बिन बताये कही भी निकल जाती थी, फिर शाम तक लौटकर घर वापस आ जाती थी। मृत महिला का पति थानू महतो पिता जोगन महतो ने बताया कि घटना के दिन सुबह के समय मैं हल बैल लेकर अपने खेत चला गया था, पुनः समय करीब सुबह दस बजे वापस लौटकर घर आया तो पत्नी को घर में नहीं पाया, मुझे लगा कि शाम तक वापस घर आ जायेगी।

## झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल, जनता को नहीं मिल रहीं बुनियादी सुविधाएं : राफिया

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर हेमंत सोरन की सरकार और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राज्य के सरकारी अस्पतालों की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है और मरीजों को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। सोमवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में राफिया नाज ने कहा कि करोड़ों रुपये के बजट, बड़े-बड़े दावों और सरकारी विज्ञापनों के बावजूद राज्य की स्वास्थ्य सेवाएं दम तोड़ती नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता को बेहतर और सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता है, लेकिन सरकार समस्याओं के समाधान के बजाय बहाने बनाने में व्यस्त है। उन्होंने हाल ही में जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में हुई एक घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि 13 वर्षीय बच्चे की मौत के बाद उसके पिता को अपने बेटे का शव गोद में उठाकर अस्पताल से बाहर ले जाना पड़ा। अस्पताल प्रशासन न तो स्ट्रेचर उपलब्ध करा सका और न ही शव वाहन। उन्होंने इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और पूरे राज्य को शर्मसार करने वाली घटना बताया।

## एक झलक

### धनबाद में चला व्यापक एंटी क्राइम चेकिंग अभियान, 1746 वाहनों की हुई जांच

**धनबाद** : जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को देर शाम तक वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर जिला स्तर पर विशेष एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस बल ने प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थानों और मुख्य मार्गों पर सघन वाहन जांच की। पुलिस द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान में कुल 1746 वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान वाहन चालकों से ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण प्रमाणपत्र, बीमा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। जिन वाहनों के कागजात अधूरे या नियमों के अनुरूप नहीं पाए गए, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए चालान काटे गए तथा वाहन चालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। अभियान के दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी लेकर उनकी पहचान का सत्यापन किया। विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से असामाजिक तत्वों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। एसएसपी ने बताया कि इस तरह के अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराध की रोकथाम, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वाहन चलाते समय सभी आवश्यक दस्तावेज अपने साथ रखें तथा जांच अभियान के दौरान पुलिस का सहयोग करें।

### ईस्ट बसुरिया ओपी कांड में अभियुक्त अनिल कुमार को दो वर्ष का कारावास

**धनबाद** : ईस्ट बसुरिया ओपी कांड संख्या 231/22 में माननीय न्यायालय ने सुनवाई पूरी करने के बाद अभियुक्त अनिल कुमार को दोषी करार देते हुए दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने भारतीय दंड विधान की धारा 411 के तहत अभियुक्त के विरुद्ध आरोप सिद्ध पाए जाने पर यह दंड निर्धारित किया। मामला वर्ष 2022 में दर्ज ईस्ट बसुरिया ओपी कांड संख्या 231/22 से संबंधित है, जिसमें धारा 341, 342, 323, 325, 386, 420, 379, 504, 506, 411 एवं 34 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने न्यायालय के समक्ष उपलब्ध साक्ष्य, दस्तावेज और गवाहों के बयान प्रस्तुत किए। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक (एपीपी) आशुतोष कुमार सिंह ने प्रभावी ढंग से पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि अभियुक्त के खिलाफ धारा 411 के अंतर्गत लगाये गये आरोप प्रमाणित होते हैं। इसके बाद न्यायालय ने उसे दोषसिद्ध घोषित करते हुए दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय के इस फैसले को आपराधिक मामलों में साक्ष्य आधारित न्यायिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण उदाहरण माना जा रहा है। इससे कानून व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत होने की उम्मीद जतायी जा रही है।

### डायन होने के शक में महिला की गला रेत कर हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम जिले के कुमारडुंगी थाना क्षेत्र के खंडखोरी गांव में डायन होने के शक में 47 वर्षीय महिला शुरू गोप की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले के आरोपित पुडुवा सिंकू उर्फ चौके को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद गांव में भय और तनाव का माहौल है। पुलिस के अनुसार, रविवार रात शुरू गोप अपने घर में छोटे बच्चों के साथ थीं। उनके पति देवेंद्र गोप और परिवार के अन्य सदस्य ओड़िशा के गेरेया मंजर गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इसी दौरान गांव निवासी पुडुवा सिंकू उर्फ चौके उनके घर पहुंचा। मृतका के बच्चों ने पुलिस को बताया कि आरोपित हड़िया पिलाने के बहाने उनकी मां को अपने साथ ले गया था।

## रेड डॉट चैलेंज के जरिये मासिक धर्म स्वच्छता का संदेश

# महिलाओं व किशोरियों को किया गया जागरूक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर जिले में जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा विभिन्न प्रखंडों में रेड डॉट चैलेंज एवं मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सोमवार को एगारकुंड के गोपीनाथपुर, निरसा के खुसरी, टुंडी के मनियाडीह समेत कई क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म से जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों की जानकारी दी गई। जेएसएलपीएस के जिला परियोजना प्रबंधक सुदिप्ता बनर्जी ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों को समझाया गया कि माहवारी कोई बीमारी नहीं, बल्कि महिलाओं के जीवन का एक सामान्य और प्राकृतिक जैविक चक्र है। इस दौरान मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों का पालन करने तथा इससे जुड़े सामाजिक मिथकों और भ्रांतियों को दूर करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं किशोरियों को सेनेटरी पैड वितरित किये गये तथा उन्हें सुरक्षित और स्वच्छ माहवारी प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। सभी प्रतिभागियों ने रेड डॉट चैलेंज के माध्यम से मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प भी लिया। मुखियाओं ने कहा कि महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य, सम्मान और आत्मविश्वास के लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम बेहद जरूरी हैं। उन्होंने समाज में इस विषय पर खुल कर चर्चा करने और सकारात्मक सोच विकसित करने की अपील की। कार्यक्रम में जल सहिया, स्वास्थ्य सहिया, स्वयं सहायता समूह की सदस्याओं और किशोरी लड़कियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। यह अभियान जिले के विभिन्न प्रखंडों में 03 जून तक जारी रहेगा।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल, लाभुकों के बीच बांटी गयीं सिलाई मशीनें व कृषि उपकरण



**धनबाद/बलियापुर** : ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सोमवार को बलियापुर क्षेत्र में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर लाभुक महिलाओं के बीच सिलाई मशीनों एवं कृषि तकनीकी उपकरणों का वितरण किया गया। यह वितरण सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो की अनुशंसा पर अनुसूचित जनजाति योजना के तहत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला लाभुकों ने भाग लिया। इस अवसर पर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सिलाई मशीनें उपलब्ध कराई गईं, ताकि वे घरेलू स्तर पर रोजगार शुरू कर अपनी आय बढ़ा सकें। वहीं किसानों और महिला समूहों को आधुनिक कृषि उपकरण देकर खेती को अधिक लाभकारी और वैज्ञानिक बनाने की दिशा में भी प्रयास किया गया। उपकरण प्राप्त करने वाली महिलाओं ने इस पहल को उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला कदम बताया। कार्यक्रम में मौजूद कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को आधुनिक खेती, जैविक पद्धतियों और हरी खाद के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर हरी खाद और वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ती है तथा उत्पादन लागत घटती है। उन्होंने किसानों से नई तकनीकों को अपनाकर खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने की अपील की।

## 25 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा के बाद प्रो. चंद्रेश्वर ठाकुर सेवानिवृत्त, बीआईटी सिन्दरी ने दी भावभीनी विदाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद)** : बीआईटी सिंदरी के गणित विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. चंद्रेश्वर ठाकुर को सोमवार को उनके सेवानिवृत्ति अवसर पर संस्थान परिवार की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने उनके 25 वर्षों के योगदान को याद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. पंकज राय ने की। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि प्रो. ठाकुर ने वर्ष 2001 में बीपीएससी के माध्यम से बीआईटी सिंदरी में अपनी सेवा शुरू की थी। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने एक उत्कृष्ट शिक्षक, प्रेरणादायी मार्गदर्शक, समर्पित शोधकर्ता और कुशल प्रशासक के रूप में विशेष पहचान बनाई। उन्होंने परीक्षा नियंत्रक, छात्रावास अधीक्षक समेत कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। निदेशक डॉ. पंकज राय सहित प्रो. धनश्याम, प्रो. राजीव वर्मा, प्रो. कुणाल कुमार, डॉ. प्रफुल्ल शर्मा, प्रो. डी.के. तांती, डॉ. अमित कुमार गुप्ता, प्रो. संग्राम हेंब्रम और डॉ. प्रियंका कुमारी ने उनके शैक्षणिक योगदान, अनुशासन, सत्यनिष्ठा और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि प्रो. ठाकुर की कार्यशैली और कर्तव्यनिष्ठा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी रहेगी। कार्यक्रम के अंत में संस्थान परिवार की ओर से प्रो. ठाकुर को स्मृति चिह्न एवं सम्मान-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके स्वस्थ, सुखद एवं सफल सेवानिवृत्त जीवन की कामना की गई। समारोह भावुक माहौल में संपन्न हुआ, जहां सहकर्मियों और विद्यार्थियों ने उनसे जुड़े अनुभव भी साझा किए।

## बीएलए-2 एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस की समीक्षा बैठक

# बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने पर जोर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सोमवार को बेकारबांध स्थित ब्लेसिंग हॉल में बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट) एवं मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने की। इसमें झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह-प्रभारी भूपेंद्र मरावी एवं धनबाद जिला कांग्रेस ग्रामीण प्रभारी राकेश किरण महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक में जिला एवं प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ सभी नगर और प्रखंड कांग्रेस अध्यक्षों ने भाग लिया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा की गई तथा बीएलए-2 कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न कटे। उन्होंने बूथ स्तर पर सतर्कता बनाये रखने का आह्वान किया। प्रदेश सह-प्रभारी भूपेंद्र मरावी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का शुद्ध और त्रुटिरहित होना आवश्यक है। उन्होंने बीएलए-2 कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ पर सक्रिय रहकर पात्र मतदाताओं की सहायता करने और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। वहीं राकेश किरण महतो ने कहा कि जिले के सभी प्रखंडों में संगठन लगातार निगरानी कर रहा है। बैठक के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए बूथ स्तर तक मजबूती से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के बाद दिवंगत जिला महासचिव असद कलीम की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## पुटकी चेंबर चुनाव में चांद परवेज अध्यक्ष कुमार संभव सिंह महासचिव निर्वाचित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/पुटकी** : पुटकी बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स के बहुप्रतीक्षित चुनाव का परिणाम सोमवार को घोषित कर दिया गया। चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में चाँद परवेज ने 233 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी शाहरुख खान को 40 मतों के अंतर से पराजित किया। शाहरुख खान को 193 मत मिले। वहीं महासचिव पद पर कुमार संभव सिंह ने 187 मत हासिल कर विजय प्राप्त की। उनके प्रतिद्वंद्वी विकास वर्मा उर्फ विक्की वर्मा को 126 तथा निरंजन शर्मा को 112 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर पंकज कुमार वर्णवाल पहले ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जा चुके थे। चेंबर कार्यालय, पुटकी में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान कराया गया। कुल 444 मतदाताओं में से 432 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिससे चुनाव में व्यापारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। मतदान के बाद मतगणना पूरी कर परिणाम की घोषणा की गई। चुनाव प्रक्रिया जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के नेतृत्व और निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## गोलीकांड और छिनतई की कहानी पर उठे सवाल, कोयला खनन वर्चस्व की लड़ाई से जुड़ा हो सकता है मामला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद)** : तोपचांची थाना क्षेत्र में सोमवार अहले सुबह गोली लगने से घायल युवक के मामले में पुलिस जांच ने नया मोड़ ले लिया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को गोलीकांड और छिनतई की कहानी संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पुलिस का मानना है कि घटना सड़क अपराध नहीं बल्कि कोयला खनन क्षेत्र में वर्चस्व की लड़ाई से जुड़ी हो सकती है। घायल रवि बख्श राय का इलाज धनबाद एसएनएमएमसीएच में चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बाघमारा एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, तोपचांची थाना प्रभारी और अन्य पुलिस अधिकारी अस्पताल पहुंचे तथा घायल से पूछताछ की। जांच में पता चला कि घटना में तीन राउंड फायरिंग हुई थी, जिसमें दो गोलियां रवि के दोनों पैरों में लगीं। मामले को लेकर एसडीपीओ ने बताया कि घायल बोकारो जिले के दुग्दा थाना क्षेत्र के अटारी गांव का निवासी है। रवि ने पुलिस को बताया कि वह अपने मित्र के साथ देवघर जा रहा था, तभी तोपचांची बाजार के समीप बाइक सवार अपराधियों ने उस पर गोली चला दी और बाइक लेकर फरार हो गए। हालांकि उसके साथ मौजूद दिवाकर सिंह के बयान और अन्य परिस्थितियां इस कहानी से मेल नहीं खा रही हैं। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन वहां न तो खून के निशान मिले और न ही कोई खोखा बरामद हुआ। इससे संदेह और गहरा गया है। पुलिस को आशंका है कि दुग्दा क्षेत्र में कोयला खनन से जुड़े विवाद के दौरान फायरिंग हुई और बाद में इलाज के लिए धनबाद लाने के दौरान तोपचांची में घटना होने की कहानी गढ़ी गई। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस जल्द ही दुग्दा क्षेत्र जाकर वास्तविक घटनास्थल की जांच करेगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की पड़ताल कर रही है।

## लोयाबाद में चालक के घर फायरिंग, बाल-बाल बचा परिवार, दहशत का माहौल

**बाघमारा (धनबाद)** : लोयाबाद थाना क्षेत्र के कनकनी पासी पट्टी में रविवार देर रात अपराधियों द्वारा एक घर पर गोली चलाए जाने की घटना से इलाके में दहशत फैल गई। घटना रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है। गोली पासी पट्टी निवासी रवि मिर्धा के घर की लोहे की खिड़की से सटाकर चलाई गई। रवि झरिया स्थित एक आउटसोर्सिंग कंपनी में चालक के रूप में कार्यरत हैं। जानकारी के अनुसार गोली खिड़की को भेदते हुए घर के अंदर रखी अलमारी में जा लगी। इससे अलमारी का शीशा टूट गया और गोली उसके अंदर फंस गई। घटना के समय परिवार के सदस्य घर में सो रहे थे। अचानक गोली चलने की तेज आवाज से पूरा परिवार घबराकर जाग गया। खिड़की और अलमारी पर गोली के निशान देखकर परिजनों में भय का माहौल बन गया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए और हमलावर की तलाश शुरू की, लेकिन तब तक वह फरार हो चुका था। घटना की सूचना मिलते ही लोयाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने अलमारी से गोली बरामद कर ली है तथा आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

लोयाबाद थाना प्रभारी पिंकु प्रसाद ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आपसी विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा कर लिया जाएगा। घटना के बाद पूरे इलाके में भय और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## जिला कांग्रेस में बढ़ा सियासी घमासान अध्यक्ष को हटाने की मांग पर छिड़ी बयानबाजी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : धनबाद जिला कांग्रेस में संगठनात्मक विवाद एक बार फिर खुलकर सामने आ गया है। पूर्व ओबीसी कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रीतम रवानी द्वारा एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र भेजकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष सिंह को पद से हटाने की मांग किए जाने के बाद पार्टी के अंदर आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। प्रीतम रवानी ने अपने पत्र में आरोप लगाया है कि वर्तमान जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन लगातार कमजोर हुआ है और जमीनी कार्यकताओं में असंतोष बढ़ा है। उन्होंने लोकसभा, विधानसभा और नगर निगम चुनावों में पार्टी समर्थित उम्मीदवारों की हार का हवाला देते हुए संगठन की समीक्षा की मांग की है। साथ ही पुराने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा तथा एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलने का आरोप लगाया है। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और एआईसीसी संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल को भी भेजी है। वहीं संतोष सिंह समर्थक गुट ने रवानी के अभियान को निराधार बताते हुए कहा है कि प्रीतम रवानी स्वयं पार्टी से निष्कासित हैं। कांग्रेस अनुशासन समिति के संयोजक डॉ. रामेश्वर उरांव द्वारा जारी पत्र के अनुसार उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में दो वर्षों के लिए निष्कासित किया गया है। समर्थकों का कहना है कि निष्कासित व्यक्ति द्वारा जिला अध्यक्ष को हटाने की मुहिम चलाना संगठनात्मक मर्यादा के अनुरूप नहीं है। इस घटनाक्रम के बाद धनबाद कांग्रेस में अंदरूनी खींचतान और तेज हो गई है तथा राजनीतिक गलियारों में इसकी व्यापक चर्चा शुरू हो गयी है।

## एक्टिव जोन के कैनवस वर्कशॉप में उभरी युवा कलाकारों की प्रतिभा



**धनबाद** : बैंक मोड़ स्थित उर्मिला टावर के एक्टिव जोन में सोमवार को एकदिवसीय कैनवस पेंटिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में प्रसिद्ध चित्रकार शिव शंकर धर एवं उनकी पत्नी जोइता धर के मार्गदर्शन में युवा कलाकारों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य उभरते पेंटिंग कलाकारों को अपनी प्रतिभा निखारने और कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना था। वर्कशॉप में धनबाद जिले के सात चयनित प्रशिक्षु कलाकारों ने भाग लिया। इनमें अशोक नगर की देवांशी जैन, बैंक मोड़ की परी अग्रवाल, नया बाजार की महरीन इकराम और दूरिया इकराम, भूली की ध्रुविका गुड़गुटिया, हीरापुर की सातवीका लाला तथा पटना के अद्विक भालोटिया शामिल थे। सभी प्रतिभागियों ने कैनवस पर आकर्षक और दर्शनीय चित्र उकेरकर अपनी रचनात्मक क्षमता का परिचय दिया। कलाकारों द्वारा तैयार की गई पेंटिंग्स को देखने के लिए उपस्थित लोगों में खासा उत्साह देखा गया। चित्रों की रंग-संयोजना, कल्पनाशीलता और प्रस्तुति की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम के दौरान कला प्रेमियों ने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## तिलाटांड़ की जमीन पर स्वामित्व विवाद गहराया दोनों पक्षों ने पेश किये अपने-अपने दावे

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद)** : कतरास के तिलाटांड़ मौजा स्थित बिजली कार्यालय के पीछे की एक भूखंड को लेकर स्वामित्व विवाद गहरा गया है। एक ओर खतियानी वंशजों ने पुश्तैनी जमीन की कथित फर्जी बिक्री का आरोप लगाया है, वहीं दूसरी ओर जमीन विक्रेता और खरीददार पक्ष ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए अपने दस्तावेजों को वैध बताया है। रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में मुकेश सिंह ने दावा किया कि मौजा संख्या-251, खाता संख्या-11 के विभिन्न प्लॉटों में दर्ज 71 डिसमिल जमीन उनके परदादा जगेश्वर राय के नाम खतियान में दर्ज है। उन्होंने आरोप लगाया कि परिवार की जानकारी और सहमति के बिना फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन की खरीद-बिक्री की गई है। उनका कहना है कि वर्ष 2017 तक जमीन की रसीद परिवार के नाम से कटती रही और कुछ माह पूर्व दादा गोपाल सिंह के निधन के बाद कथित अनियमितताओं की जानकारी मिली। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, दूसरे पक्ष के संतोष मिस्त्री ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि संबंधित जमीन उनके पिता फिरंगी मिस्त्री ने वर्ष 1970 में विधिवत खरीदी थी तथा डीड, पंजी-2 और ऑनलाइन रसीद सहित सभी अभिलेख उनके पक्ष में हैं। इधर जमीन खरीददार राहुल कुमार और हरिमोहन सिंह ने भी कहा कि सभी सरकारी दस्तावेजों की जांच के बाद ही जमीन खरीदी गई है। उन्होंने खुद पर लगाये गये जालसाजी और फजीर्वाड़े के आरोपों को बेबुनियाद बताया। मामले को लेकर प्रशासनिक जांच की मांग के बीच अब सभी की नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी है।

# वार्ड स्तर तक मजबूत होगी जनसम्पर्क व विकास कार्यों की निगरानी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद)** : झरिया विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की निगरानी, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विधायक रागिनी सिंह ने विभिन्न विभागों एवं वार्डों के लिए विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है। सोमवार को बिहार बिल्डिंग स्थित विधायक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में इसकी औपचारिक घोषणा की गई। विधायक ने पथ, शिक्षा, विद्युत, जलापूर्ति, स्वास्थ्य तथा विकास कार्यों की समीक्षा के लिए अलग-अलग प्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपी। विकास कार्यों की निगरानी के लिए कृष्ण देव पांडेय और अखिलेश कुमार सिंह को विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है। वहीं पथ विभाग के लिए उमेश यादव, शिक्षा के लिए अभिषेक पांडेय, विद्युत के लिए दिलीप भारती, जलापूर्ति के लिए राज किशोर जेना तथा स्वास्थ्य विभाग के लिए संतोष शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 34 से 52 तक विभिन्न क्षेत्रों के लिए भी विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई है। इन प्रतिनिधियों का दायित्व अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को चिन्हित कर विधायक कार्यालय तक पहुंचाना तथा उनके समाधान की दिशा में समन्वय स्थापित करना होगा। इस अवसर पर विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि जनता को छोटी-बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। नियुक्त प्रतिनिधि जनता और विधायक कार्यालय के बीच सेतु का कार्य करेंगे तथा विकास योजनाओं की नियमित निगरानी करेंगे। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों को ईमानदारी, जवाबदेही और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। झरिया विधानसभा क्षेत्र में इस पहल को संगठनात्मक मजबूती तथा जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## रागिनी सिंह के समर्थन में सड़कों पर उतरे समर्थक श्रवण राय की प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाल किया विरोध



**धनबाद** : झरिया विधायक रागिनी सिंह पर कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर सोमवार को धनबाद में राजनीतिक माहौल गरमा गया। सिंह मैनसन समर्थकों और कार्यकताओं ने रणधीर वर्मा चौक पर जोरदार विरोध-प्रदर्शन करते हुए भाजपा महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय के खिलाफ आक्रोश जताया। प्रदर्शनकारियों ने श्रवण राय की प्रतीकात्मक शव यात्रा निकालने के बाद शव दाह और पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि किसी महिला जनप्रतिनिधि के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी न केवल व्यक्ति विशेष का, बल्कि पूरे समाज और लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है। उन्होंने कहा कि झरिया विधायक रागिनी सिंह के प्रति की गई कथित टिप्पणी से क्षेत्र की जनता की भावनाएं आहत हुई हैं। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने भाजपा प्रदेश नेतृत्व से श्रवण राय के खिलाफ तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि उन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जायेगा। साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के कार्यक्रमों के दौरान भी विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई। प्रदर्शन में नवीन पंडित, गोपाल रवानी, विजय बहादुर, आमिर खान, उमा कुमारी, संतू सिंह, कंचन पासवान सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

## सम्पादकीय.....

# सर्वोच्च न्यायालय का सुन्दर कदम

**सर्वोच्च** न्यायालय ने न्याय में विलम्ब रोकने के लिहाजन बड़ा ही सुन्दर कदम उठाया है। माननीय शीर्ष न्यायालय ने सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिये हैं कि सुरक्षित रखे गये निर्णय तीन महीने के भीतर सुनाये जायें। जमानत याचिकाओं पर उसी दिन या अधिकतम अगले दिन निर्णय देने को कहा गया है। साथ ही, सभी निर्णय 24 घंटे के भीतर वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश दिये गये हैं, ताकि न्याय प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बन सके। न्यायालयीय निर्णयों में होनेवाले विलम्ब को रोकने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के ताजा निर्देश बहुत महत्त्वपूर्ण हैं। इससे हाईकोर्ट में लम्बित मुकदमों का बोझ कम होगा और न्याय तेजी से मिलेगा। चीफ जस्टिस सूर्यकांत के नेतृत्ववाले पीठ ने सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिये हैं कि आदेश सुरक्षित रखने के बाद तीन महीने के भीतर निर्णय सुना दिया जाये। इसी तरह, जमानत अर्जियों पर उसी दिन आदेश सुनाये जाने चाहिए और यदि निर्णय सुरक्षित रखा भी जाता है, तो वह अगले दिन सुना दिया जाये। सभी जजमेंट 24 घंटे के भीतर हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड करने के भी निर्देश दिये गये। सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ये निर्देश दिये हैं। यह आर्टिकल पूर्ण न्याय के लिए सर्वोच्च न्यायालय को व्यापक विवेकाधीन शक्ति देता है। वैसे तो इसका उपयोग विरले अवसरों पर ही किया जाता है, लेकिन इस मामले में अनुच्छेद का उपयोग बताता है कि निर्णयों में विलम्ब किस तरह न्याय व्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है। भारतीय न्यायालयों पर सबसे बड़ा आरोप यही रहा है कि यहां मुकदमे लम्बे अरसे तक चलते रहते हैं और कई बार निर्णय इतनी देर से आता है कि उसका प्रभाव महसूस ही नहीं होता। ऐसे में यही कहना उचित जान पड़ता है कि ताजा निर्देश व्यवस्था को समयबद्ध बनाने का एक सुन्दर प्रयास है। पिछले वर्ष मई में भी सर्वोच्च न्यायालय ने हैरानी जतायी थी कि झारखंड हाईकोर्ट ने 67 आपराधिक अपीलों में निर्णय सुरक्षित रखा है। उस समय जो दो जजों का पीठ मामले को देख रहा था, उसमें जस्टिस सूर्यकांत भी थे। शीर्ष न्यायालय ने इस घटनाक्रम को चिन्ताजनक बताते हुए सभी उच्च न्यायालयों से लम्बित निर्णयों की जानकारी मांगी थी और कहा था कि वह कुछ अनिवार्य दिशा-निर्देश तैयार करेगा। इसमें जमानत का मामला बेहद संवेदनशील है। सर्वोच्च न्यायालय कई अवसरों पर स्पष्ट कर चुका है कि संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत मिला गरिमापूर्ण जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार सबसे महत्त्वपूर्ण है। ऐसे में यह स्वीकार नहीं किया जा सकता कि न्यायालय से तो जमानत मिल जाये या सजा लम्बित हो जाये, लेकिन बाकी औपचारिकताओं की वजह से विलम्ब हो। बहरहाल, सर्वोच्च न्यायालय के ताजा निर्देशों से जल्द इंसाफ मिलने की उम्मीद बंधी है। यदि ऐसा हुआ, तो निश्चित रूप से इससे न्यायपालिका पर लोगों का भरोसा बढ़ेगा। शीर्ष न्यायालय का निर्णय हर दृष्टि से सराहनीय है। इसका स्वागत किया जाना चाहिए।

## ● किसने क्या कहा



मिट्टी बचेगी, तो खेती बचेगी, किसान मजबूत होगा और देश बनेगा समृद्ध

**शिवराज सिंह**
कृषि मंत्री



गाय राष्ट्र माता है, उसे घोषित करने की कोई आवश्यकता ही नहीं

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री (उत्तर प्रदेश)

# जब ट्रेंड तय करने लगे जनमत

विशेष | **डॉ. प्रियंका सौरभ**



करोड़ों लोग प्रतिदिन फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूब, व्हाट्सऐप और अन्य डिजिटल मंचों का उपयोग करते हैं। समाचारों से लेकर राजनीतिक विचारों तक, समाज के बड़े वर्ग की प्राथमिक जानकारी अब इन्हीं प्लेटफॉर्मों से प्राप्त होती है। यह परिवर्तन केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से भी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। पहले जहां नागरिक किसी मुद्दे पर अखबार पढ़ कर, बहस सुन कर या स्थानीय स्तर पर चर्चा करके राय बनाते थे, वहीं अब राय निर्माण की प्रक्रिया काफी हद तक डिजिटल मंचों पर निर्भर हो गयी है। इस प्रक्रिया में सोशल मीडिया एल्गोरिदम की भूमिका केन्द्रीय हो गयी है। एल्गोरिदम ऐसे तकनीकी तंत्र हैं, जो यह तय करते हैं कि किसी उपयोगकर्ता को कौन-सी सामग्री दिखायी जायेगी और कौन-सी नहीं।

**लोकतंत्र** की सबसे बड़ी शक्ति जनमत होता है। यह जनमत किसी एक दिन या एक चुनाव के दौरान निर्मित नहीं होता, बल्कि समाज में निरंतर चलने वाले संवाद, बहस, विचार-विमर्श, सामाजिक अनुभवों, राजनीतिक चेतना और नागरिक भागीदारी की लंबी प्रक्रिया से आकार लेता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों का सूचित निर्णय, विभिन्न विचारों का आदान-प्रदान और असहमति के प्रति सम्मान अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। लंबे समय तक भारत में जनमत के निर्माण का आधार प्रत्यक्ष संवाद, जनसभाएँ, सामाजिक संगठन, समाचार-पत्र, पुस्तकें, शिक्षण संस्थान और जनआंदोलन रहे। लेकिन डिजिटल क्रांति के बाद यह परिदृश्य तेजी से बदला है। आज सोशल मीडिया केवल संवाद का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि वह जनमत निर्माण की सबसे प्रभावशाली शक्ति के रूप में उभरा है। ऐसे समय में यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या अब जनमत नागरिकों के स्वतंत्र चिंतन से अधिक सोशल मीडिया ट्रेंड और एल्गोरिदम द्वारा निर्धारित होने लगा है?

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और साथ ही दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल उपभोक्ता समूहों में से एक भी। करोड़ों लोग प्रतिदिन फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूब, व्हाट्सऐप और अन्य डिजिटल मंचों का उपयोग करते हैं। समाचारों से लेकर राजनीतिक विचारों तक, समाज के बड़े वर्ग की प्राथमिक जानकारी अब इन्हीं प्लेटफॉर्मों से प्राप्त होती है। यह परिवर्तन केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पहले जहाँ नागरिक किसी मुद्दे पर अखबार पढ़कर, बहस सुनकर या स्थानीय स्तर पर चर्चा करके राय बनाते थे, वहीं अब राय निर्माण की प्रक्रिया काफी हद तक डिजिटल मंचों पर निर्भर हो गई है। इस प्रक्रिया में सोशल मीडिया एल्गोरिदम की भूमिका केंद्रीय हो गई है।

एल्गोरिदम ऐसे तकनीकी तंत्र हैं जो यह तय करते हैं कि किसी उपयोगकर्ता को कौन-सी सामग्री दिखाई जाएगी और कौन-सी नहीं। वे उपयोगकर्ता की पसंद, गतिविधियों, खोज इतिहास और ऑनलाइन व्यवहार का विश्लेषण करके सामग्री का चयन करते हैं। तकनीकी दृष्टि से उनका उद्देश्य उपयोगकर्ता को अधिक समय तक प्लेटफॉर्म पर बनाए रखना होता है, क्योंकि डिजिटल कंपनियों का आर्थिक मॉडल इसी पर आधारित है। लेकिन लोकतांत्रिक दृष्टि से यह प्रक्रिया कई गंभीर प्रश्न खड़े करती है। यदि नागरिकों को वही सामग्री दिखाई जाए जो उनकी पूर्व मान्यताओं से मेल खाती हो, तो क्या वे विविध विचारों से परिचित हो पाएँगे? यदि एल्गोरिदम यह तय करने लगें कि कौन-सा मुद्दा महत्वपूर्ण है, तो क्या लोकतांत्रिक विमर्श स्वतंत्र रह पाएगा?

आज सोशल मीडिया पर ट्रेंड होना किसी विषय की लोकप्रियता का प्रमुख संकेतक माना जाता है। कोई हैशटैग लाखों बार साझा हो जाए तो वह राष्ट्रीय चर्चा का विषय बन जाता है। कई बार ऐसा प्रतीत होता है कि जो ट्रेंड कर रहा है वही जनभावना का प्रतिनिधित्व कर रहा है। किंतु यह आवश्यक नहीं कि ट्रेंड वास्तव में समाज की व्यापक राय का प्रतिबिंब हो। अनेक बार ट्रेंड संगठित डिजिटल अभियानों, राजनीतिक प्रचार, भुगतान आधारित प्रचार रणनीतियों या बॉट नेटवर्क द्वारा भी निर्मित किए जाते हैं। ऐसे में यह समझना आवश्यक है कि डिजिटल दृश्यता और वास्तविक जनसमर्थन हमेशा समानार्थी नहीं होते। जमीनी स्तर की राजनीतिक भागीदारी और डिजिटल सक्रियता के बीच का अंतर भी इसी संदर्भ में महत्वपूर्ण है। भारत का लोकतांत्रिक इतिहास प्रत्यक्ष जनसहभागिता के अनेक उदाहरणों से भरा हुआ है। स्वतंत्रता आंदोलन में लोगों ने जेल यात्राएँ कीं, सत्याग्रह किए और सामाजिक परिवर्तन के लिए व्यक्तिगत जोखिम उठाए। बाद के दशकों में भी अनेक आंदोलनों ने नागरिकों को प्रत्यक्ष रूप से संगठित किया। इन आंदोलनों में लोगों के बीच संवाद, विश्वास और सामूहिकता का निर्माण होता था। इसके विपरीत डिजिटल सक्रियता अक्सर प्रतीकात्मक भागीदारी तक सीमित रह जाती है। किसी पोस्ट को साझा करना, किसी हैशटैग का समर्थन करना या प्रोफाइल फोटो बदलना आसान है, लेकिन यह हमेशा वास्तविक सामाजिक हस्तक्षेप में परिवर्तित नहीं होता। परिणामस्वरूप राजनीतिक भागीदारी का एक नया स्वरूप विकसित हुआ है जिसमें दृश्यता अधिक और प्रत्यक्ष सामाजिक प्रतिबद्धता अपेक्षाकृत कम दिखाई देती है। सोशल मीडिया एल्गोरिदम का एक महत्वपूर्ण प्रभाव तथाकथित 'इको चैंबर' और 'फिल्टर बबल' के रूप में सामने आता है। जब कोई व्यक्ति किसी विशेष प्रकार की सामग्री देखता या पसंद करता है, तो एल्गोरिदम उसे उसी प्रकार की और सामग्री दिखाने लगते हैं। धीरे-धीरे वह व्यक्ति ऐसे डिजिटल वातावरण में पहुँच जाता है जहाँ उसे मुख्यतः वही विचार दिखाई देते हैं जिनसे वह पहले से सहमत होता है। इससे वैचारिक विविधता कम हो जाती है और विरोधी विचारों के प्रति असहिष्णुता बढ़ने लगती है। लोकतंत्र की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि नागरिक विभिन्न दृष्टिकोणों को सुनने और समझने के लिए तैयार हों। लेकिन यदि एल्गोरिदम नागरिकों को वैचारिक रूप से अलग-अलग खेमों में बाँट दें, तो लोकतांत्रिक संवाद की गुणवत्ता प्रभावित होना स्वाभाविक है।

# स्वदेशी मेट्रो से आत्मनिर्भर भारत की नयी उड़ान

गौरतलब | **कांतिलाल मांडोत**



**अहमदाबाद** मेट्रो के लिए तैयार की गयी देश की पहली स्वदेशी चालक रहित मेट्रो ट्रेन इस परिवर्तन की एक ऐतिहासिक मिसाल है। यह उपलब्धि केवल एक नयी ट्रेन के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत की तकनीकी क्षमता, आत्मनिर्भरता और भविष्य की दृष्टि का प्रतीक है। कुछ दशक पहले तक भारत की रेल व्यवस्था को दुनिया के कई विकसित देशों की तुलना में पिछड़ा माना जाता था।

**भारत** आज उस दौर से गुजर रहा है जहां विकास केवल एक सरकारी नारा नहीं बल्कि धरातल पर दिखाई देने वाली सच्चाई बन चुका है। देश के शहरों में तेजी से बदलता बुनियादी ढांचा आधुनिक परिवहन व्यवस्था और स्वदेशी तकनीक का विस्तार इस बात का प्रमाण है कि भारत अब केवल उपभोक्ता राष्ट्र नहीं रहा बल्कि निर्माण और नवाचार की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। अहमदाबाद मेट्रो के लिए तैयार की गई देश की पहली स्वदेशी चालक रहित मेट्रो ट्रेन इस परिवर्तन की एक ऐतिहासिक मिसाल है। यह उपलब्धि केवल एक नई ट्रेन के निर्माण तक सीमित नहीं है बल्कि यह भारत की तकनीकी क्षमता आत्मनिर्भरता और भविष्य की दृष्टि का प्रतीक है। कुछ दशक पहले तक भारत की रेल व्यवस्था को दुनिया के कई विकसित देशों की तुलना में पिछड़ा माना जाता था। यात्रियों को सीमित सुविधाएं मिलती थीं और आधुनिक तकनीक का अभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता था। उस समय यह कल्पना करना भी कठिन था कि भारत एक दिन अत्याधुनिक चालक रहित मेट्रो ट्रेनों का निर्माण करेगा। लेकिन समय के साथ देश ने अपनी सोच और दिशा दोनों को बदला। सरकारों की दूरदर्शी नीतियों वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की मेहनत तथा उद्योग जगत के सहयोग ने भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया। अहमदाबाद मेट्रो के लिए पश्चिम बंगाल में तैयार की जा रही नई मेट्रो ट्रेनें इस परिवर्तन का जीवंत उदाहरण हैं। लगभग तीन सौ पचास करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली दस अत्याधुनिक मेट्रो ट्रेनें पूरी तरह भारत में बनाई गई हैं। इन ट्रेनों की विशेषता यह है कि ये चालक रहित होंगी और ऑटोमेशन ग्रेड चार तकनीक से संचालित की जाएंगी। इसका अर्थ यह है कि ट्रेन का संचालन पूरी तरह स्वचालित होगा और मानव हस्तक्षेप की आवश्यकता न्यूनतम रहेगी। यह तकनीक दुनिया के चुनिंदा विकसित देशों में ही देखने को मिलती है। इन ट्रेनों का डिजाइन भी भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत करता है। गरबा और उत्तरायण जैसी गुजरात की प्रसिद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुए इन्हें विशेष थीम के साथ तैयार किया गया है। इससे यह संदेश मिलता है कि आधुनिकता और परंपरा एक साथ चल सकती हैं। भारत विकास के मार्ग पर आगे बढ़ते हुए अपनी सांस्कृतिक पहचान को भी सहेज कर रख रहा है। नई मेट्रो ट्रेनों में सात सौ पचास वोल्ट डीसी प्रणाली का उपयोग किया गया है।

## आज का इतिहास

- रूस और ऑस्ट्रिया ने 1746 में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये।
- कैथोलिक विरोधी प्रदर्शनकारियों ने लंदन में पार्लियामेंट पर 1780 में हमला कर दिया।
- अमेरिका में पहली बार मैने प्रांत में मद्यपान निषेध कानून 1851 को लागू किया गया।
- गुगलिएलमो मार्कोनी ने रेडियो को अपने नाम पर पेटेंट कराने के लिए आवेदन 1896 में दिया, जो बाद में दो जुलाई 1897 को स्वीकार कर लिया गया।
- एलफ्रेड डेकिन लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री 1909 में चुने गये।
- लार्ड लुई माउंटबेटन ने 1947 को भारत के विभाजन की घोषणा की।
- ब्रिटिश राजगद्दी पर महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की 1953 में ताजपोशी हुई।
- अमेरिका ने 1966 में अपने पहले ही प्रयास में चांद पर अंतरिक्षयान उतारा।
- माली ने अपना संविधान 1974 में अपनाया।
- उक्रेन अपने अंतिम परमाणु युद्धास्त्र रूस को सौंपने के साथ ही परमाणु मुक्त देश 1996 को बना।
- दक्षिण एवं उत्तर कोरिया के बीच उच्च स्तरीय वार्ता पर सहमति, भूटान में टी.वी. प्रसारण की शुरुआत 1999 में हुई।
- म्यांमार की जनतांत्रिक नेता आन सांग सूची की गिरफ़्तारी के बाद देश की सभी शिक्षण संस्थाएं 2003 में बन्द।
- ऑस्ट्रेलियाई मॉडल जेनिफर हॉकिन्स मिस यूनिवर्स 2004 को बनीं।
- भारत, रूस और चीन का ब्लादीवोस्तोक सम्मेलन 2005 में समाप्त हुई।
- अमेरिका ने दाऊद इब्राहीम तथा उसके संगठन पर 2006 को प्रतिबंध लगाया।
- ई-कोलाई बैक्टीरिया के संक्रमण से 2011 को यूरोप में 20 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गयी और 1600 से अधिक लोग बीमार हो गये।

## अंकजाल - 8286

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है।*



*अंकजाल 8285 का हल*



Jagrutidaur.com, Bangalore

## समानता का संदेश

**पैगम्बर** मोहम्मद साहब ने मक्का विजय के बाद एक नीग्रो गुलाम बिलाल को पवित्र काबा की छत पर चढ़कर नमाज के लिए अजान देने का हुक्म दिया। बिलाल ने कुछ ही समय पहले इस्लाम अपनाया था। जब वह पवित्र काबा की छत पर चढ़ा तो कुछ कुलीन अरब नागरिक चिल्लाकर बोले, ओह! बुरा हो उसका, वह काला हब्शी अजान के लिए पाक काबा की छत पर चढ़ गया। अश्वेतों के प्रति यह पूर्वाग्रह देख पैगंबर मोहम्मद साहब परेशान हो गए। उन्होंने कहा, ऐ लोगो! यह याद रखो कि सारी मानव जाति केवल दो श्रेणियों में बंटी है। पहली धर्मनिष्ठ, खुदा से डरने वाली, जो खुदा की दृष्टि में सम्मानित है। दूसरी जो उल्लंघनकारी, अत्याचारी, अपराधी, निर्दयी और कठोर है, जो खुदा की नजर में गिरी हुई है। संसार के सभी लोग एक ही आदमी की औलाद हैं। अल्लाह ने आदम को मिट्टी से पैदा किया था। इसकी सत्यता का प्रमाण पवित्र कुरआन में इन शब्दों में दिया गया है :ऐ लोगो! हमने तुमको एक मर्द और एक औरत से पैदा किया और तुम्हारी विभिन्न जातियां और वंश बनाए, ताकि तुम एक दूसरे को पहचानो। असल में अल्लाह की निगाह में तुममें सबसे अधिक सम्मानित वह है, जो अल्लाह से सबसे ज्यादा डरने वाला है। अल्लाह पूरी तरह खबर रखने वाला है। मोहम्मद साहब ने अपने अनुयायियों को हमेशा रूप-रंग, जाति-नस्ल, ऊंच-नीच या किसी भी किस्म के भेदभाव से दूर रहने को कहा।

## सुविचार

खुदी को कर बुलन्द इतना, कि हर तकदीर के पहले, खुदा बंदे से खुद पूछे, बता तेरी रजा क्या है।

**अकबर इलाहाबादी**

प्रकृति का तमाशा भी खूब है। सृजन में समय लगता है, जबकि विनाश कुछ ही पलों में हो जाता है।

**जकिया जुबैरी**

# जहरीली शराब का जहर : मौत का कारोबार कब रुकेगा ?



**कांतिलाल मांडोत**

**महाराष्ट्र** के पुणे और पिंपरी-चिंचवाड़ क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से हुई 15 लोगों की मौत ने एक बार फिर देश को झकझोर दिया है। यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि भारत में बार-बार सामने आने वाली उस भयावह समस्या का नया अध्याय है जिसमें सस्ती और अवैध शराब गरीब तथा निम्न आय वर्ग के लोगों की जान ले लेती है। इस हादसे में कई लोगों की मौत हो गई और अनेक लोग गंभीर रूप से बीमार बताए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं और आठ आरोपियों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने कहा है कि अवैध शराब के पूरे इकोसिस्टम की पहचान कर ली गई है और उसकी कमर तोड़ने के लिए कठोर कदम उठाए जाएंगे। यह बयान स्वागतयोग्य है, लेकिन सवाल यह है कि ऐसी घटनाएं बार-बार क्यों होती हैं और इन्हें रोकने के लिए स्थायी समाधान कब निकलेगा?

जहरीली शराब का खतरा नया नहीं है। भारत के विभिन्न राज्यों में समय-समय पर ऐसे हादसे होते रहे हैं। अवैध शराब बनाने वाले लोग अधिक मुनाफे के लालच में मिथाइल अल्कोहल जैसे जहरीले रसायनों का उपयोग करते हैं। यह पदार्थ मानव शरीर के लिए अत्यंत घातक होता है। इसके सेवन से आंखों की रोशनी जा सकती है, गुर्दे और यकृत प्रभावित हो सकते हैं तथा कुछ ही घंटों में व्यक्ति की मृत्यु तक हो सकती है। इसके बावजूद अवैध शराब का कारोबार फल-फूल रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण है सस्ती शराब की मांग, प्रशासनिक निगरानी की कमी और अपराधियों का संगठित नेटवर्क। पुणे की घटना में प्रारंभिक जांच से पता चला है कि अवैध स्पिरिट युक्त शराब तैयार कर विभिन्न क्षेत्रों में बेची गई थी। जिन लोगों ने इसे खरीदा, उन्हें शायद अंदाजा भी नहीं था कि वे शराब नहीं बल्कि मौत का जहर पी रहे हैं। गरीब और मेहनतकश वर्ग अक्सर कम कीमत के कारण ऐसी शराब की ओर आकर्षित हो जाते हैं। यही वर्ग सबसे अधिक नुकसान भी उठाता है। परिवार का कमाने वाला सदस्य जब इस तरह की दुर्घटना का शिकार होता है तो उसके पीछे पत्नी, बच्चे और बुजुर्ग माता-पिता आर्थिक और सामाजिक संकट में फंस जाते हैं।

यदि देश में जहरीली शराब से होने वाली मौतों का इतिहास देखा जाए तो सबसे अधिक चर्चा बिहार की होती है। बिहार में वर्ष 2016 से पूर्ण शराबबंदी लागू है। शराबबंदी का उद्देश्य समाज को नशे से मुक्त करना था, लेकिन इसके बाद अवैध शराब के कारोबार और जहरीली शराब से होने वाली मौतों की कई बड़ी घटनाएं सामने आईं। वर्ष 2016 में गोपालगंज में जहरीली शराब पीने से लगभग 19 लोगों की मौत हुई थी। वर्ष 2021 में पश्चिम चंपारण जिले में जहरीली शराब ने करीब 16 लोगों की जान ले ली। वर्ष 2022 बिहार के लिए सबसे भयावह साबित हुआ। मार्च 2022 में भागलपुर जिले में जहरीली शराब से 40 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई। इसी वर्ष दिसंबर में सारण जिले में हुई त्रासदी ने पूरे देश को हिला दिया, जहां 70 से अधिक लोगों की जान चली गई। वर्ष 2023 में भी मोतिहारी और सीवान सहित कई क्षेत्रों में जहरीली शराब से अनेक लोगों की मौत दर्ज की गई। वर्ष 2024 और 2025 में भी छिटपुट घटनाएं सामने आती रहीं।

## राशिफल

**मेष** — रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से सम्पन्न हो जायेंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**तुला** — कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। समय अच्छा है।

**वृष** — कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**वृश्चिक** — स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**मिथुन** — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जायेगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा।

**धनु** — महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें, तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे।

**कर्क** — परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गये कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**मकर** — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनन्द कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्त्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**सिंह** — मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा।

**कुंभ** — शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा।

**कन्या** — शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन** — श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

# महंगाई की चक्की में पिसता वह अनाज, जिसकी रोटी सब खा रहे हैं

गौरतलब | **प्रो. आरके जैन**



**उपभोग**, कर और नकदी प्रवाह की धुरी होने के बावजूद उसकी आय का अधिकांश हिस्सा रोजमर्रा खर्चों में ही समाप्त हो जाता है; शहरों में किराया कमाई को निगलता है, ईएमआई आय को जकड़ती है, राशन और शिक्षा का बढ़ता खर्च लगातार दबाव बनाता है। कर राहतें महंगाई की रफ्तार के आगे कमजोर पड़ जाती हैं, जिससे बचत घटती है और भविष्य और अधिक अनिश्चित होता जाता है। कीमतों की चुपचाप उठती लहरें सबसे पहले मध्य वर्ग की जेब से टकराती हैं, क्योंकि उसके पास बचाव की गुंजाइश सबसे कम होती है।

**भारत** की आर्थिक कहानी में एक ऐसा पात्र है जो हर अध्याय में मौजूद रहता है, लेकिन जिसकी पीड़ा अक्सर फुटनोट बनकर रह जाती है। यह पात्र है—मध्य वर्ग। यह वही जीवन है जो हर सुबह उम्मीद जोड़ता है और हर रात हिसाब में उलझकर टूटता थोड़ा और है। विकास, कर और उपभोग की सबसे भारी जिम्मेदारी इसी के कंधों पर है, फिर भी सुविधाएँ इसके हिस्से में हमेशा कम पड़ जाती हैं। न यह इतना कमजोर है कि योजनाओं का पूरा लाभ ले सके, न इतना सक्षम कि महंगाई और करों का दबाव सहज झेल पाए-इसलिए यह लगातार सिकुड़ती आर्थिक खाई में फंसता जा रहा है। वर्ष 2026 में स्थिर आय, बढ़ती कीमतें और ईंधन का बोझ इसे और अधिक नीरव पीड़ा में धकेल रहे हैं।

अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाने वाला मध्य वर्ग आज उसी व्यवस्था के सबसे तीखे दबाव में है—विडंबना यह कि जिस मशीन को वह चलाता है, उसका सबसे भारी बोझ भी वही उठाता है। उपभोग, कर और नकदी प्रवाह की धुरी होने के बावजूद उसकी आय का अधिकांश हिस्सा रोजमर्रा खर्चों में ही समाप्त हो जाता है; शहरों में किराया कमाई को निगलता है, ईएमआई आय को जकड़ती है, राशन और शिक्षा का बढ़ता खर्च लगातार दबाव बनाता है। कर राहतें महंगाई की रफ्तार के आगे कमजोर पड़ जाती हैं, जिससे बचत घटती है और भविष्य और अधिक अनिश्चित होता जाता है। कीमतों की चुपचाप उठती लहरें सबसे पहले मध्य वर्ग की जेब से टकराती हैं, क्योंकि उसके पास बचाव की गुंजाइश सबसे कम होती है। पेट्रोल-डीजल महँगा होता है तो असर सिर्फ गाड़ी तक नहीं रहता—परिवहन से लेकर रसोई, बाजार और हर जरूरी सेवा की कीमतें ऊपर चढ़ जाती हैं। सब्जी, दूध, दाल और रोजमर्रा का सामान लगातार बजट को अस्थिर करता रहता है, जबकि आय उसी रफ्तार से नहीं बढ़ती। चिकित्सा खर्च तेजी से बढ़ रहा है और शिक्षा की लागत भी हर साल नई ऊँचाई छू रही है। न मुफ्त इलाज का सहारा है, न पूरी तरह सस्ती शिक्षा का विकल्प—हर सेवा का पूरा मूल्य चुकाकर ही यह वर्ग अपनी जरूरतें पूरी करता है। करों की अदृश्य परतें जब आम जीवन पर चढ़ती हैं, तो सबसे पहले मध्य वर्ग की सांसें भारी हो जाती हैं। आयकर का सबसे बड़ा हिस्सा देने के बावजूद यह वर्ग लाभों की कतार में अक्सर पीछे रह जाता है। एक ओर गरीब वर्ग को योजनाओं और सब्सिडी का सहारा मिलता है, दूसरी ओर संपन्न वर्ग कर-योजनाओं से राहत निकाल लेता है—पर इनके बीच खड़ा मध्य वर्ग न पर्याप्त सहायता पा पाता है, न कर बचाने की सुविधा। बिजली, पानी, किराया और हर उपभोग वस्तु पर सीधे-परोक्ष करों का दबाव उसकी जेब को लगातार हल्का करता रहता है। नतीजतन, आय बढ़ने के बावजूद उसकी वास्तविक खरीद क्षमता धीरे-धीरे घटती जाती है। सपनों की बुनियाद माने जाने वाले आवास और शिक्षा आज मध्य वर्ग के लिए सबसे बड़ी आर्थिक चुनौती बन चुके हैं। महानगरों में किराया इतना बढ़ गया है कि आय का बड़ा हिस्सा सिर्फ छत बचाने में ही निकल जाता है, जबकि घर खरीदने का सपना लंबी ईएमआई और भारी ब्याज के बोझ में उलझकर रह जाता है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## जिला भू-अर्जन एवं सड़क निर्माण योजनाओं की प्रगति की उपायुक्त ने की समीक्षा

# लम्बित मामलों के शीघ्र निष्पादन के दिये निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला भू-अर्जन कार्यालय, गुमला द्वारा संचालित राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राजकीय राजमार्ग से संबंधित विभिन्न सड़क निर्माण योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी महेश महतो सहित सम्बन्धित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग से सम्बन्धित पलमा-गुमला पथ चौड़ीकरण योजना, भारतमाला परियोजना अंतर्गत सीजी/झारखंड बॉर्डर से गुमला तक (एनएच-43), गुमला बाईपास सड़क निर्माण योजना एवं एनएच-143डी जमटोली-रांची-संबलपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर सहित विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गयी। इसके अतिरिक्त राजकीय राजमार्गों से सम्बन्धित संचालित योजनाओं की प्रगति एवं भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों पर भी विस्तार से चर्चा की गयी। समीक्षा के क्रम में पलमा-गुमला पथ निर्माण कार्य के दौरान भू-अर्जन सम्बन्धी विभिन्न बाधाओं एवं समस्याओं की जानकारी प्राप्त हुई। उपायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने तथा



निर्माण कार्य को निर्बाध रूप से संचालित करने का निर्देश दिया। बैठक में भूमि अधिग्रहण से सम्बन्धित लम्बित एवं विवादित मामलों की भी समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लम्बित विवादों का नियमानुसार शीघ्र निष्पादन करते हुए वैध रैयतों एवं दावेदारों को मुआवजा राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाये। एनएच-43 परियोजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि भू-अर्जन के एवज में अब तक लगभग 83.1 प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है। उपायुक्त ने शेष लंबित भुगतानों को भी निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने का निर्देश दिया। रायडीह अंचल से सम्बन्धित लम्बित भूमि मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अंचलाधिकारी, रायडीह को आवश्यक प्रतिवेदन अविलंब जिला मुख्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं पथ निर्माण विभाग (आरसीडी) को सड़क अलाइनमेंट से संबंधित आवश्यक तकनीकी सुधार एवं समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिले में संचालित सभी सड़क एवं आधारभूत संरचना परियोजनाएं विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा भुगतान की प्रक्रियाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने तथा परियोजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न होने देने का निर्देश दिया।

### जनजाति सुरक्षा मंच की बैठक में सामाजिक-सांस्कृतिक मुद्दों पर हुई चर्चा



**महुआडांड (लातेहार) :** जनजाति सुरक्षा मंच की बैठक सरना भवन में आयोजित की गयी। बैठक में संगठन के सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव, प्रांतीय संयोजक हिन्दूवा उरांव तथा प्रांतीय सदस्य शन्नी टोप्पो सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक के दौरान जनजातीय समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से जनजाति समूह एवं डीलिस्टिंग के विषय पर चर्चा हुई। साथ ही बैगा, पुजार एवं पाहन के चुनाव सम्बन्धी मुद्दों पर भी विचार रखा गया। बैठक में मुंडा एवं नगेसिया समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची में शामिल किये जाने की मांग पर भी चर्चा की गयी। वक्ताओं ने कहा कि जनजातीय समाज के अधिकारों, परंपराओं और सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित रखने के लिए संगठित प्रयास आवश्यक हैं। अंत में समाज हित में विभिन्न जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

## एक झलक

### तेंदू पत्ता लदी पिकअप जब्त, वन विभाग की कार्रवाई से मचा हड़कम्प

**लातेहार :** मनिका वन प्रक्षेत्र के लावागाड़ा क्षेत्र में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तेंदू पत्ता से लदे एक पिकअप वाहन (जेएच 03 एपी 6711)को जब्त किया है। गुप्त सूचना के आधार पर की गयी इस कार्रवाई के बाद वाहन को वन विभाग के कार्यालय परिसर में सुरक्षित रखा गया है। विभागीय अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, वन विभाग को सूचना मिली थी कि क्षेत्र से तेंदू पत्ता का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद वन कर्मियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर पिकअप वाहन को रोका और जांच की। वाहन में बड़ी मात्रा में तेंदू पत्ता लदा पाया गया। इसके बाद वाहन को जब्त कर वन कार्यालय लाया गया।वन विभाग अब यह पता लगाने में जुटा है कि तेंदू पत्ता का परिवहन नियमानुसार किया जा रहा था या नहीं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि संबंधित दस्तावेजों और परिवहन अनुमति की जांच की जा रही है। यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता या अवैध परिवहन की पुष्टि होती है तो दोषियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### गोवंशीय पशु क्रूरता मामले में आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**गुमला :** सुरसांग थाना पुलिस ने गोवंशीय पशुओं के प्रति क्रूरता एवं अवैध वध से जुड़े मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, सुरसांग थाना कांड संख्या 08/26 में भारतीय न्याय संहिता, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम तथा झारखंड गोवंशीय पशु वध निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले में नामजद आरोपी मो. अताउल खान (30) को गिरफ्तार किया गया। आरोपी छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के साईं टांगरटोली गांव का निवासी है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में गुमला जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच एवं कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

### बाइक-साइकिल की टक्कर में युवक घायल

**मनिका (लातेहार) :** मनिका थाना क्षेत्र मटलौंग रोड में दरोगी यादव के घर के समीप एक साइकिल सवार को तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने सामने से टक्कर मार दिया। जिसमें साइकिल सवार कमलेश यादव गम्भीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार कमलेश यादव (पिता स्वर्गीय सहोदर यादव) घर सिन्जो का बताया जा रहा है। कमलेश यादव अपनी साइकिल से सामान लेकर घर जा रहे थे, तभी ओवरब्रिज मटलौंग रोड़ में दरोगी यादव के घर के समीप विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने सामने से उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कमलेश यादव सड़क पर गिर पड़े और गम्भीर रूप से घायल हो गए, घायल कमलेश यादव को सर में गम्भीर चोटे आयी है। वहीं, घायल कमलेश यादव को स्थानीय लोगों ने मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उनके गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर अस्पताल रेफर कर दिया।

## जेईई एडवांस्ड 2026 में मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** मॉडर्न पब्लिक स्कूल के तीन मेधावी छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, परिवार एवं शहर का नाम रोशन किया है। विद्यालय के छात्र पार्थ कुमार अग्रवाल ने CRL 2866, अरमान सूद ने CRL 5126 तथा राघव सोमानी ने CRL 23593 रैंक हासिल की है। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि इन छात्रों ने पूर्व में भी कीर्तिमान स्थापित किए हैं। ये तीनों छात्र कक्षा 12वीं में जिला टॉपर तथा अरमान JEE Mains में जिला टॉपर रह चुके हैं। साथ ही पार्थ कुमार अग्रवाल ने कक्षा 12वीं में राज्य में छठा स्थान प्राप्त किया था। इन तीनों छात्रों की सफलता का आधार मॉडर्न पब्लिक स्कूल ही रहा है। अरमान सूद और राघव सोमानी ने प्री-प्राइमरी PG से ही मॉडर्न पब्लिक स्कूल में शिक्षा ग्रहण की है। वहीं, पार्थ कुमार अग्रवाल कक्षा 4 से प्राइमरी सेक्शन में विद्यालय से जुड़े और कक्षा 12वीं तक का सफर यहीं पूरा किया। नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक विद्यालय के शिक्षकों ने इन्हें निरंतर मार्गदर्शन दिया। प्रधानाचार्य जी. सी. वर्मा ने कहा, हमारे छात्रों की यह सफलता उनकी कठिन मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। पार्थ, अरमान और राघव ने सिद्ध कर दिया कि सही लगन और फोकस से कोई भी लक्ष्य असम्भव नहीं। ये बच्चे केवल विद्यालय का ही नहीं, बल्कि पूरे शहर का गौरव हैं।

## मारवाड़ी युवा मंच लातेहार की नयी कार्यकारिणी का गठन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**लातेहार :** मारवाड़ी युवा मंच, लातेहार शाखा की बैठक में सत्र 2026-27 के लिए नयी कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय तथा जनसेवा के प्रति समर्पित बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से अनूप महलका को अध्यक्ष, रितेश महलका को सचिव तथा सचिन अग्रवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनूप महलका ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच सेवा, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि आगामी सत्र में युवाओं को संगठन से जोड़ने, सामाजिक सेवा गतिविधियों का विस्तार करने तथा समाजहित में नये आयाम स्थापित करने पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। वहीं, सचिव रितेश महलका ने कहा कि संगठन की मजबूती उसकी सक्रियता और टीम भावना में निहित होती है। उन्होंने बताया कि आगामी कार्यकाल में सेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं युवा विकास से जुड़े कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जायेगी। साथ ही अधिक से अधिक युवाओं को मंच की गतिविधियों से जोड़कर समाजहित के कार्यों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने नयी कार्यकारिणी को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में शाखा संगठन विस्तार, समाज सेवा और युवा सशक्तीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करेगी। इस अवसर पर सुशील अग्रवाल, विनोद महलका, संदीप अग्रवाल, मुकेश भूत, नरेश अग्रवाल, सुभाष महलका, निर्मल अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की।

### ग्रामीण आवास योजना व मनरेगा कार्यों की प्रगति तेज करने के निर्देश

**गुमला :** उप विकास आयुक्त गुमला की अध्यक्षता में ग्रामीण आवास योजना एवं मनरेगा योजनाओं की समीक्षा को लेकर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों की वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण आवास योजना के तहत प्रथम किश्त प्राप्त करने के बावजूद कार्य शुरू नहीं करने वाले लाभुकों को चिह्नित कर आवास निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने लंबित किश्तों का नियमानुसार भुगतान सुनिश्चित करने तथा विंडो सिल, प्लिंथ लेवल जियो टैगिंग एवं पूर्ण आवासों की प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही आवास प्लस 2.0 के पीडब्ल्यूएल अंतिमीकरण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने को कहा। बैठक में मनरेगा अंतर्गत आम उत्सव बागवानी मेला, मानव दिवस सृजन, जलदूत योजना, महिला सहभागिता, ई-केवाईसी तथा पुरानी योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने को लेकर भी सभी बीडीओ को आवश्यक निर्देश दिये गये।

## ग्राम सभा की मंजूरी के बिना ड्रिलिंग पर भड़के ग्रामीण, पांच गांवों के लोगों ने जताया विरोध

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड की सासंग पंचायत स्थित कोटारी टोला अखड़ा में कोयला भंडार की जांच के लिए चल रहे ड्रिलिंग कार्य का सोमवार को ग्रामीणों ने जोरदार विरोध किया। ग्रामीणों का कहना है कि ओरिएंटल कम्पनी द्वारा ग्राम सभा की अनुमति और स्थानीय लोगों की सहमति के बिना ड्रिलिंग करायी जा रही है, जिससे क्षेत्र में नाराजगी बढ़ गयी है। विरोध प्रदर्शन में परहा, पाहन, महंत, बैगा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि किसी भी खनन या खनिज अन्वेषण कार्य से पहले ग्राम सभा की स्वीकृति लेना जरूरी है। इसके बावजूद कंपनी ने नियमों की अनदेखी करते हुए कोटारी टोला अखड़ा क्षेत्र में ड्रिलिंग मशीन लगाकर काम शुरू कर



दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कंपनी द्वारा रोजगार के अवसरों में भी स्थानीय युवाओं की उपेक्षा की जा रही है। उनका कहना है कि प्रभावित क्षेत्र के कई गांवों के युवाओं को काम नहीं दिया गया, जिससे लोगों में असंतोष है। प्रदर्शन में सासंग, कोटारी, मांजर, कैमा और बिश्रामपुर गांवों के बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जब तक ग्राम सभा से विधिवत अनुमति नहीं ली जाती और स्थानीय लोगों के हितों की रक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक आन्दोलन जारी रहेगा।

# फायरिंग के चार आरोपित हथियार के साथ गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम :** गोलमुरी थाना क्षेत्र में मई महीने के अंतिम सप्ताह में हुई दो अलग-अलग फायरिंग की घटनाओं का खुलासा करते हुए जमशेदपुर पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया हथियार, जिंदा कारतूस और एक चोरी की बाइक भी बरामद की है। सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पीयूष पांडे ने बताया कि 26 और 27 मई की रात गोलमुरी थाना क्षेत्र में फायरिंग की दो घटनाएं हुई थीं। इन मामलों में गोलमुरी थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। घटनाओं



की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष जांच और छापामारी टीम का गठन किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूचनाओं के आधार पर आरोपितों की पहचान की। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने विक्की सिंह गिल उर्फ कुंडी, रविंद्र कुमार ठाकुर, बलराम सिंह उर्फ छोटू और अमन सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार विक्की सिंह गिल को पहले ही कन्हैया यादव हत्याकांड में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है, जबकि इस मामले में अन्य तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने गोलीबारी की घटनाओं में अपनी भूमिका स्वीकार की है। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने एक लोडेड पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और एक चोरी की बाइक बरामद की। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि बरामद बाइक का उपयोग अपराध को अंजाम देने में किया गया था। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपितों का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और वे पूर्व में भी विभिन्न मामलों में संलिप्त रहे हैं। पुलिस अब इस पूरे मामले में अन्य संभावित आरोपितों और सहयोगियों की तलाश में जुटी हुई है। जांच के दौरान यदि किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके खिलाफ भी विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

### दो साल से अधूरी जलमीनार, बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ताम्बोली के ग्रामीण

## व्यवस्था पर फूटा लोगों का गुस्सा, जांच और कार्रवाई की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड की तांबोली पंचायत में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गांव में लगाए गए कई जलमीनार लंबे समय से खराब पड़े हैं, जबकि कई योजनाएं दो वर्षों से अधूरी हैं। गर्मी के मौसम में स्वच्छ पेयजल की समस्या ने ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ा दी है।ग्रामीणों ने बताया कि नवा टोली अखड़ा, नंदलाल साहब के घर के समीप, संजू खलखो, तिलेश्वर कुजूर तथा पैट्रिक तिर्की के घर के पास स्थापित जलमीनार महीनों से बंद पड़े हैं। इसके अलावा कई स्थानों पर जलमीनार निर्माण का काम करीब दो वर्ष पहले शुरू किया गया था, लेकिन आज तक पूरा नहीं हो पाया है।ग्रामीण प्रमोद प्रसाद, बिंदेश्वर लोहार, नंदलाल साहब, शिव प्रताप, सुरेंद्र प्रसाद, विनोद खिरवार, फजीलत खरवार, आशिक अंसारी, अरविंद प्रजापति, संजू खलखो और लीटू कुजूर समेत अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि बालूमाथ के एक ठेकेदार द्वारा कराए गए निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया। कई मजदूरों को अब तक पूरा भुगतान भी नहीं मिला है। ग्रामीणों का कहना है कि एमसी कंपनी की ओर से लगाए गए कुछ जलमीनार भी अधूरी स्थिति में छोड़ दिए गए हैं।ग्रामीणों ने पंचायत प्रतिनिधियों और संबंधित विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस पहल नहीं की गई। उनका आरोप है कि लोगों की मूलभूत जरूरतों की ओर जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की जांच कराने, अधूरी योजनाओं को जल्द पूरा कराने तथा खराब पड़े जलमीनारों की मरम्मत कर उन्हें चालू कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो आने वाले दिनों में पेयजल संकट और गंभीर हो सकता है।

## शिक्षकों की योग्यता व सम्मान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : संयुक्त शिक्षक मोर्चा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता से उत्पन्न स्थिति पर चिंता जताते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार से स्पष्ट नीति बनाने की मांग की है। मोर्चा का कहना है कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों को बिना स्पष्ट दिशा-निर्देश के असमंजस में रखना उचित नहीं है। प्रदेश संयोजक अमीन अहमद, विजय बहादुर सिंह, आशुतोष कुमार तथा प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने कहा कि वर्तमान जेटेट-2026 का विज्ञापन नई शिक्षक नियुक्ति के लिए जारी किया गया है, न कि कार्यरत शिक्षकों के लिए। इसलिए शिक्षक किसी भ्रम या भय में न रहें। नियमावली में कार्यरत शिक्षकों के लिए अलग से विशेष जेटेट आयोजित करने का भी प्रावधान है। मोर्चा ने कहा कि 25 से 30 वर्षों तक शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने वाले शिक्षकों के सम्मान और सेवा शर्तों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। संगठन ने मांग की कि 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट देने के लिए आवश्यक कानूनी पहल की जाए अथवा उनके लिए अलग से विशेष टीईटी परीक्षा आयोजित कर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किये जायें। इससे शिक्षकों के बीच व्याप्त असमंजस दूर होगा और शैक्षणिक कार्य प्रभावित नहीं होगा।

## लातेहार पहुंचे 2025 बैच के 07 प्रशिक्षु आईएएस

### उपायुक्त ने दिये जनहित और संवेदनशील प्रशासन के मंत्र

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) 2025 बैच के प्रथम चरण के सात प्रशिक्षु अधिकारियों ने सोमवार को लातेहार के उपायुक्त संदीप कुमार, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव तथा उप विकास आयुक्त सैयद रियाज अहमद से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें प्रशासनिक सेवा के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उपायुक्त संदीप कुमार ने अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवा में जनहित, संवेदनशीलता और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी के



लिए क्षेत्रीय भ्रमण और जमीनी स्तर की समझ अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। प्रशिक्षु अधिकारियों को आम जनता की समस्याओं को गम्भीरता से सुनने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को लातेहार जिले की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक विरासत की जानकारी भी दी। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, उनके प्रभावी क्रियान्वयन, प्रशासनिक प्रक्रियाओं तथा जिले में संचालित विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी साझा की। उपायुक्त ने कहा कि प्रशिक्षण काल में प्राप्त अनुभव भविष्य में बेहतर प्रशासनिक निर्णय लेने में सहायक सिद्ध होंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षु अधिकारी बेतला राष्ट्रीय उद्यान, लोध जलप्रपात, पलामू किला तथा नेतरहाट का भ्रमण कर वहां की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक विशेषताओं से रूबरू होंगे।

## अवैध अफीम तस्करी मामले में आरोपी को 20 वर्ष कारावास, दो लाख रुपये जुर्माना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** बरियातू थाना कांड संख्या 26/2024 में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, लातेहार की अदालत ने अवैध अफीम तस्करी के एक मामले में महत्त्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए अभियुक्त विमल गंझू को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने आरोपी को कठोर कारावास एवं आर्थिक दंड से दंडित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अभियुक्त विमल गंझू, पिता जगदीश गंझू, ग्राम श्रीसामद बरवैया टोला, थाना बरियातू, जिला लातेहार का निवासी है। उसके विरुद्ध वर्ष 2024 में बरियातू थाना में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी को लेकर मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच एवं



सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया। न्यायालय ने आरोपी को एनडीपीएस अधिनियम की धारा 17(सी) एवं 18(बी) के तहत 4.770 किलोग्राम अवैध अफीम की तस्करी के मामले में दोषसिद्ध करते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही एनडीपीएस अधिनियम की धारा 22(सी) के तहत दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

# ग्रामीणों के विरोध के आगे झुका प्रशासन, एनटीपीसी की जनसुनवाई रद्द

### ■ सैकड़ों ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने दिया खुला समर्थन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** बालूमाथ प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सोमवार को एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) की ओर से प्रस्तावित नॉर्थ धाधु ईस्टर्न पार्ट कोल माइनिंग प्रोजेक्ट के लिए आयोजित जनसुनवाई ग्रामीणों के भारी विरोध के कारण रद्द कर दी गयी। प्रभावित गांवों से पहुंचे सैकड़ों ग्रामीणों ने जनसुनवाई के स्थान और प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए विरोध प्रदर्शन किया, जिसके बाद जिला प्रशासन को कार्यक्रम स्थगित करने की घोषणा करनी पड़ी। जनसुनवाई में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, प्रखंड



विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी तथा एनटीपीसी के अधिकारियों की मौजूदगी में प्रक्रिया शुरू हुई। इसी दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जनसुनवाई का विरोध करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। ग्रामीणों का आरोप था कि प्रभावित पंचायतों की ग्राम सभाओं को दरकिनार कर प्रखंड मुख्यालय में जनसुनवाई आयोजित की जा रही है, जो नियमों के विपरीत है। जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने कहा कि जल, जंगल और जमीन से जुड़े किसी भी फैसले में ग्राम सभा की सहमति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पेसा कानून और संविधान की पांचवीं अनुसूची आदिवासी क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को विशेष अधिकार प्रदान करती है। ऐसे में प्रभावित गांवों को छोड़कर प्रखंड मुख्यालय में जनसुनवाई कराना उचित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि परियोजना की पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) रिपोर्ट, विस्थापन एवं पुनर्वास नीति तथा स्थानीय युवाओं को रोजगार देने से जुड़े मुद्दों पर पूरी पारदर्शिता नहीं बरती गयी है। उन्होंने कहा कि पूर्व की कई परियोजनाओं में विस्थापित परिवार आज भी समस्याओं का सामना कर रहे हैं और बालूमाथ के लोगों के साथ ऐसा होने नहीं दिया जायेगा। अनीता देवी ने मांग की कि इस जनसुनवाई को पूरी तरह निरस्त माना जाये तथा भविष्य में परियोजना से सम्बन्धित किसी भी चर्चा का आयोजन प्रभावित गांवों की ग्राम सभाओं के बीच किया जाए। उन्होंने कहा कि वे विकास के विरोध में नहीं हैं, लेकिन स्थानीय लोगों के अधिकारों और आजीविका की कीमत पर किसी भी परियोजना को स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के मुखिया, वार्ड सदस्य, ग्राम प्रधान तथा बड़ी संख्या में महिला-पुरुष ग्रामीण मौजूद रहे।

## कुमारपुर गांव की समस्याओं से रूबरू हुए पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरी मंडल



**कुंडहित :** पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरी मंडल सोमवार को अंबा पंचायत के कुमारपुर गांव पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याओं का जायजा लिया। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के दशकों बाद भी गांव सड़क, विद्यालय और आंगनबाड़ी जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। ग्रामीणों के अनुसार, अंबा से मात्र दो किलोमीटर दूर स्थित कुमारपुर तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं है। इससे बच्चों की नियमित पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बरसात के दिनों में नदी पार कर स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचना मुश्किल हो जाता है। वहीं बीमारों और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाना भी बड़ी चुनौती बना हुआ है। भजहरी मंडल ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी को दूरभाष पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों से लिखित आवेदन प्राप्त होने पर मामले को जिला प्रशासन के समक्ष उठाया जाएगा। मौके पर अशोक राय, हाराधन राय, मदन राय, काजल राय, बादल राय, तारक राय, समीर राय, आनंद राय, अभी राय सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## एक झलक

### स्पोर्ट्स अकैडमी ने मनाया ईद मिलन समारोह



**गुमला** : स्पोर्ट्स अकैडमी गुमला के संयोजक सैयद जुन्नू रैंन के आवासीय परिसर थाना रोड,गुमला में आपसी सौहार्द और भाई चारे का त्यौहार ईदुल अजहा के मौके पर ईद मिलन समारोह का आयोजन रविवार यानी 4:00 बजे शाम से 8 बजे रात्रि तक चाली । प्रोग्राम के मुख्य अतिथि नगर परिषद ,आध्यक्ष, श्रीमति शकुंतला उरांव एवं विशिष्ट अथिति पूर्व नगर उपाध्यक्ष क्लीम अख्तर और , आफताब आलम लाडले, शंकर नायक, दामोदर केसरा, निर्मल गोयल , कैलाश जी, पूर्व भाजपा अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू, मोहम्मद करीम उर्फ कल्लू ,खालिद शाह, हाजी फैयाज,फैसल, अरीब आब्दीन, असर आब्दीन एवं शहर के सभी समाजसेवियों खेल प्रेमियों और आपसी भाईचारे को मजबूती प्रदान करने वाले व्यक्तित्व मौजूद थे । इस मौके पर नगर परिषद आध्यक्ष ने कहा कि अध्यक्ष बनने के बाद में पहली बार त्योहार ईद उल अजहा के मौके पर मुझे थाना रोड सैयद जुन्नु रेन जी की आवास में आने का मौका मिला और साथ ही हमें यह देखने को मौका मिला कि हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी लोग कार्यक्रम में शामिल थे।

### डायन होने के शक में महिला की गला रेत कर हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम जिले के कुमारडुंगी थाना क्षेत्र के खंडखोरी गांव में डायन होने के शक में 47 वर्षीय महिला शुरू गोप की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले के आरोपित पुडुवा सिंकू उर्फ चौके को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद गांव में भय और तनाव का माहौल है। पुलिस के अनुसार, रविवार रात शुरू गोप अपने घर में छोटे बच्चों के साथ थीं। उनके पति देवेंद्र गोप और परिवार के अन्य सदस्य ओडिशा के गेरेया मंजर गांव में एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इसी दौरान गांव निवासी पुडुवा सिंकू उर्फ चौके उनके घर पहुंचा। मृतका के बच्चों ने पुलिस को बताया कि आरोपित हड़िया पिलाने के बहाने उनकी मां को अपने साथ ले गया था। बच्चों के अनुसार, कुछ समय बाद उन्हें अपनी मां की चीख सुनाई दी, लेकिन डर के कारण वे घर के अंदर ही बंद होकर छिपे रहे।

## बैंकों का सीडी रेश्यो बढ़ाने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार पर जोर

# खराब प्रदर्शन वाले बैंकों में सरकारी राशि नहीं रखने पर होगा विचार : वित्त मंत्री

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : राज्य के वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री राधा कृष्ण किशोर ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित जिला स्तरीय बैंकर्स समीक्षा बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रदर्शन, ऋण-जमा अनुपात (सीडी रेश्यो), शाखा विस्तार, वार्षिक ऋण योजना तथा सरकार प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत सहित विभिन्न बैंकों के क्षेत्रीय,एसएलबीसी एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान मंत्री ने जिले के वर्तमान सीडी रेश्यो 36 प्रतिशत रहने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पिछली समीक्षा बैठक में यह आंकड़ा 40 प्रतिशत था, जबकि चार माह के दौरान इसमें वृद्धि होने के बजाय कमी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि बैंकों का दायित्व केवल जमा राशि बढ़ाना नहीं, बल्कि स्थानीय स्तर पर ऋण प्रवाह बढ़ाकर आर्थिक गतिविधियों को गति देना भी है। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि जिन बैंकों का सीडी रेश्यो लगातार खराब रहेगा, उनमें सरकारी राशि रखने के विषय में पुनर्विचार किया जाएगा। मंत्री ने सभी बैंकों की जमा राशि, ऋण वितरण एवं लक्ष्य के विरुद्ध



उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए बैंकवार प्रदर्शन का आकलन किया। उन्होंने कृषि, स्वरोजगार एवं लघु उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए ऋण वितरण में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में जिले के बैंकिंग नेटवर्क की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि जिले में विभिन्न बैंकों की कुल 145 शाखाएं संचालित हैं। मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। जिन बैंकों की जिले में केवल एक या सीमित शाखाएं हैं, उन्हें नए शाखा विस्तार पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पलामू एक आकांक्षी जिला है और इसके समग्र विकास में बैंकिंग संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। बैंकों को केवल व्यावसायिक दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि सामाजिक एवं विकासात्मक दायित्वों को भी ध्यान में रखकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से संबंधित लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया तथा कहा कि पात्र किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराना बैंकों की प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके अलावा वार्षिक ऋण योजना, बकाया अग्रिम, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति ऋण, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, बैंक मित्र (बीसी) नेटवर्क तथा सरकार प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गयी। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बैठक में बैंकों से समन्वय स्थापित कर वित्तीय समावेशन, स्वरोजगार एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग करने का आग्रह किया।बैठक में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, ऋण वितरण में सुधार लाने तथा सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## कोडरमा के कॉलेजों की समस्या हल करने को लेकर हेमन्त सोरेन से मिलीं अन्नपूर्णा देवी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : सांसद सह केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा जिले के महाविद्यालयों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग से हटाकर गिरिडीह स्थित जे.सी. बोस विश्वविद्यालय में शामिल किए जाने के मुद्दे पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर कहा कि इस निर्णय से कोडरमा जिले के छात्र-छात्राओं में भारी असंतोष एवं आक्रोश का माहौल है। विद्यार्थियों और अभिभावकों को शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। वही मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मांग की कि कोडरमा जिले के सभी महाविद्यालयों को पूर्ववत विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के अधीन ही रखा जाए। जिस पर मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने संज्ञान में लेते हुए मंत्री महोदया की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि इस विषय पर यथावत स्थिति बनाए रखने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। वही जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि मंत्री जी कोडरमा के विद्यार्थियों और अभिभावकों और जनता जनार्दन के साथ है ,विद्याथीयों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा उनकी समस्याओं के समाधान हेतु हर संभव प्रयास जारी रहेगा।

## विवेकानंद कान्वेंट स्कूल के तीन छात्रों ने जेई एडवांस क्वालीफाई कर विद्यालय परिवार को किया गौरवान्वित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : चेचाई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कान्वेंट स्कूल के तीन छात्र -छात्राओं ने जेई एडवांस क्वालीफाई कर अपने-अपने परिवार, समाज सहित पूरे विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। बताते चले कि ये तीनों बच्चें जेई मेंस मे बेहतर रिजल्टस लाया था। अब पुनः जेई एडवांस मे अच्छा रिजल्ट लाकर इन्होने अपने-अपने प्रतिभा को साबित किया। जेई एडवांस मे रोहित राज का ऑल इंडिया ओबीसी रैंक 1783 हैं, वही शायन्तिका मोदी का ऑल इंडिया ओबीसी रैंक 4103 हैं एवं अंकिता साहा का ऑल इंडिया ओबीसी रैंक 7641 हैं। अब ये तीनों बच्चें आगे देश के प्रतिष्ठित आईआईटी कॉलेज मे दाखिला लेकर भविष्य का बेहतर इंजीनियर व साइंटिस्ट बनेंगे। विद्यालय निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाता हैं, जो छात्र-छात्राएं लगनशीलता व लक्ष्य बनाकर मेहनत करते हैं वे एक दिन अवश्य सफल होते हैं। इतने प्रतियोगी युग मे भी आईआईटी कॉलेज मे नामांकन एक सपने को सच करने जैसा हैं। मैं चाहूंगा कि आपलोग इंजीनियर व साइंटिस्ट के साथ साथ एक अच्छे इंसान बनकर अपने देश व समाज की सेवा करें। माता-पिता व गुरुजनो को हमेशा सम्मान दें। इस सफलता पर सभी के परिवारजनों के साथ-साथ विद्यालय के प्राचार्य सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने गर्व महशुस करते उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें व आशीर्वाद दिए।




## विश्व मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन दिवस के अवसर पर सदर प्रखंड में जागरूकता कार्यक्रम एवं दिव्यांगजन सहायता शिविर का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : सदर प्रखंड, डालटनगंज में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन दिवस के अवसर पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) श्रीमती सुलोचना मीणा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किशोरियों, महिलाओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। अपने संबोधन में एसडीओ सदर श्रीमती सुलोचना मीणा ने किशोरियों को मासिक धर्म के महत्व, इसके दौरान अपनाई जाने वाली स्वच्छता संबंधी सावधानियों एवं संतुलित आहार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मासिक धर्म महिलाओं के जीवन की एक प्राकृतिक एवं अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसका सबसे महत्वपूर्ण पहलू सृष्टि की निरंतरता एवं नई पीढ़ी के निर्माण से जुड़ा है। उन्होंने किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान नियमित साफ-सफाई रखने तथा सेनेटरी पैड का उपयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि संक्रमण से बचाव के लिए स्वच्छता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी कायार, इसलिए स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### शपथ पत्र



मैं आशिष सिंह, उम्र करीब 23 वर्ष, पिता विनोद सिंह, ग्राम थाना बानेहार, जिला- लातेहार राज्य झारखण्ड राष्ट्रीयता भारतीय निन्दिर, पो० डेमू शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ किः-22679 hated SLNO.

1. यह कि मै उक्त ग्राम का स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि, मेरा आधार कार्ड सं0- 5775 0301 4123 है जिसमे मेरा नाम छोटू कुमार सिंह दर्ज है।
3. यह कि, मेरा सभी मैट्रिक का सभी मूल प्रमाण पत्र में मेरा नाम आशिष सिंह दर्ज है।
4. यह कि, मेरा ही नाम छोटू कुमार सिंह एवं आशिष सिंह है मैं इन्ही दोनों नामों से जाना एवं पहचाना जाता हूँ।
5. यह कि, मैं आशिष सिंह अपने आधार कार्ड सं0- 5775 0301 4123 में छोटू कुमार सिंह दर्ज नाम को हटाकर आशिष सिंह दर्ज करवाने हेतू यह शपथ पत्र कर रहा हूँ।

**आशिष सिंह**

मै आशिष सिंह, शपथ पूर्वक एकरार करता हूँ कि उपर लिखे गये सारी बाते मेरी जानकारी में सही सत्य वो दुरूस्त है।

**आशिष सिंह**

शपथ पत्र संख्या :- 22639
दिनांक 01/06/2026

## विधायक ने की प्रेस वार्ता, कोडरमा जिले के सभी महाविद्यालय को विभावि में ही रखने की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : कोडरमा विधायक और राज्य की पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव ने सोमवार को अपने आवास पर प्रेस वार्ता आयोजित कर राज्य सरकार से कोडरमा के सभी महाविद्यालयों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय में ही रखने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस मामले में उन्होंने राज्यपाल, मुख्यमंत्री और शिक्षा सचिव को पत्र भी लिखा है। प्रेस वार्ता में विधायक ने आरोप लगाया कि कोडरमा में भाजपा की विधायक और सांसद निर्वाचित हैं इसलिए साजिश कर जानबूझकर कोडरमा जिले को उपेक्षित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में कोडरमा जिले में तीन जगहों सतगावां, मरकच्चो और डोमचांच में डिग्री कॉलेज के भवन बने परंतु पिछले 5 साल से पढ़ाई की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। कोडरमा जिला मुख्यालय से पॉलिटेक्निक कॉलेज को अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया और यहां कोई विकल्प नहीं दिया गया। वहीं उनके शिक्षा मंत्री रहते कोडरमा में इंजीनियरिंग कॉलेज का शिलान्यास हुआ, भवन बनकर तैयार हो गया परंतु 5 साल बीत जाने के बाद भी अब तक इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई की व्यवस्था नहीं की जा सकी। यह राज्य सरकार की मंशा को दशार्ता है कि वह जानबूझकर कोडरमा को उपेक्षित रखना चाहती है। विधायक ने कहा कि कोडरमा का सबसे पुराना जगन्नाथ जैन कॉलेज और अन्य महाविद्यालयों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय से हटाकर सर जेसी बोस विश्वविद्यालय गिरिडीह से संबद्धता दी जा रही है जो किसी भी रूप में छात्र हित में नहीं है। पहले कोडरमा के महाविद्यालय रांची विश्वविद्यालय में थे, काफी दूरी होने कारण छात्रों को कठिनाई होती थी। इस कारण से विनोबा भावे विश्वविद्यालय की स्थापना हुई, पर सरकार के नए निर्णय से फिर वही समस्या उत्पन्न हो जाएगी।

## विधायक डॉ. नीरा यादव की पहल पर कॉमर्स कॉलेज में हड़ताल समाप्त, 28 दिनों बाद परिसर में लौटी रौनक



**झुमरी तलैया (कोडरमा)**: कॉमर्स कॉलेज ( कर्मा ) परिसर में पिछले करीब एक महीने से चल रहा गतिरोध आखिरकार सोमवार को समाप्त हो गया। शासी निकाय की अध्यक्ष सह विधायक डॉ. नीरा यादव की सकारात्मक पहल पर कॉलेज प्रशासन, प्राचार्य और शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ। इस समझौते के आधार पर, गत 4 मई 2026 से महाविद्यालय परिसर में जारी धरना और अनिश्चितकालीन हड़ताल को 1 जून 2026 को अपराह्न 3:30 बजे आधिकारिक रूप से समाप्त कर दिया गया। शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष प्रो. रामेश्वर प्रसाद राणा ने सभी कर्मियों की उपस्थिति में हड़ताल समाप्ति की घोषणा की। संघ के इस निर्णय का वहां मौजूद सभी शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने हर्षध्वनि के साथ स्वागत और सहर्ष स्वीकार किया। छात्रों के हित में लिया गया फैसला, बैठक के बाद संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि विधायक डॉ. नीरा यादव की मध्यस्थता और उनके द्वारा दिए गए आश्वासनों के बाद कर्मचारियों ने कॉलेज के शैक्षणिक माहौल और छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए काम पर लौटने का फैसला किया है।

## कोडरमा बदडीहा में हरे पेड़ों की कटाई से मचा हड़कम्प, वन विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : कोडरमा जिले के बदडीहा गांव में हरे-भरे और मोटे पेड़ों की कथित रूप से धड़ल्ले से कटाई किए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि बिना किसी वैध अनुमति के पेड़ों को काटा जा रहा है और उनकी तस्करी की तैयारी की जा रही है ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में लगातार पेड़ों की कटाई होने से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। लोगों का कहना है कि मामले की जानकारी संबंधित विभाग को होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है,



जिससे वन विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन एवं वन विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो क्षेत्र की हरियाली और पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रामगढ़

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

अति–अल्पकालीन ई–निविदा संख्याः-01/R3/2025-26/RWD/RAMGARH दिनांक :- 30.05.2026

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा जिला अनाबद्ध योजनान्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RAMGARH/ 02/2024-25 | चितरपुर | आँगनबाड़ी केन्द्र मायल बाजार चितरपुर का चाहरदीवारी एवं पथ निर्माण। | 7.693 | 03 माह | चतुर्थ कॉल |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 02.06.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 09.06.2026 अपराहन 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 11.06.2026 अपराहन 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन– 829103
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 06553254005
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन
ह०/– कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रामगढ़।

PR.NO.381211 Rural Work Department(26-27):D

## साढ़े 12 लाख का प्रतिबंधित डोडा बरामद




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : चतरा पुलिस ने नशे के कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतापपुर थाना क्षेत्र के चरकाखुर्द गांव से भारी मात्रा में प्रतिबंधित डोडा बरामद किया है। इस संबंध में सदर एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर चरकाखुर्द गांव में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान तस्कर सुनील कुमार के घर से छह अलग-अलग प्लास्टिक बोरियों में रखा गया 83 किलो 790 ग्राम प्रतिबंधित अफीम डोडा बरामद किया गया है। एसडीपीओ नें बताया कि जब्त डोडा की अनुमानित बाजार कीमत करीब 12 लाख 56 हजार रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि बरामद डोडा को बिहार ले जाकर बेचने की योजना बनाई गई थी। पुलिस ने आरोपी सुनील कुमार को गिरफ्तार कर लिया है तथा उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने बताया कि मामले में एक अन्य व्यक्ति की संलिप्तता भी सामने आई है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इतना ही नहीं पुलिस पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी है ताकि इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया जा सके। प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि चतरा पुलिस नशे के कारोबार और अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। जो भी व्यक्ति मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में शामिल पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीपीओ नें कहा कि किसी भी कीमत पर जिले को नशा तस्करों का सुरक्षित ठिकाना नहीं बनने दिया जाएगा।

## डॉ. कौशल व मुखिया पूनम ने वन राखी आन्दोलन की स्वर्ण जयंती पर निकाली प्रभात फेरी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : वन संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता को लेकर चलाए जा रहे वन राखी मूवमेंट के 50 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को छतरपुर क्षेत्र के केरकी कुटिया, मोहन बांध गुनिया टांग, मोहनलाल खुर्जा, पार्वती देवी पार्क एवं केरकी खुर्द में जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पर्यावरणविद् डॉ. कौशल किशोर जायसवाल एवं डाली पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन, राष्ट्रगान एवं पर्यावरण धर्म की प्रार्थना के साथ बरगद का पौधा रोपित कर किया गया। इसके बाद करीब 10 गांवों से पहुंचे लगभग 500 वन राखी मूवमेंट



कार्यकताओं ने प्रभात फेरी निकालकर लोगों को वनों की कटाई रोकने एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान वन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर पेड़ों की रक्षा का संकल्प भी लिया गया। डॉ. कौशल किशोर जायसवाल ने कहा कि पर्यावरण धर्म और वन राखी आंदोलन मानव जीवन का आधार है। आधुनिक सुख-सुविधाओं का सीमित उपयोग कर प्रदूषण को कम करना आज की आवश्यकता है।

# विकास योजनाओं व पूर्व निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा, लम्बित कार्यों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में सांसद चतरा सह अध्यक्ष जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) कालीचरण सिंह की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 24 दिसंबर 2025 को आयोजित दिशा समिति की बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की विभागवार समीक्षा की गई तथा विभिन्न विकास योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के प्रारंभ में सांसद, क्षेत्रीय विधायकों,



जिला परिषद अध्यक्षा एवं नगर परिषद अध्यक्ष का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत अनुपालन प्रतिवेदन की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना, ग्रामीण कार्य विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY), जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (DMFT), पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, विद्युत विभाग, भूमि संरक्षण, शिक्षा विभाग, आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खनन विभाग, जिला परिषद, सहकारिता विभाग, NTPC, CCL एवं इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड से संबंधित मामलों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में सड़क, पुल-पुलिया एवं अन्य आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इटखोरी क्षेत्र में निमार्णाधीन पुल के संबंध में विभागीय अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि शेष प्रक्रियाएं पूर्ण करते हुए कार्य को शीघ्र गति प्रदान की जाएगी। इस पर माननीय सांसद ने आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निमार्णाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि कुछ योजनाएं वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र (ठडउ) सहित अन्य तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृतियों के कारण लंबित हैं। इस पर संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त करने तथा योजनाओं के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

### कार्यालय,
### मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, शालीमार, राँची

**रंगीन मछली पालकों के लिए आम सूचना**

एतद् द्वारा राँची जिला के शहरी क्षेत्रो में एक्वेरियम शॉप/रंगीन मछली दुकान सज्जा के लिए उपकरण हेतु इस कार्य से जुड़ी महिलाओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में "मत्स्य विपणन योजना" के विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या 05 रा0 (वि0) दिनांक 25.05.2026 द्वारा निम्नलिखित रूप से भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य प्राप्त है जिसके लिए इच्छुक रंगीन मछली पालकों/महिलाओं से **दिनांक 01.07.2026** तक आवेदन आमंत्रित किए जाते है :–

| योजना/कार्यक्रम का नाम एवं विवरणी | भौतिक लक्ष्य (संख्या में) | आवेदन हेतु आर्हताएं |
|---|---|---|
| "A" एक्वेरियम शॉप/रंगीन मछली दुकान सज्जा के लिए उपकरण हेतु अनुदान<br><br>"B" **एक्वेरियम शॉप/रंगीन मछली दुकान सज्जा के लिए राज्यादेश के आलोक में प्रति लाभुक उपकरण हेतु मो0 1.00 लाख रूपया मात्र अनुदान निर्धारित है (मो0 1.00 लाख से अधिक राशि के लागत पर लाभुक का अंशदान समाहित होगा)** | लघु शीर्ष 101 – 05<br>लघु शीर्ष 796 – 05<br>**कुल 10** | (क) आवेदक यदि रंगीन मछली पालन/एक्वेरियम शॉप संचालन हेतु विशेष रूप से प्रशिक्षित हो तो प्रशिक्षण प्रमाण–पत्र संलग्न करें।<br>(ख) रंगीन मछली पालन में 05 दिवसीय प्रशिक्षण एवं 03 दिवसीय कार्यशाला प्रशिक्षित महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी।<br>(ग) आवेदक अपना अंशदान लगाने में सक्षम हों।<br>(घ) दिव्यांग आवेदक को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जायेगी (आवदेन के साथ असैनिक शल्य चिकित्सक द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा)।<br>(ङ) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन–जाति वर्ग के आवेदक जाति प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।<br>(च) लाभुक के चयनोपरांत लाभुक को कार्यालय के साथ एकरारनामा करना आवश्यक होगा।<br>(छ) लाभुक द्वारा एक्वेरियम शॉप के स्थल का हस्तांतरण नहीं करना होगा। यदि दुकान का हस्तांतरण किसी कारणवश किया जाता है तो कार्यालय को पूर्व में ही सूचित करना आवश्यक होगा।<br>(ज) एक्वेरियम शॉप को नियमित रूप से संचालन स्वयं करना आवश्यक होगा।<br>(झ) लाभुकों का चयन जिला स्तर पर इस प्रयोजनार्थ गठित समिति द्वारा सुयोग्य लाभुकों का चयन किया जायेगा जोअंतिम होगा।<br>(ञ) महिलाओं को न्यूनतम दो वर्षो का रंगीन मछली पालन का अनुभव प्राप्त होना आवश्यक है। |

नोट :– आवेदन–पत्र मत्स्य अनुसंधान केन्द्र शालीमार, राँची से प्रत्येक कार्य दिवस को प्राप्त किया जा सकता है जिसे निर्धारित **अंतिम तिथि 01.07.2026** तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जा सकता है।

ह0/–
सहायक मत्स्य निदेशक (अनु0)
मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, राँची।

PR.NO.381229 Fish(26-27):D

## एक झलक

### रेल महिला कल्याण संगठन ने वृद्धा आश्रम में बांटीं खुशियां

**कटिहार** : समाजसेवा और मानवता की मिसाल पेश करते हुए एन.एफ. रेलवे महिला वेलफेयर संगठन, कटिहार शाखा ने सोमवार को प्राणपुर प्रखंड स्थित बस्तोल आनंद मार्ग वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां रह रहे बुजुर्गों के साथ समय बिताया। संगठन की अध्यक्षा निवेदिता नरह के नेतृत्व में पहुंची टीम ने बुजुर्गों की आवश्यकताओं और सुख-सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर रेल महिला संगठन की टीम ने वृद्धाश्रम में रह रहे सभी 16 बुजुर्गों से आत्मीय मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। संगठन की ओर से उन्हें राशन, फल, साबुन सहित दैनिक उपयोग की अन्य आवश्यक सामग्रियां भेंट की गईं। संगठन की इस पहल से बुजुर्गों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। वहां उपस्थित लोगों ने महिला संगठन की अध्यक्षा निवेदिता नरह की इस संवेदनशील एवं मानवीय पहल की सराहना की। इस दौरान निवेदिता नरह ने कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिक हमारे अनुभव और संस्कारों की अमूल्य धरोहर हैं। उनके सम्मान और देखभाल की जिम्मेदारी हम सभी की है। गौरतलब है कि रेल महिला समिति की अध्यक्षा क्षेत्र में काफी सक्रिय हैं, जिनके कुशल मार्गदर्शन में आए दिन रेलमंडल में अलग-अलग सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं।

### एसबीआई से 2.30 लाख रुपये लूट कर फरार हुए बदमाश

**सीवान** : जिले बसंतपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को दोपहर दिनदहाड़े हुई लूट की घटना ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की बसंतपुर शाखा से 2.30 लाख रुपये निकालकर लौट रहे एक सीएसपी संचालक को बाइक सवार अपराधियों ने निशाना बनाते हुए रुपये लूट लिए और फरार हो गए। घटना बसंतपुर थाना क्षेत्र के कोड़र गांव के समीप सोमवार दोपहर बाद की है। जानकारी के अनुसार, शहरकोला स्थित एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक पप्पू कुमार यादव बसंतपुर मुख्यालय स्थित एसबीआई शाखा से 2 लाख 30 हजार रुपये की निकासी कर बाइक से अपने केंद्र लौट रहे थे। इसी दौरान कोड़र स्थित एक बाइक एजेंसी के समीप एक बाइक पर सवार दो अपराधियों ने उनकी बाइक को टक्कर मारकर असंतुलित कर दिया, जिससे वे सड़क किनारे गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गिरते ही अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर उनके पास मौजूद रुपये से भरा बैग छीन लिया और सीवान की ओर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही बसंतपुर थानाध्यक्ष राजू कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। बाद में महाराजगंज के एसडीपीओ अमन भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के क्षेत्रों तथा एसबीआई शाखा के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

# हर माह 10 तारीख तक पेंशन भुगतान सुनिश्चित करें : सम्राट चौधरी

**एजेंसी**

**पटना** : बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत लाभार्थियों के खातों में प्रत्येक माह की 10 तारीख तक राशि का भुगतान हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पेंशन भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी गरीब, वृद्ध, दिव्यांग और अन्य जरूरतमंद लाभार्थियों के जीवन को प्रभावित करती है, इसलिए इस व्यवस्था को पूरी गंभीरता और जवाबदेही के साथ संचालित किया जाना चाहिए। सोमवार को लोक सेवक आवास




स्थित संकल्प में आयोजित समाज कल्याण विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने विभागीय योजनाओं की प्रगति, सेवा वितरण व्यवस्था और लाभार्थियों तक योजनाओं की पहुंच का विस्तृत आकलन किया। बैठक में समाज कल्याण मंत्री श्वेता गुप्ता, विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान कहा कि राज्य के आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के समग्र विकास की आधारशिला हैं। इसलिए इनके संचालन, उपस्थिति और सेवा वितरण की तकनीकी माध्यमों से नियमित एवं गहन निगरानी की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविका और सहायिकाओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा लक्षित बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र जितने बेहतर ढंग से संचालित होंगे, बच्चों का शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास उतना ही बेहतर होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने के लिए कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के माध्यम से सहयोग प्राप्त करने की संभावनाओं पर गंभीरता से कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र की सहभागिता से आंगनबाड़ी केंद्रों के बुनियादी ढांचे, संसाधनों और सुविधाओं में सुधार लाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान राज्य में बच्चों के बीच स्टंटिंग (अल्पविकसित वृद्धि) और वेस्टिंग (कुपोषण के कारण वजन में कमी) की स्थिति में सुधार लाने को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि पोषण संबंधी सूचकांकों में सुधार के लिए विभाग को और अधिक सक्रियता से कार्य करना होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि पोषण, स्वास्थ्य और बाल विकास से जुड़ी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जाए तथा जमीनी स्तर पर निगरानी तंत्र को मजबूत बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'परवरिश योजना' सहित समाज कल्याण विभाग की अन्य योजनाओं के दायरे का विस्तार किया जाए ताकि अधिक से अधिक पात्र लोगों को सरकारी सहायता का लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के तहत दी जाने वाली आर्थिक सहायता और अन्य सुविधाओं की पुनः समीक्षा की जाए तथा आवश्यकता के अनुसार लाभ राशि बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। समाज कल्याण विभाग के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने विभाग में रिक्त पड़े पदों को शीघ्र भरने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध होने पर योजनाओं के क्रियान्वयन और निगरानी में तेजी आएगी तथा लाभार्थियों को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता और समयबद्ध निगरानी को महत्वपूर्ण बताते हुए अधिकारियों को जवाबदेही के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

## सुपौल में बाढ़ अवधि शुरू, कोसी बराज से छोड़ा गया 25,850 क्यूसेक पानी, प्रशासन अलर्ट मोड में

**एजेंसी**

**सुपौल** : जिले में सोमवार से आधिकारिक रूप से बाढ़ अवधि की शुरूआत हो गई है। संभावित बाढ़ और कटाव की चुनौतियों को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी सावन कुमार के नेतृत्व में सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रखा गया है तथा संवेदनशील तटबंधों और नदी क्षेत्रों की लगातार निगरानी शुरू कर दी गई है। जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह 8 बजे कोसी बराज से डाउन स्ट्रीम में 25,850 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज दर्ज किया गया। वहीं नेपाल स्थित



बराह क्षेत्र से 21,650 क्यूसेक जलप्रवाह रिकॉर्ड किया गया। वर्तमान में पूर्वी एवं पश्चिमी कोसी मुख्य नहरों में पानी का प्रवाह शून्य है। प्रशासन का कहना है कि फिलहाल नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से काफी नीचे है, लेकिन मानसून के आगमन और नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में संभावित वर्षा को देखते हुए किसी भी स्थिति से निपटने की तैयारी की जा रही है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष को सक्रिय कर दिया गया है और सभी प्रखंड व अंचल स्तर के अधिकारियों को लगातार स्थिति पर नजर बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने बाढ़ सुरक्षा से जुड़े अभियंताओं एवं अधिकारियों को अपने-अपने कार्यस्थलों पर मुस्तैद रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाढ़ अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा जिले से होकर गुजरने वाली कोसी, तिलयुगा, बिड़ल, खाड़ो और जीता धार समेत अन्य प्रमुख नदियों के जलस्तर तथा तटबंधों की स्थिति पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी आपात स्थिति की सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन को दें।

## बिहार में खेत बचाओ अभियान का हुआ शुभारम्भ

## 30 जून तक किसानों को किया जायेगा जागरूक

**एजेंसी**

**पटना** : बिहार में रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को राज्यव्यापी ह्यखेत बचाओ अभियानह्न की शुरूआत की गई। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मीठापुर स्थित कृषि भवन से सैकड़ों किसानों की उपस्थिति में अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 30 जून तक चलाया जाएगा। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि ह्यखेत बचाओ अभियान केवल मिट्टी को बचाने का प्रयास नहीं है, बल्कि यह मानव



स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और किसानों की समृद्धि से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता प्रभावित हो रही है और पर्यावरण के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य रसायनों के अत्यधिक प्रयोग से धरती की उर्वर शक्ति को होने वाले नुकसान को रोकना है। प्राकृतिक खेती को अपनाकर न केवल मिट्टी की सेहत सुधारी जा सकती है, बल्कि परिवारों को भी स्वस्थ जीवन मिल सकता है। उन्होंने किसानों से गोबर, गोमूत्र और बीजामृत जैसे प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। कृषि मंत्री ने कहा कि मिट्टी जांच रिपोर्टों से स्पष्ट हो रहा है कि रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग के कारण मिट्टी में पोषक तत्वों का संतुलन तेजी से बिगड़ रहा है।

## गम्भीर बीमारी से जूझ रहे हेठबरगा निवासी पूरन पोद्दार का हुआ निधन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : सोमवार को गोला प्रखंड अंतर्गत उपरबरगा ग्राम के हेठबरगा निवासी स्व. पूरन पोद्दार (उम्र 35 वर्ष) का गंभीर बिमारी के कारण निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही रामगढ़ विधानसभा के समाजसेवी पियूष चौधरी के निर्देश पर युवा आजसू जिला प्रभारी विशु रजवार शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दिवंगत के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए आर्थिक सहयोग प्रदान की तथा भविष्य में भी हरसंभव सहायता और सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी में पूरा आजसू परिवार शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ा है। मौके पर आजसू नेता हरिबोल महतो, हेमंत रजक, दिलीप महतो, युवा नेता सोनू महतो, बिक्की कुमार बिमल साहू हरिकृष्ण गुप्ता सहित अन्य स्थानीय

## डेली मार्केट, गोला के विकास को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : गोला प्रखंड सभागार में गोला डेली मार्केट को मॉडल मार्केट के रूप में विकसित करने को लेकर किसानों, दुकानदारों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा जिला एवं प्रखंड प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला एवं प्रखंड प्रशासन द्वारा प्रस्तुत न्यू डेली मार्केट मॉडल पर सर्वसम्मति से सहमति बनी। इसके साथ ही मॉडल डेली मार्केट निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। जिला प्रशासन की अंतिम स्वीकृति प्राप्त होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ विधायक ममता देवी शामिल हुई। इस मौके पर विधायक



ने मॉडल मार्केट के विकास से किसानों, व्यापारियों एवं आम जनता को होने वाले लाभों पर अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर चौधरी, रामगढ़,जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. सुधा वर्मा, अंचल अधिकारी सीताराम महतो, सांसद प्रतिनिधि राजीव जयसवाल, प्रीतम झा, सुनील कुशवाहा, चतुर्भुज कश्यप, संतोष सोनी, गौरी शंकर महतो, रचिया महतो, मुखिया कुम्हारदगा सुनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य संध्या देवी, मुकेश कुमार, देवेंद्र दांगी, तुलसी महतो, गुलाम सरवर, कामेश्वर रंगीला, संजय कुशवाहा, अजय महतो, मनीष प्रसाद, महेन्द्र प्रसाद, महेश महतो, अशोक प्रसाद सहित सैकड़ों किसान एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## विनय सिन्हा ने परिसीमन के मुद्दे पर प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़)** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव विनय सिन्हा दीपू ने परिसीमन (डिलिमिटेशन) के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने परिसीमन (डिलिमिटेशन) में राज्य के आदिवासी, ओबीसी, अनुसूचित जाति और सामान्य वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर यहाँ के विधानसभा सीटों की संख्या 81 से बढ़ाकर 150 किए जाने की माँग की है। उन्होंने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में बताया है कि आगामी परिसीमन (डिलिमिटेशन) को लेकर राज्य के सुदूर वनांचल क्षेत्रों, पठारी इलाकों और विशेषकर आदिवासी व मूलवासी समाज के भीतर अपने राजनीतिक और संवैधानिक प्रतिनिधित्व को लेकर गहरी चिंता और असमंजस की



स्थिति नजर आ रही है। जनसंख्या के बदलते आंतरिक समीकरणों के कारण यह आशंका प्रबल हो गई है कि पारंपरिक जनजातीय सीटों की संख्या में कटौती हो सकती है, जो झारखंड राज्य के गठन की मूल अवधारणा और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत होगा। पत्र के माध्यम से विनय सिन्हा दीपू ने राज्य के भौगोलिक धरातल और प्रमंडलीय विषमताओं को आधार बनाते हुए एक ठोस प्रस्ताव रखा है। पत्र में बताया कि हमारा स्पष्ट मानना है कि झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता को किसी भी प्रकार के राजनीतिक टकराव से बचाने का एकमात्र रास्ता यह है कि झारखंड विधानसभा की वर्तमान निर्वाचित सीटों की संख्या को 81 से बढ़ाकर 150 कर दी जाए।

## बिजेंद्र यादव से मिलीं अमेरिकी महावाणिज्य दूत, बिहार-अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर

**एजेंसी**

**पटना** : बिहार के उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव से सोमवार को अमेरिकी महावाणिज्य दूत कैथी जाइल्स-डियाज ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच बिहार के विकास, आर्थिक प्रगति, निवेश की संभावनाओं और द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। यह उच्चस्तरीय बैठक बिहार और अमेरिका के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने तथा आपसी संबंधों को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री ने अमेरिकी महावाणिज्य दूत को बिहार की समृद्ध



ऐतिहासिक विरासत, सांस्कृतिक महत्व और राज्य में चल रही विकासात्मक परियोजनाओं की जानकारी दी। बिजेंद्र प्रसाद यादव ने राज्य में आधारभूत संरचना, शिक्षा, कृषि, उद्योग और वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बिहार में निवेश और विकास की बढ़ती संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य सरकार आर्थिक विकास को नई गति देने के लिए लगातार प्रयासरत है। बैठक के दौरान अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास की क्षेत्रीय गतिविधियों, प्राथमिकताओं और संभावित सहयोग के क्षेत्रों पर भी विचार-विमर्श किया गया। दोनों पक्षों ने तकनीकी सहयोग, क्षमता विकास, आर्थिक साझेदारी और निवेश को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विशेष चर्चा की। उपमुख्यमंत्री और कैथी जाइल्स-डियाज के बीच इस बात पर भी विचार हुआ कि बिहार की विकास आवश्यकताओं के अनुरूप नए सहयोगी अवसरों की पहचान कैसे की जाए, जिससे राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को और गति मिल सके। इस अवसर पर अमेरिकी महावाणिज्य दूत के साथ तीन सदस्यीय विशेषज्ञ प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद रहा। प्रतिनिधिमंडल में अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास, कोलकाता की आर्थिक मामलों की विशेषज्ञ संगीता डे चंदा, प्रेस एवं मीडिया सहायक नयनतारा श्रॉफ तथा सुरक्षा संपर्क अधिकारी अनिरुद्ध घोष शामिल थे।

## बिहारीगंज-बीरपुर रेल लाइन को मिलेगी गति : सांसद पप्पू यादव

**एजेंसी**

**पूर्णिया** : कोसी-सीमांचल क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित बिहारीगंज-बीरपुर नई रेल लाइन परियोजना को लेकर सकारात्मक पहल के बाद पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इस रेल परियोजना की मांग उन्होंने वर्ष 1991 में पहली बार उठाई थी और लगभग 35 वर्षों बाद यह सपना साकार होने की ओर बढ़ रहा है। उनके अनुसार यह रेल लाइन केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक प्रगति का नया आधार बनेगी। सांसद ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में बिहार के लिए प्रस्तावित नई रेल लाइन



परियोजनाओं के बीच बिहारीगंज वाया बनमनखी, मुरलीगंज, त्रिवेणीगंज, जदिया, छातापुर और प्रतापगंज होते हुए भीमनगर-बीरपुर तक लगभग 92 किलोमीटर लंबी रेल लाइन को लेकर उम्मीदें बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का सर्वेक्षण कार्य पहले ही पूरा हो चुका था, लेकिन वर्षों तक जरूरी कार्रवाई नहीं होने से मामला आगे नहीं बढ़ पाया। उन्होंने लगातार रेल मंत्रालय और रेलवे बोर्ड के समक्ष इस परियोजना को प्राथमिकता देने की मांग उठाई है। पप्पू यादव ने कहा कि रेल मंत्री को पत्र लिखने और मुलाकात के दौरान उन्होंने पूर्णिया, बनमनखी, बिहारीगंज और आसपास के क्षेत्रों की रेल जरूरतों को प्रमुखता से उठाया था। उनका कहना है कि इस रेल लाइन के निर्माण से सुपौल, सहरसा, अररिया, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज सहित पूरे कोसी-सीमांचल क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी, जिससे व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे तथा सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सकेगी।

# भारत नो श्रमिकों, किसानों, एमएसएमई के लिए खाड़ी देश में अवसरों के द्वार खोले



**पीयूष गोयल**

01 जून से लागू हो रहा भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस मिशन की एक निर्णायक उपलब्धि है, जिसका लक्ष्य नए बाजार खोलने और रोजगार सृजन को गति देने के जरिये भारत के छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई के लिए वैश्विक समृद्धि के मार्ग बनाना है। भारत और ओमान के बीच गहरे आर्थिक संबंध हैं और लोगों के आपसी संबंध प्रगाढ़ हैं। ओमान में लगभग 7 लाख भारतीय रहते हैं, जिनमें वे व्यापारी परिवार भी शामिल हैं, जिनकी जड़ें 200झ्र300 साल पुरानी हैं। ओमान से भारत को भेजी जाने वाली वार्षिक धनराशि लगभग 2 बिलियन डॉलर है, जबकि देश में 6,000 से अधिक भारतीय उद्यम कार्यरत हैं। दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को महत्वपूर्ण रूप से सुदृढ़ करता है। यह तुरंत ही ओमान में 98% टैरिफ लाइनों के लिए 100 प्रतिशत शुल्क मुक्त बाजार पहुंच की सुविधा देता है, जिसमें 99.38 प्रतिशत निर्यात शामिल है। यह सीईपीए से पहले की प्रणाली की तुलना में एक उल्लेखनीय सुधार को दर्शाता है। पहले की प्रणाली में केवल 15.3 प्रतिशत भारतीय निर्यात ओमान में शून्य शुल्क के साथ प्रवेश कर सकते थे। भारत की ऐसी वस्तुएं, जिन पर वर्तमान में ओमान में 5 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है और जिनकी कीमत लगभग 3.64 बिलियन डॉलर के निर्यात के बराबर है, अब काफी अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाएंगी। भारत के एमएसएमई क्षेत्र के लिए, यह समझौता परिवर्तनकारी हो सकता है, क्योंकि सीईपीए से लाभान्वित होने वाले कई क्षेत्रों में छोटे व्यवसायों की प्रमुखता है। लोहा और इस्पात, वस्त्र, चमड़ा, वाहन कल-पुर्जे और औद्योगिक उपकरण जैसे कुछ क्षेत्रों में एमएसएमई को बड़े अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर मिलने की उम्मीद है, जिससे उत्पादन, निवेश और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। बढ़ती वैश्विक अस्थिरता के युग में, सीईपीए भारतीय निर्यातकों को, जो आर्थिक मंदी और बढ़ते व्यापार बाधाओं का सामना कर रहे हैं, अपने बाजारों को विविध बनाने और परंपरागत बाजारों पर निर्भरता कम करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

**रोजगार सृजन** - यह व्यापार समझौता श्रम-गहन क्षेत्रों जैसे वस्त्र और परिधान, चमड़ा और जूते, खाद्य प्रसंस्करण, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण और कुछ इंजीनियरिंग क्षेत्रों को लाभ पहुँचाता है, जो भारत के प्रमुख रोजगार प्रदाता हैं। ओमान को होने वाले वस्त्र निर्यात में वृद्धि से उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और तिरुपुर, सूरत, लुधियाना, पानीपत, कोयंबटूर, करूर, भदोही, मुरादाबाद, जयपुर और अहमदाबाद जैसे प्रमुख क्लस्टर में रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। भारत भर के कारीगर और बुनकर भी अपने उत्पादों की उच्च अंतरराष्ट्रीय मांग से लाभान्वित होंगे। भारत भर में, विशेष रूप से तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में, साथ ही महाराष्ट्र, पंजाब, कर्नाटक और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों समेत चमड़ा और जूता के प्रमुख केंद्रों में भी रोजगार के अवसर सृजित होंगे। रत्न और आभूषण क्षेत्र एक अन्य उदाहरण है, जो दिखाता है कि सीईपीए रोजगार वृद्धि को किस प्रकार तेज करेगा। भारत के पास पहले से ही कटे और पॉलिश किए हुए हीरे, सोने और चांदी के आभूषण तथा हस्तनिर्मित आभूषण उत्पादन में मजबूत क्षमताएं हैं। शुल्क बाधाओं के हटने से, भारतीय निर्यातकों को यूरोपीय और एशियाई प्रतिस्पर्धियों पर निर्णायक बढ़त मिलेगी। उद्योग जगत का अनुमान है कि अगले तीन वर्षों में ओमान को होने वाला निर्यात बढ़ कर 150 मिलियन डॉलर तक हो सकता है। इससे पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात के आभूषण निर्माण केन्द्रों में महत्वपूर्ण रोजगार संभावनाएं सृजित होने की उम्मीद है।

**किसान और मछुआरे** - घरेलू किसानों और संवेदनशील कृषि हितों की सुरक्षा के लिए, भारत ने गेहूं, चावल, मक्का, मोटे अनाज, डेयरी, फल, सब्जियां, खाद्य तेल, तिलहन, चाय, कॉफी और शहद जैसे प्रमुख उत्पादों पर कोई टैरीफ छूट नहीं दी है। घी, शहद, मीठे बिस्कुट, अंडे और कुछ मिष्ठान्न उत्पादों में भारत को प्रतिद्वंद्वियों पर प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा, जिससे देश के कृषि उत्पादों की मांग बढ़ेगी और ग्रामीण आय में वृद्धि होगी। यह समझौता भारत के राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) प्रमाणन की स्वीकृति और मान्यता भी प्रदान करता है, जो भारतीय किसानों को ओमान में, जो एक प्रमुख खाद्य आयातक है, जैविक उत्पाद बेचने के लिए विशाल अवसर देगा। समुद्री उत्पादों में भी विशाल संभावनाएं हैं, जिनका अब तक उपयोग नहीं हो पाया है। 2022 और 2024 के बीच ओमान का समुद्री उत्पादों का आयात लगभग 119 मिलियन डॉलर था। भारत से आयात केवल 7.75 मिलियन डॉलर था, जिससे भारतीय समुद्री खाद्य निर्यात जैसे झींगा और जमे हुए कटलफिश के लिए विशाल अवसर मौजूद हैं। श्रम-गहन समुद्री उत्पाद उद्योग मछली पकड़ने, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, शीत-श्रृंखला लॉजिस्टिक्स और निर्यात संचालन में अतिरिक्त नौकरियाँ उत्पन्न कर सकता है।

**दवा और पारम्परिक चिकित्सा** - यूएसएफडीए, ईएमए, यूके एमएचआरए और टीजीए जैसे नियामकों द्वारा अनुमोदित भारतीय दवाएं 90 दिनों के भीतर ओमान में स्वचालित विपणन प्राधिकार प्राप्त करेंगी – जो भारतीय फार्मा निर्यातकों के लिए एक बड़ी सफलता है। यह भी महत्वपूर्ण है कि सीईपीए भारत की पारंपरिक चिकित्सा सेवाओं के लिए अवसर पैदा करता है। यह पारंपरिक चिकित्सा में संयुक्त अनुसंधान की व्यवस्था करता है।

**सेवाएं और आवागमन** - समझौते का एक और महत्वपूर्ण पहलू सेवा और आवागमन में निहित है। ओमान ने भारत के लिए विशिष्ट निर्यात क्षेत्रों में व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताएँ व्यक्त की है, जिनमें पेशेवर सेवाएँ, कंप्यूटर और आईटी सेवाएँ, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, अनुसंधान और विकास तथा पर्यावरण सेवाएँ शामिल हैं। लेखा, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, निर्माण, शिक्षा और परामर्श जैसे क्षेत्रों में भारतीय पेशेवरों को बेहतर बाजार पहुँच से लाभ मिलने की उम्मीद है। महत्त्वपूर्ण रूप से, ओमान ने भारतीय पेशेवरों और श्रमिकों के लिए आवागमन प्रतिबद्धताओं में वृद्धि पर सहमति व्यक्त की है। अंतर-कॉर्पोरेट स्थानांतरित कर्मियों और संविदा सेवा प्रदाताओं को चार साल तक रहने की अनुमति दी जाएगी, जबकि व्यवसाय आगंतुकों और स्वतंत्र पेशेवरों को आसान अस्थायी प्रवेश की सुविधा मिलेगी। इसने अंतर-कॉर्पोरेट स्थानांतरित कर्मियों के लिए ऊपरी-सीमा को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने की मोदी सरकार की पहल प्रत्येक भारतीय के जीवन को बेहतर बनाने के प्रधानमंत्री के मिशन का हिस्सा है। ओमान के साथ समझौता याद दिलाता है कि व्यापार; विकास, रोजगार सृजन और साझा समृद्धि का एक शक्तिशाली उपकरण है। एक विभाजित और संरक्षणवादी दुनिया में, पीएम मोदी स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि एक नया, आत्मविश्वासी भारत पीछे नहीं हटेगा। यह साझेदारियों, प्रतिस्पर्धा और वैश्विक सहभागिता के माध्यम से आगे बढ़ेगा।

**(लेखक केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं।)**

# भारत में जी नेटवर्क दिखायेगा फीफा विश्व कप के मुकाबले, जी5 पर होगी लाइव स्ट्रीमिंग



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** फुटबॉल प्रेमियों के लिए बड़ी खबर है। फीफा विश्व कप 2026 का प्रसारण भारत में जी नेटवर्क करेगा। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने टूनोमेंट के प्रसारण और डिजिटल स्ट्रीमिंग अधिकार हासिल करने की घोषणा की है। समझौते के तहत विश्व कप के मुकाबलों का सीधा प्रसारण जी समूह के हाल ही में शुरू किए गए चार नए खेल चैनलों पर किया जाएगा, जबकि जी5 पर सभी मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग उपलब्ध रहेगी। यह घोषणा टूर्नामेंट के शुरू होने से करीब दो सप्ताह पहले की गई है। 11 जून से 19 जुलाई तक आयोजित होने वाला यह विश्व कप अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा की संयुक्त मेजबानी में खेला जायेगा। जी समूह इससे पहले आई-लीग और उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग जैसे खेल आयोजनों का प्रसारण कर चुका है। इसी महीने कंपनी ने अपने यूनाइटेड 8 समूह के तहत चार नये खेल चैनल भी लॉन्च किए थे और इसके बाद फीफा के साथ अधिकारों को लेकर बातचीत शुरू हुई थी। हालांकि प्रसारण सौदे की आधिकारिक राशि सार्वजनिक नहीं की गयी है, लेकिन रिपोर्टों के अनुसार यह सौदा 30 से 35 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 320 करोड़ रुपये) के बीच हुआ है। फीफा विश्व कप 2026 टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे बड़ा संस्करण होगा। इसमें 48 टीमें हिस्सा लेंगी और कुल 104 मैच खेले जायेंगे। हालांकि भारतीय समयानुसार कई मुकाबले देर रात और आधी रात के बाद शुरू होने के कारण शुरुआत में मीडिया कंपनियों की दिलचस्पी सीमित रही। बताया जा रहा है कि फीफा ने शुरूआत में भारत के लिए प्रसारण अधिकारों की कीमत लगभग 100 मिलियन डॉलर रखी थी, लेकिन कम मांग को देखते हुए इसे घटाकर करीब 35 मिलियन डॉलर कर दिया गया। देर रात मैचों के समय और फुटबॉल स्ट्रीमिंग में घटती रुचि के कारण पहले सोनी ने दूरी बना ली, जबकि पिछला विश्व कप दिखाने वाले जियोस्टार ने भी अधिकारों का मूल्यांकन लगभग 20 मिलियन डॉलर तक ही किया था। ऐसे में जी नेटवर्क ने आगे बढ़कर प्रसारण अधिकार अपने नाम कर लिए।

### जी एंटरटेनमेंट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा

'हम दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजनों में से एक को भारतीय दर्शकों तक पहुंचाने के लिए उत्साहित हैं। फुटबॉल क्षेत्र और भाषा की सीमाओं से परे लोगों को जोड़ता है। प्रसारण अधिकार हासिल करने और नये खेल चैनल शुरू करने का फैसला इस खेल की दीर्घकालिक सम्भावनाओं पर हमारे भरोसे को दर्शाता है।'




## एक झलक

### जेम्स मिल्नर ने फुटबॉल को कहा अलविदा



**लंदन :** इंग्लैंड के पूर्व मिडफील्डर जेम्स मिल्नर ने 40 वर्ष की उम्र में पेशेवर फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही उनके 24 वर्षों लंबे प्रीमियर लीग करियर का भी अंत हो गया। मिल्नर ने वर्ष 2019 में लिवरपूल को यूईएफए चैंपियंस लीग का खिताब दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। पिछले तीन सत्रों से ब्राइटन एंड होव एल्बियन का हिस्सा रहे मिल्नर ने अपने करियर की शुरूआत अपने बचपन के पसंदीदा क्लब लीड्स यूनाइटेड से की थी। इसके बाद उन्होंने मैनचेस्टर सिटी और लिवरपूल के लिए खेलते हुए तीन प्रीमियर लीग खिताब जीते। इनमें दो खिताब मैनचेस्टर सिटी और एक लिवरपूल के साथ शामिल है। फरवरी, 2026 में ब्राइटन की ओर से ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ खेलते हुए उन्होंने प्रीमियर लीग में सर्वाधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने अपने करियर का समापन 658 प्रीमियर लीग मैचों के साथ किया। संन्यास की घोषणा करते हुए जेम्स मिल्नर ने इंस्टाग्राम पर लिखा, प्रीमियर लीग में 24 सत्र खेलने के बाद मुझे लगता है कि अब अपने खेल करियर को विराम देने का सही समय आ गया है। 16 वर्ष की उम्र में लीड्स यूनाइटेड के लिए पदार्पण करने और प्रीमियर लीग का सबसे युवा गोल स्कोरर बनने के बाद मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरी यात्रा इतनी शानदार होगी। जेम्स मिल्नर को प्रीमियर लीग इतिहास के सबसे भरोसेमंद और बहुमुखी खिलाड़ियों में गिना जाता है। उनका करियर इंग्लिश फुटबॉल के सबसे सफल और लंबे करियरों में से एक माना जाएगा।

### होटल लौटते समय गुजरात टाइटंस की बस में लगी आग बाल-बाल बचे खिलाड़ी

**अहमदाबाद :** गुजरात टाइटंस के लिए रविवार का दिन अच्छा नहीं रहा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के खिताबी मुकाबले में हार के बाद उनकी टीम बस जब होटल लौट रही थी तो उसमें आग लग गयी हालांकि राहत की बात ये रही कि किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ और सभी खिलाड़ी सुरक्षित हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार स्टेडियम से होटल लौटते समय शॉर्ट सर्किट के कारण बस में आग लगने की ये घटना हुई। बस में लगी आग के कारण खिलाड़ियों को लगभग एक घंटे तक बस में फंसे रहना पड़ा, जिससे कुछ समय के लिए सभी चिन्तित हो गये हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और सभी खिलाड़ियों को सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया गया, जिससे कोई भी गंभीर चोट या जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। हार के बाद बस में लगी आग से खिलाड़ी और परेशान हो गये। इससे पहले टीम को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के हाथों मैच में पांच विकेट से हार झेलनी पड़ी। गुजरात टाइटंस के पास अपने घरेलू मैदान पर दूसरी बार खिताब जीतने का अवसर था पर ये मौका उसके हाथ से निकल गया।

## अंडर-18 एशिया कप में भारत ने कोरिया को 4-1 से रौंदा

# सेमीफाइनल की उम्मीदें मजबूत



**एजेंसी**

**काकामिगाहारा (जापान) :** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने अंडर-18 एशिया कप के पूल-ए मुकाबले में सोमवार को कोरिया को 4-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। भारत की ओर से कप्तान केतन कुशवाहा ने दो गोल किये, जबकि वरिंदर सिंह और शाहरुख अली ने एक-एक गोल दागा। भारत ने मुकाबले की शुरूआत बेहद आक्रामक अंदाज में की और पहले ही क्वार्टर में दो गोल कर बढ़त बना ली। तीसरे मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर कप्तान केतन कुशवाहा ने रिबाउंड पर गोल कर भारत का खाता खोला। इसके महज दो मिनट बाद गाजी खान के बेहतरीन पास पर वरिंदर सिंह ने गोल दागकर भारत की बढ़त 2-0 कर दी। पहले क्वार्टर के बाद कोरिया ने खेल की गति धीमी करने की कोशिश की, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा कायम रहा। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच तेज खेल देखने को मिला, हालांकि ज्यादा मौके नहीं बने। 21वें मिनट में कोरिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिस पर कप्तान यून जेह्योक ने गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। तीसरे क्वार्टर में भारत ने फिर आक्रमण तेज किया। 36वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर कोरियाई रक्षा पंक्ति शुरूआती प्रयास को रोकने में सफल रही, लेकिन गेंद को पूरी तरह क्लियर नहीं कर सकी। इसका फायदा उठाते हुए केतन कुशवाहा ने अपना दूसरा और भारत का तीसरा गोल कर दिया। अंतिम क्वार्टर में कोरिया ने वापसी की कोशिश की, लेकिन भारतीय गोलकीपर आयुष राजक ने 53वें मिनट में शानदार बचाव कर टीम की बढ़त सुरक्षित रखी। इसके ठीक एक मिनट बाद भारत ने पलटवार करते हुए चौथा गोल दाग दिया। शाहरुख अली ने जोरदार शॉट लगाकर गेंद को बोर्ड से टकराया और भारत की जीत पर मुहर लगा दी। इस जीत के साथ भारत के छह अंक हो गए हैं और वह पूल-ए में जापान तथा कोरिया के बराबर पहुंच गया है। दोनों पूलों से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी। भारत अपना अंतिम पूल मुकाबला 3 जून को चीनी ताइपे के खिलाफ खेलेगा।

## जापान में झारखंड की बेटी नीतू कुमारी कर रहीं अंपायरिंग, अंडर-18 एशिया कप में दिखा राज्य का दम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जापान में आयोजित महिला अंडर-18 एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में झारखंड की बेटी नीतू कुमारी अंतरराष्ट्रीय मंच पर अंपायरिंग कर राज्य का नाम रोशन कर रही हैं। रांची जिले के हरदाग गांव की निवासी नीतू ने पूल-बी के चाइनीज ताइपे और बांग्लादेश के बीच खेले गए मुकाबले में अंपायरिंग की जिम्मेदारी सम्भाली। 29 मई से 6 जून तक काकामीगहारा (जापान) में आयोजित इस प्रतियोगिता में भारतीय महिला और पुरुष टीमों में झारखंड के कुल आठ खिलाड़ी भी शामिल हैं, जो भारत के लिए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। नीतू कुमारी झारखंड की दूसरी महिला अंपायर हैं, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंपायरिंग का अवसर मिला है। इससे पहले भी उन्होंने चीन और चाइनीज ताइपे के बीच मैच में अंपायरिंग की थी। मैच के दौरान अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष Mohammed Tayyab Ikram, हॉकी इंडिया के महासचिव Bholanath Singh तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। एफआईएच अध्यक्ष ने नीतू की अंपायरिंग की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। नीतू की यह उपलब्धि न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। यह दर्शाता है कि राज्य की बेटियां खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि अंपायरिंग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में भी अंतरराष्ट्रीय पहचान बना रही हैं।



लंदन में महिला एफ एक कप फुटबॉल में ब्रिगटन होव एंबियन और मैनचेस्टन सिटी के बीच लंदन में हुए मुकाबले में खेलती हुईं टीमें।

### चंडीगढ़ प्रीमियर लीग क्रिकेट मुकाबले 08 जून से शुरू होंगे

**चंडीगढ़ :** चंडीगढ़ प्रीमियर लीग का चौथा संस्करण 8 जून से 26 जून 2026 तक पंचकूला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में खेला जाएगा। चंडीगढ़ यूटी क्रिकेट एसोसिएशन (यूटीसीए) के अनुसार इसमें क्रिकेट प्रेमियों को अगले 18 दिनों तक रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। इस टूनामेंट में क्षेत्र की छह फ्रेंचाइजी आधारित टीमें ट्रॉफी के लिए भिड़ेंगी। लीग चरण में कुल 30 मुकाबले खेले जाएंगे, जिसके बाद दो सेमीफाइनल और एक फाइनल सहित कुल तीन नॉकआउट मैच होंगे, जो प्रतियोगिता के अंतिम चरण को और भी रोमांचक बनायेंगे। सभी मैच भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के दिशा-निर्देशों के अनुसार फ्लडलाइट्स की तेज रोशनी में खेले जाएंगे, जिससे मुकाबलों का आकर्षण और भी बढ़ जायेगा।

## भारतीय महिला कुश्ती टीम में सभी छह पहलवान हरियाणा की

# एशियन गेम्स में दिखायेंगी प्रतिभा



**एजेंसी**

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के लिए यह गर्व की बात है कि एशियन गेम्स 2026 के लिए चुनी गई भारतीय महिला कुश्ती टीम की सभी छह पहलवान हरियाणा की बेटियां हैं। प्रदेश के खेल मंत्री गौरव गौतम ने सोमवार को चंडीगढ़ में यह जानकारी देते हुए बताया कि यह उपलब्धि प्रदेश की खेल संस्कृति और प्रतिभा का प्रमाण है, बल्कि देशभर में हरियाणा की खेलों में अग्रणी पहचान को भी मजबूत करती है। गौरव गौतम ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा के खेल मंत्री होने के नाते यह उनके लिए विशेष गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि सरकार खिलाडियों को बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक खेल सुविधाएं, उत्कृष्ट प्रशिक्षक तथा आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। खेल मंत्री ने चयनित खिलाडियों की सूची जारी करते हुए बताया कि एशियन गेम्स 2026 के लिए भारतीय महिला कुश्ती टीम के 50 किलो ग्राम भार वर्ग में दीपांशी राठी, 53 किग्रा में अंतिम पंघाल, 57 किग्रा में मनीषा भनवाला, 62 किग्रा में मानसी अहलावत, 68 किग्रा में निशा दहिया, 76 किग्रा में प्रिया मलिक का चयन किया गया है। गौरव गौतम ने कहा कि खिलाडियों ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है, जो पूरे देश और प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय खिलाड़ी एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करेंगे।

# इन पांच कारणों से हमेशा याद रखा जायेगा आईपीएल 2026 का सत्र




**एजेंसी**

**मुम्बई :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का सत्र रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत के साथ ही समाप्त हो गया है। इस मैच में कई नये रिकार्ड बने और रोमांचक क्रिकेट देखने को मिला। राजस्थान रॉयल्स के 15 साल के वैभव सूर्यवंशी की धमाकेदार बल्लेबाजी के साथ ही आईपीएल का ये सत्र इन पांच कारणों से हमेशा याद रखा जाएगा। इस सीजन की सबसे बड़ी खोजों में से एक रहे रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव। जिनकी अद्भुत बल्लेबाजी ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। वैभव ने 16 मैचों में 48 की प्रभावशाली औसत और 237 के धमाकेदार स्ट्राइक रेट से कुल 776 रन बनाकर ऑरेंज कैप पर कब्जा किया। वह इस सम्मान को हासिल करने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए। आरसीबी की खिताबी जीत में विराट कोहली का प्रभाव भी देखने को मिला। फाइनल मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ विराट कोहली ने 42 गेंदों में 75 रनों की नाबाद पारी खेली, जिसमें उन्होंने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर एक शानदार छक्का लगाकर अपनी टीम को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाया। भारतीय टीम के लिए कई बार फिनिशर की भूमिका निभाने वाले कोहली ने आईपीएल में आरसीबी के लिए यह कारनामा पहली बार करके दिखाया। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी का लगातार दूसरी बार सफलतापूर्वक खिताब का बचाव करना बड़ी उपलब्धि रही, क्योंकि मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बाद वह इस लीग में यह उपलब्धि हासिल करने वाली सिर्फ तीसरी टीम बनी है। शानदार शुरूआत के बाद भी प्लेऑफ में नहीं पहुंच पायी पंजाब किंग्स की टीम ने ग्रुप स्तर पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 रनों के सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल कर एक बडा रिकार्ड अपने नाम किया। पंजाब किंग्स ने ये लक्ष्य केवल 18.5 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया था। इस सत्र में कई अन्य रिकार्ड भी बने। आईपीएल 2026 में रनों का अंबार लगा, जिसमें कुल 27,450 रन बने, जो अब तक के आईपीएल सत्र में सर्वाधिक हैं। बल्लेबाजों ने जमकर चौके और छक्के लगाये। कुल 2,332 चौके और 1,426 छक्के लगाए गए। इसके अतिरिक्त, इस सत्र में सबसे अधिक 17 बार 200 से अधिक रनों का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया गया।

### वैभव सूर्यवंशी को भारतीय टीम में जगह मिलना तय, एशियन गेम्स में कर सकते हैं डेब्यू

**अहमदाबाद :** राजस्थान रॉयल्स की आर से धमाकदौर बल्लेबाजी करते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 वें सत्र में ऑरेंज कैप जीतने वाले वैभव सूर्यवंशी को अब भारतीय टीम में जगह मिलना तय है। 15 साल की उम्र में ऑरेंज कैप जीतकर वैभव ने इतिहास रच दिया है। वह इतनी कम उम्र में ये उपलब्धि हासिल करने पहले खिलाड़ी हैं। वैभव ने इस सत्र में सर्वाधिक 776 रन बनाकर सभी का पीछे छोड़ दिया है। इसके बाद से ही इस बल्लेबाज के भारतीय टीम में चयन की मांग बढ़ गयी है और उम्मीद की जा रही है कि आगामी एशियन गेम्स के लिए उन्हें भारतीय टीम में जगह मिल सकती है। वैभव आईपीएल 2026 के फाइनल मैच में आईसीसी चेयरमैन और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व प्रमुख जय शाह के साथ बैठे दिखे जिससे साफ संकेत मिल गये है कि उन्हें शाह का समर्थन है। ऐसे में उनको टीम में जगह मिलना तय दिख रहा है।



### आरसीबी की जीत के जश्न के बीच ही बोले शिवकुमार, बेंगलुरु में होना चाहिये था फाइनल



**बेंगलुरु :** कर्नाटक के अगले मुख्यमंत्री बनने जा रहे डीके शिवकुमार ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की लगातार दूसरी बार आईपीएल में खिताबी जीत के जश्न के बीच ही कहा कि फाइनल मुकाबला बेंगुलरु में होना चाहिये था। शिवकुमार ने कहा कि आईपीएल फाइनल जिस प्रकार से अहमदाबाद में कराया गया है। उससे बेंगलुरु के करोड़ों प्रशंसकों के साथ अन्याय हुआ है। आरसीबी की जीत के बाद कर्नाटक, विशेषकर बेंगलुरु में जश्न का माहौल रहाहै। हजारों प्रशंसकों ने सड़कों पर उतरकर अपनी टीम की जीत के जश्न मनाया। ये प्रशंसका आतिशबाजी कर रहे थे। ढोल-नगाड़ों के साथ झूम रहे थे। इसी दौरान शिवकुमार ने फाइनल के आयोजन स्थल पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, आरसीबी का मैच बेंगलुरु में होना चाहिए था। हमारे साथ गलत हुआ है। राजनीति की वजह से मैच किसी और जगह आयोजित किया गया। मैं इस मुद्दे पर ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता पर हमारे साथ अन्याय हुआ है। शिवकुमार का तर्क था कि यदि फाइनल मुकाबला बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित होता, तो लाखों स्थानीय प्रशंसकों को अपनी प्रिय टीम को खिताब जीतते हुए देखने का अविस्मरणीय अवसर मिलता। उनका मानना है कि आरसीबी और बेंगलुरु का रिश्ता बेहद खास है और टीम की सबसे बड़ी ताकत उसके घरेलू प्रशंसक हैं। हालांकि उन्होंने किसी राजनीतिक दल या संस्था का सीधा नाम नहीं लिया, लेकिन उनके बयान ने क्रिकेट और राजनीतिक दोनों हलकों में हलचल मचा दी है।

## ऑस्ट्रेलियाई उपप्रधानमंत्री ने विराट कोहली की तारीफ में कहा

# ऑस्ट्रेलिया में उनकी बड़ी पहचान



**नयी दिल्ली :** भारत की यात्रा पर आये ऑस्ट्रेलिया के उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स ने भारतीय क्रिकेट स्टार विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि वह इस समय ऑस्ट्रेलिया में बेहद बड़ा नाम हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मजबूत रिश्तों का प्रतीक बन चुका है। 'मनोबल' कार्यक्रम में मार्ल्स ने भारतीय क्रिकेट के महान खिलाड़ी कपिल देव और बिशन सिंह बेदी के प्रति भी सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए यह गर्व की बात है कि मैं कपिल देव जैसे महान खिलाड़ी के साथ खड़ा हूं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के संबंध इस समय अपने सर्वोच्च स्तर पर हैं। जीवन के प्रति हमारा साझा दृष्टिकोण क्रिकेट के प्रति हमारे प्रेम में भी दिखाई देता है। मार्ल्स ने कहा कि जब वह बड़े हो रहे थे, तब भारतीय क्रिकेट में बिशन सिंह बेदी जैसे दिग्गज खिलाड़ियों का नाम सबसे अधिक सुनाई देता था। उन्होंने कहा कि आज विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया में बहुत बड़ा नाम हैं, लेकिन मेरे बचपन में बिशन सिंह बेदी भारतीय क्रिकेट की पहचान थे। उन्होंने भारत और ऑस्ट्रेलिया के सांस्कृतिक तथा खेल संबंधों की सराहना करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की आईपीएल 2026 में खिताबी जीत का भी उल्लेख किया। मार्ल्स ने कहा कि कल रात रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने शानदार जीत दर्ज की। विराट कोहली 75 रन बनाकर नाबाद रहे और मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने, लेकिन उनके साथ ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों जोश हेजलवुड और टिम डेविड ने भी अहम भूमिका निभाई। यह भारत और ऑस्ट्रेलिया के रिश्तों की बेहतरीन मिसाल है। गौरतलब है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 के फाइनल में गुजरात टाइटंस को हराकर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में विराट कोहली की नाबाद 75 रन की पारी टीम की जीत की आधारशिला बनी।



## एक झलक

### इजरायल का हिज्बुल्लाह ठिकानों पर हमला

**तेलअवीव :** इजरायल ने लेबनान में हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हमला करने का आदेश दे दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने सेना को बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहियेह में लक्षित ठिकानों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान और पीएम नेतन्याहू के पोस्ट के अनुसार, यह कार्रवाई इजरायली शहरों पर हिज्बुल्लाह के लगातार हमलों और संघर्षविराम के उल्लंघन के जवाब में की गई है। नेतन्याहू ने स्पष्ट किया कि हिज्बुल्लाह द्वारा इजरायली नागरिकों को निशाना बनाने के बार-बार हो रहे प्रयासों का यह सीधा जवाब है। इस बीच, लेबनान को इजरायली हमलों में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। लेबनान की सरकारी मीडिया के मुताबिक, इन हमलों में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है।

### हेलीकॉप्टर हादसे में भारतवंशी पायलट की मौत

**दुल्हन छह घंटे तक मलबे में फंसी रही, शादी की खुशियां मातम में बदलीं**

**वाशिंगटन :** शादी की खुशियां कुछ ही घंटों में मातम में बदल गईं, जब भारतीय मूल के पायलट की हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गई। हादसा अमेरिका के जॉर्जिया राज्य में हुआ, जहां नवविवाहित जोड़ा विवाह समारोह के बाद हेलिकॉप्टर से यात्रा पर निकला था। दुर्घटना में दुल्हन गंभीर रूप से घायल हो गई और करीब छह घंटे तक मलबे में फंसी रही। जानकारी के अनुसार, डेव फिजी और जेस्नी का विवाह 29 मई शुक्रवार को डॉसनविल स्थित एक वेडिंग वेन्यू में संपन्न हुआ था।

# गाय राष्ट्र माता है, उसे घोषित करने की कोई आवश्यकता ही नहीं : योगी

एजेंसी

**बिजनौर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग को लेकर चर्चा हो रही है, लेकिन मां और संतान के रिश्ते को किसी घोषणा की आवश्यकता नहीं होती। भारतीय संस्कृति में गाय को माता का दर्जा दिया गया है और वह आस्था तथा संस्कारों का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग करने वालों की बुद्धि भ्रष्ट हो गयी है। मुख्यमंत्री योगी सोमवार को बिजनौर जनपद के आलमपुर गांवड़ी में जमीन का अधिकार देने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।इस मौके पर उन्होंने पाकिस्तान से विस्थापित 1645 परिवारों तथा 50 पूर्व सैनिकों एवं लीजधारकों को भूमिधरी अधिकार पत्र प्रदान किए। भूमिधरी अधिकार मिलने से लाभार्थियों को भूमि पर वैधानिक स्वामित्व प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के वंचित, शोषित और जरूरतमंद वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। इस मौके पर उन्होंने जिले को विकास की सौगात देते हुए करोडों रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने गौ संरक्षण, कानून व्यवस्था, विकास योजनाओं और शरणार्थी परिवारों के मुद्दों पर सीधे जनता से संवाद किया। उन्होंने



■ योगी ने 1645 विस्थापितों को परिवार कृषि भूमि का मालिकाना अधिकार दिया

कहा कि वह 4 वर्ष पहले यहां के पूर्व सांसद सर्वेश कुमार के साथ सभा की थी, लेकिन आज वे हमारे बीच नहीं हैं, पर उनके पुत्र और यहां के विधायक सुशांत सिंह जनता की सेवा कर रहे हैं। इस क्षेत्र में हमने पाकिस्तान से आए विस्थापितों को उनके जमीनी अधिकार सौंपें हैं, जो 1947–48 में कट्टरपंथी पाकिस्तानियों ने उनकी संपत्ति पर कब्जा कर लिया गया था, उन्हीं विस्थापितों को आज कृषि भूमिका मालिकाना हक प्रधान किया गया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जो विस्थापित शेष बचे हैं, उनको अगले चरण में जमीन का मालिकाना हक देने का काम भी करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के कुछ मुल्ला व मौलवी गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग कर रहे हैं। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि गाय हमारी माता है। जन्म जन्मान्तर का नाता है। मां पुत्र के बीच में कुछ घोषणा की आवश्यकता होती है क्या? तुम्हारी सोच ही पशुवत है, जो तुम माता को पशु कहते हो। गाय हमारी माता है। यह हमारे संस्कार में है। बकरीद पर हमने खुद देखा की बहुत से बधाई देने में गौ माता का चित्र लगा रहे थे। उन्हें जानकारी होनी चाहिए कि गौ वध पर क्या सजा हो सकती है। मुख्यमंत्री ने गाय तो स्वघोषित राष्ट्र माता है, उसे घोषित करने की कोई आवश्यकता ही नहीं है। इसी प्रकार गंगा भी हमारी माता है। हमारे सारे संस्कार गंगा के सानिध्य में ही संपन्न होते हैं। क्या यह कोई बताने की आवश्यकता है की गंगा हमारी मां है। मुख्यमंत्री ने कट्टरपंथियों को आडे. हाथों लेते हुए कहा कि पाकिस्तान से आए विस्थापितों के बारे में आज तक किसी मौलवी ने कोई भी आवाज नहीं उठाई, जबकि कट्टरपंथियों ने पाकिस्तान में हिन्दुओं की संपत्तियों पर कब्जा किया।

# भारत-म्यांमार सम्बन्धों को नयी गति सम्पर्क व सहयोग बढ़ाने पर सहमति

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत और म्यांमार ने आर्थिक एवं सुरक्षा सहयोग तथा संपर्क सुविधाओं के विस्तार पर सहमति व्यक्त की है। आधारभूत परियोजनाओं को लागू करने तथा व्यापार एवं द्विपक्षीय सहयोग में बढ़ोतरी का भी फैसला किया गया है। इसके साथ ही पड़ोसी देश की ओर से आश्वासन दिया गया है कि भारत के सुरक्षा हितों के खिलाफ उसकी भूमि का उपयोग नहीं होने दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग के बीच सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। चर्चा में व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, विकास सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और क्षेत्रीय स्थिति पर विचार-विमर्श किया गया। दोनों देशों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा, कृत्रिम



बुद्धिमत्ता और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।

राष्ट्रपति ह्लाइंग 30 मई से 3 जून तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। अप्रैल 2026 में पद संभालने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। मूल रूप से उन्हें ह्यइंटरनेशनल बिग कैट एलायंसह्ल शिखर सम्मेलन में भाग लेना था, लेकिन सम्मेलन स्थगित होने के बाद इस अवसर का उपयोग द्विपक्षीय वार्ता के लिए किया गया। म्यांमार के राष्ट्रपति के साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है। इसमें पांच कैबिनेट मंत्री, तीन उपमंत्री और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। वार्ता के बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंत्रालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि दोनों पक्षों ने लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण बताया। इसके तहत कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट को शीघ्र पूरा करने और भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग के कालेवा-यागी खंड के जल्द निर्माण पर भी बल दिया गया। सचिव के अनुसार भारत ने म्यांमार की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अपना समर्थन दोहराया है। वहीं म्यांमार के राष्ट्रपति ने आश्वासन दिया कि म्यांमार की भूमि का इस्तेमाल भारत-विरोधी गतिविधियों के लिए नहीं होगा। उन्होंने कहा कि म्यांमार भारत का पड़ोसी देश है, जिसके साथ 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा साझा होती है। यह भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट', 'एक्ट ईस्ट', 'महासागर' और इंडो-पैसिफिक नीतियों के केंद्र में स्थित है। दिल्ली आगमन से पहले म्यांमार के राष्ट्रपति ने बिहार के महाबोधि मंदिर, महाबोधि धम्मईखा मठ और सुजाता मंदिर का दौरा किया। यह यात्रा दोनों देशों के गहरे बौद्ध, धार्मिक और जन-जन के संबंधों को दर्शाती है।

# ब्रिक्स शहरीकरण फोरम की बैठक 11-12 को

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** ब्रिक्स देशों के 13वें शहरीकरण फोरम की बैठक 11-12 जून को दिल्ली में आयोजित की जाएगी। केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को इसका ऐलान किया। यह कार्यक्रम देश में होने वाली इस साल बिक्स की बैठक के तहत एक प्रमुख मंत्रिस्तरीय कार्यक्रम है, जिसे प्रधानमंत्री के 'मानवता सर्वोपरि' दृष्टिकोण के तहत आयोजित किया जाएगा। ब्रिक्स के मुख्य कार्यक्रम की थीम 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सततता के लिए निर्माण' होगी।




मनोहर लाल ने सोमवार को यहां संकल्प भवन में पत्रकार वार्ता में कहा कि इस बार मंच का विषय 'लोगों के लिए शहर : समावेशी और लचीले शहरी भविष्य के लिए ब्रिक्स सहयोग' है। यह विषय भारत की उस सोच को दर्शाता है जिसमें शहरों की योजना, शासन और विकास में नागरिकों को केंद्र में रखा जाता है। ब्रिक्स देशों में तेज शहरीकरण हो रहा है और सभी को आवास, गतिशीलता, जलवायु जोखिम, नगर निकाय क्षमता, शहरी वित्त और सेवा वितरण जैसी समान चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बार फोरम में समावेशी शहरी विकास, आपदा-रोधी बुनियादी ढांचा, मजबूत नगर संस्थाएं और डिजिटल नवाचार जैसे विषयों पर चर्चा होगी।

मंत्री ने कहा कि इस मंच से साझा नीतिगत समाधान निकलेंगे और ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग मजबूत होगा, ताकि शहर वास्तव में लोगों के लिए हों। उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारत इस अवसर पर ब्रिक्स परिवार के सभी सदस्य देशों का स्वागत करेगा और मिलकर ऐसे शहरों के निर्माण पर काम करेगा जो नागरिकों के लिए सुरक्षित, समावेशी और टिकाऊ हों। दो दिवसीय कार्यक्रम में ब्रिक्स सदस्य देशों के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, नीति-निमार्ता और विशेषज्ञ शामिल होंगे। पहले दिन उद्घाटन सत्र और साझा प्राथमिकताओं पर उच्चस्तरीय बैठक होगी। इसके साथ ही प्रतिनिधियों को दिल्ली में शहरी परिवर्तन के स्थलों का दौरा कराया जाएगा। दूसरे दिन विषयगत पैनल चचार्एं और द्विपक्षीय बैठकें होंगी, जिनमें सदस्य देशों के अनुभव साझा किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि भारत ने पहली बार 2013 में नई दिल्ली में ब्रिक्स शहरीकरण मंच की मेजबानी की थी। इसके बाद 2016 में विशाखापत्तनम और 2021 में वर्चुअल रूप से भारत ने इसकी मेजबानी की।

